e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 329

गुरुवार

05.12.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

प्रभात मंत्र.com prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

समझदार व्यक्ति अपनी समझदारी की वजह से चुप हो जाता है, और मुर्ख को लगता है की मेरे डर की वजह से चुप हो गया है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## 11 दिसंबर से कामगारों को मलेशिया से वापस लाने की प्रक्रिया होगी शुरू

# मुख्यमंत्री की पहल पर स्वदेश लौटेंगे 50 कामगार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड के कामगारों और श्रमिकों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर एक बार फिर विदेश में फंसे 50 झारखण्डी कामगारों को वापस उनके घर और गाँव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी 11 से 18 दिसंबर तक सभी कामगार के झारखण्ड लौट आयेंगे। इसके लिए जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

झारखण्डी कामगारों के मलेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर 2024 को प्राप्त हुई। बताया गया कि कामगारों का चार महीने से वेतन लंबित है उन्हें भोजन की अनुपलब्धता और वतन वापसी की समस्याएं सामने आ रहीं हैं।

मामले की जानकारी जब मुख्यमंत्री को हुई तबतक चुनाव हेतु आचारसंहिता लागू हो गया, इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गई थी, लेकिन चुनाव समाप्त होने और नई सरकार गठन के बाद अब कामगारों के स्वदेश वापसी का रास्ता साफ़ हो गया है। 70 कामगारों में से 50 कामगार झारखण्ड के हैं एवं अन्य दूसरे प्रदेशों के रहने वाले हैं।जानकारी के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट का वेतन तय था, परंतु उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिए जा रहे थे, जिसमें भी कटौती हो रही थी।

भोजन की सुविधा नहीं दी गई और धमकियां भी मिल रहीं थीं । इसको लेकर कामगारों ने मलेशिया पुलिस से शिकायत दर्ज भी की। बाद में कामगारों ने इस मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन श्रम विभाग को भेजा। श्रम विभाग के निर्देशानुसार प्रोटेक्टर ऑफ़ एमिग्रांत, राँची को मामला पत्र राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा प्रेषित किया गया। श्रम विभाग के पहल पर भारतीय दूतावास, कुआलालंपुर द्वारा कंपनी एवं कामगारों को दूतावास के कार्यालय बुलाया गया, जहाँ दोनों पक्षों का सत्यापन किया गया, जिसके फलस्वरूप भारतीय दूतावास ने सभी कामगारों को अपने संरक्षण में रखते हुए कंपनी को बकाया भुगतान करने एवं श्रमिकों के भारत वापसी सुनिश्चित कराने को कहा।

**70**


**कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर 2024 को प्राप्त हुई।**

### सीएम को हाईकोर्ट से मिली राहत, सशरीर पेश होने के आदेश पर लगाई रोक

रांचीः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. मुख्यमंत्री को ईडी के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सशरीर पेश नहीं होना होगा. दरअसल, इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन को 4 दिसंबर को सशरीर पेश होने का आदेश दिया था. इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी. सीएम की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में पक्ष रखा. फिलहाल हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए 16 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख तय की है. अधिवक्ता दीपांकर राय ने ईटीवी भारत को यह जानकारी दी है. उन्होंने बताया हाईकोर्ट ने ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है.

### सीएम से मिले कई दिग्गज व ग्रामीण क्षेत्र के लोग

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी कोल्हान मनोज रत्न चौथे, एमडी जियाडा श्रीमती प्रेरणा दीक्षित, डायरेक्टर एग्रीकल्चर ताराचंद, रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, एसपी सीआईडी पीयूष पाण्डेय, एसपी सीआईडी निधि द्विवेदी, जैप-2 कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा सहित विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, कुमार गौरव ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इधर राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों ने भी सीएम से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों के समस्याओं को सुना एवं उन्हें भरोसा दिलाया कि हमारी सरकार जन समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।





## देवेंद्र फडणवीस होंगे महाराष्ट्र के सीएम, आज शपथ ग्रहण

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को देवेंद्र फडणवीस को दल का नेता चुना गया। विधायक दल की बैठक से पहले कोर कमेटी की बैठक में भी देवेंद्र फडणवीस के नाम पर सहमति बन गई थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी बतौर केंद्रीय पर्यवेक्षक विधायक दल की बैठक में मौजूद रहे। फडणवीस 5 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद फडणवीस ने सभी विधायकों और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। महाराष्ट्र भाजपा के नेता सुधीर मुनगंटीवार ने बताया कि महायुति गठबंधन के नेता बुधवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। कल मुंबई के आजाद मैदान में सीएम का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसके लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के सीएम पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### झारखंड के मंत्रियों का शपथ समारोह आज

**रांची :** झारखंड सरकार में शामिल होने वाले मंत्रियों को आज राजभवन में शपथ दिलाई जाएगी. आज पांच दिसंबर को दोपहर 12ः30 बजे राजभवन स्थित फूलो झानो उद्यान में हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. जानकारी के अनुसार झामुमो कोटे से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक मंत्री बनाए जाएंगे.मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने मंत्रियों की सूची मुख्यमंत्री को सौंप दी है. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार की शाम रांची पहुंचे. रांची पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए हर वर्ग को जगह देने की कोशिश की गई है. इसमें कास्ट, प्रमंडल व जेंडर का भी ख्याल रखा गया है.

## क्विक न्यूज

### संसद में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करे सरकार : शिव महाराज

**वाराणसी :** भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की कामना को लेकर असि घाट पर चल रहे 51 कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीराम कथा में भी बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर संतों ने चर्चा की। संतों ने बुधवार को कथा के बीच संसद में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने की मांग की। कथावाचक शिव महाराज ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार रोका जाय। इसके लिए केन्द्र सरकार को पहल करनी चाहिए। इसके पहले कथा में ज्ञान की गंगा बहाते हुए कथावाचक ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। वह यह नहीं देखते कि पूजा के थाल में क्या रखा हुआ है। वह प्रेम में शबरी के जूठे बेर भी खा लेते हैं।

### विभिन्न प्रदेशों की शिल्प कला व कलाकारी ने महोत्सव की फिजा में भरा इंद्रधनुष का रंग

**चंडीगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में 15 दिसंबर 2024 तक चलने वाले सरस और क्राफ्ट मेले में आने वाले पर्यटकों को इस बार अनोखी शिल्पकला देखने को मिल रही है और यहां पर आने वाले सभी पर्यटक इन सभी शिल्पकारों की शिल्पकला से निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीदारी कर रहे हैं।अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर का तट शिल्पकारों की शिल्पकला से सज चुका है।इस शिल्पकला को देखने वाले दूसरे प्रदेशों के पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी इन शिल्पकला को देखकर हैरान हो रहे हैं। इस महोत्सव में शिल्पकारों की अविश्वसनीय शिल्पकला और हाथ की कारीगरी ने ब्रह्मसरोवर के तट पर लगने वाले सरस और क्राफ्ट मेले की फिजा में इंद्रधनुष के सातों रंगों को एक सूत्र में पिरो कर भरने का काम किया है, जिससे यहां पर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस महोत्सव की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं।

### नीति आयोग ने नई दिल्ली में ट्रेड वॉच क्वार्टरली का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली :** नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए भारत के व्यापार सांख्यिकीय आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले ट्रेड वॉच क्वार्टरली का बुधवार को नई दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोग के सदस्यों डॉ. वीके सारस्वत एवं डॉ. अरविंद विरमानी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।नीति आयोग ने एक बयान में बताया कि व्यापार संबंधी क्षेत्रों पर नजर रखने वाला यह प्रकाशन वैश्विक मांग-आपूर्ति परिप्रेक्ष्य, क्षेत्रीय प्रदर्शन और उभरते व्यापार अवसरों की अंतर्दृष्टि को समाहित करते हुए भारत की व्यापार स्थिति की समग्र तस्वीर प्रस्तुत करता है। वित्त वर्ष 2024-24 की पहली तिमाही के दौरान भारत के व्यापार प्रदर्शन में स्थिरता और मध्यम वृद्धि देखी गई।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित में उठाए मजबूत कदम : नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित में व्यापक काम किए हैं। किसानों को योजनाओं का लाभ मिला है। मंगलवार की रात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से नई दिल्ली तक शताब्दी ट्रेन में सफर के उपरांत नई दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण में केवल अनेक योजनाओं को लागू किया है, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपये वार्षिक मद्द दी जा रही है। इससे किसानों को बीज, खाद खरीदने में मदद मिलती है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $11^0$ |

## 11-12 से बढ़ेगा ठिठुरन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में जैसे ही पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। वैसे ही राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत और अन्य राज्यों में ठंड का असर दिखाई देना शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिक महेश पहलावत का कहना है कि, आने वाले दिनों में पहाड़ों में सघन हिमपात होगा। इसके प्रभाव से उत्तरी-पश्चिमी हवाएं मैदानी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ेगी। उम्मीद की जा रही है कि 11-12 दिसंबर के बाद ये हवाएं शुरु हो जाएगी। इन हवाओं के बाद से ही उत्तर भारत समेत अन्य राज्यों में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ेगा। फिर ये ठंड जनवरी के अंत जारी रहेगी। जबकि इस दौरान उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में बारिश भी देखने को मिलेगी। इससे ठंड में तेजी आने की संभावना है।पहलावत कहते है कि सात-आठ दिसंबर के आसपास जम्मू-कश्मीर के पहाड़ों में पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति बनने की उम्मीद है। इस विक्षोभ का सीधा असर हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन-चार दिनों के बाद दिख सकता है। उत्तर की ठंडी हवाएं तेजी से नीचे की ओर आएंगी और विस्तृत क्षेत्र में फैल जाएंगी। दिल्ली से रांची और रायपुर तक न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है।

## पीएम मोदी ने नौसेना के वीर सैनिकों को किया सलाम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के वीर सैनिकों को सलाम किया. उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुआ कहा,नौसेना दिवस पर हम उन वीर नौसेना कर्मियों को सलाम करते हैं जो अपार साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्रों की रक्षा करते हैं. उनकी प्रतिबद्धता हमारे देश की सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण की गारंटी है. इसके आगे उन्होंने कहा हम भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी गर्व महसूस करते हैं.इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने भारतीय नौसेना के अभूतपूर्व साहस और सामरिक क्षमता की सराहना की. उन्होंने लिखा, यह वह अवसर है जो हमारी नौसेना की अद्वितीय युद्ध क्षमता और उसके बहुपरतीय योगदान को सम्मानित करता है.हमारी नौसेना न केवल समुद्री मार्गो की रक्षा करती है बल्कि विदेश नीति को बेहतर करने, मानवता की मदद देने और बाकी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. भारतीय नौसेना का योगदान न केवल देश की सुरक्षा में है बल्कि यह विदेश नीति को भी सशक्त बनाती है. हमारे समुद्र मार्गो की सुरक्षा से लेकर प्राकृतिक आपदाओं में सहायता, मानवतावादी कार्यों तक नौसेना का योगदान अद्वितीय है. ये दिन नौसेना के बलिदान और उनके अद्वितीय कामों को याद करने का अवसर होता है.

## अमित शाह से मिलीं प्रियंका गांधी वायनाड के लिए मांगा विशेष पैकेज




एजेंसी

**नई दिल्ली :** वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की. यह मुलाकात करीबन 10 मिनट तक चली. इस मुलाकात में प्रियंका गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे वायानाड के लिए 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की विशेष सहायता की मांग की. अमित शाह से मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने बताया कि उनकी केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात अच्छी रही.प्रियंका ने कहा कि उनसे कहा गया है कि गुरुवार शाम तक उन्होंने जिन मांगों को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात की है, उस पर जवाब दिया जाएगा. वायनाड से चुनकर संसद पहुंची प्रियंका गांधी की केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात इस वजह से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पर प्रियंका गांधी केंद्र सरकार की मदद मांगने के लिए पहुंची, तो उस क्षेत्र के लिए जहां की जनता ने उनको सांसद चुनकर संसद तक पहुंचाया है.वायनाड में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी ने वोट मांगते हुए अपील की थी कि जनता अगर उनको सांसद के तौर पर जीता कर संसद भेजते हैं तो उनकी समस्या को उठाया जाएगा.


## आरबीआई ने 5 हजार रुपये तक बढ़ाई यूपीआई लाइट वॉलेट की लिमिट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को मोबाइल फोन के जरिए भुगतान करने वालों को खुशखबरी दी है। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई लाइट वॉलेट लिमिट को 5000 रुपये और प्रति लेन-देन की लिमिट 1000 रुपये तक बढ़ा दिया है। इस कदम का मकसद मोबाइल फोन के जरिए तत्काल भुगतान की प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है।यूपीआई लाइट से पैसे का लेन-देन ऑफलाइन होते हैं। यानी इन लेन-देन में अतिरिक्त सुरक्षा प्रमाण (एएफए) की जरूरत नहीं होती और लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नहीं भेजी जाती।अब तक ऑफलाइन लेन-देन की अधिकतम सीमा 500 रुपये थी और एक भुगतान उपकरण पर कुल ऑफलाइन लेन-देन की सीमा 2000 रुपये थी। आरबीआई ने बुधवार को जनवरी 2022 में जारी ऑफलाइन ढांचे में संशोधन किया था, ताकि छोटी राशि के डिजिट भुगतान को ऑफलाइन मोड में सुगम बनाया जा सके।आरबीआई की एक अधिसूचना में कहा गया, यूपीआई लाइट के लिए बढ़ी हुई लिमिट एक हजार रुपये प्रति लेन-देन होगी और कुल लिमिट 5000 रुपये होगी। इस संबंध में घोषणा अक्तूबर 2023 में की गई थी। ऑफलाइन भुगतान में लेन-देन के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं होती।




## पॉश अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राष्ट्रीय महिला आयोग ने किया स्वागत




एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने पॉश पर सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का तहे दिल से स्वागत किया है। आयोग ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह फैसला भारत में सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनसीडब्ल्यू ने सभी मुख्य सचिवों और राज्य सरकारों को एक पत्र भी भेजा है जिसमें उनसे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सभी क्षेत्रों और कार्यस्थलों में पॉश अधिनियम का सख्ती से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि पॉश अधिनियम को पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ लागू किया जाना चाहिए।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
F Facial weakness Can the person smile? Has their mouth or eye drooped?
A Arm weakness Can the person raise both arms?
S Speech problems Can the person speak clearly and understand what you say?
T Test all Three symptoms
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

# अवैध खनन करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज कर भेजे जेल : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 43 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 32.35 लाख रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया। वहीं कुल 6 प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोडिंग की समस्या को भी रेखांकित करते हुए ऐसे वाहनों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही।

**इंटर स्टेट बॉर्डर पर सीसीटीवी की अधिष्ठापन पर हुई चर्चा**

बैठक में इंटर स्टेट बॉर्डर को अवैध माइनिंग के दृष्टि से सुरक्षित करने को लेकर नाईट विज़न एनेबल्ड सीसीटीवी अधिष्ठापन करने पर भी विचार किया गया।उन्होंने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को अवैध माइनिंग पर लगाम लगाने को लेकर टोल प्लाजा का मदद लेने पर भी बल दिया। इसके साथ हो डीआईओ को माइंस को लेकर नजरी नक्शा बनाने के भी निर्देश दिये।

**जहां भी अवैध बालू उठाव की संभावना, वहां ट्रेंच खोदकर रास्ता को अवरुद्ध करें : उपायुक्त**

बैठक में उन्होंने सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी से कहा कि जहां भी आपके क्षेत्र अंतर्गत अवैध बालू के उठाव संभावना है, वहां ट्रेंच खोदकर उस रास्ते को अवरुद्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रशरों के आस-पास विभिन्न तरह के अवैध गतिविधि पर रोक लगाने पर बल दिया। इस कार्य में उत्पाद अधीक्षक का सहयोग लेने की बात कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डीएफओ, अपर समाहर्ता समेत विभिन्न एसडीओ, एसडीपीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# तोलरा के दो घरो में चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में सोमवार की रात दो घरों चोरी की घटना घटित हुई है. तोलरा गांव निवासी रविरंजन तिवारी ने बताया कि अपने घर में ही सोए हुए थे, रात्रि में ताला तोड़कर चोर सात लाख के सोने का गहना और एक लाख रुपए नकद चुरा ले गए. अहले सुबह जब वे जगे तो ताला टूटा हुआ देखा और पाया कि मां, पत्नी व छोटे भाई की पत्नी का सारा सामान गायब था. वहीं दूसरी चोरी की घटना सेवानिवृत रेलकर्मी नागेंद्र चंद्रवंशी के घर की है. चंद्रवंशी ने बताया कि उनका एक नया घर बेलचांपा में बना है, जिसका सोमवार को गृहप्रवेश था. रात में पूरे परिवार के साथ वहीं रुक गया,जबकि तोलरा वाले घर में ताला लगा हुआ था, जिसे तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है.भुक्तभोगी परिवार की मालकिन मंजू देवी की मानें तो चोर सोने चांदी की जेवर और नकद सहित 32 लाख का सामान चुरा ले गए हैं.इस संबंध में दोनों पीड़ित परिवार ने रेहला थाना में मामला भी दर्ज कराया है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि अभी छूटी पर बाहर आया हूं, लेकिन स्थल निरीक्षण में गए पुलिस पदाधिकारियों के अनुसार दोनों घटनाओं को मिलकर ज्यादा से ज्यादा पांच लाख तक की चोरी हुई होगी. पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## पाटन प्लस टू विद्यालय में राजस्तरीय टीम ने किया निरीक्षण



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन में राज्यस्तरीय टीम ने राष्ट्रीयकृत प्लस टू विद्यालय पाटन का निरीक्षण किया. पूरे राज्य में 9 ऐसे विद्यालय को चिन्हित किया गया, जिन्हें गोल्ड सर्टिफिकेट से नवाजा जाएगा. विभागीय सचिव के निर्देश के आलोक में जिसमें रेंडम वेरिफिकेशन के लिए पूरे राज्य में टीम गठित की गई थी, टीम के द्वारा विद्यालय के प्रार्थना सभा, टेस्ट एसेसमेंट, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, आईडी, एसएमसी, पीटीएम से संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण किया गया. टीम के द्वारा विद्यालय के गतिविधियों से काफी संतुष्ट नजर आए और विद्यालय में सभी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया. जिसकी जानकारी विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने दी है।

# घटिया निर्माण कार्य की जानकारी देते ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड में झगराखांड से बिरसा नगर होते हुए बरवारी तक बन रहे सड़क मे गार्डवाल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया हैं। भवनाथपुर में करीब पांच सड़क मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाया जा रहा है। विभाग व संवेदक की मिली भगत से घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। झगराखांड से बिरसा नगर होते हुए बरवारी तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब छह करोड़ रुपए की लागत से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है. सड़क की लम्बाई 5.800 किमी है। सड़क का शिलान्यास पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने 9 अक्टूबर 24 को किया था। सड़क के किनारे बनायें जा रहें गार्डवाल निर्माण कार्य में वार्ड सदस्य सतेन्द्र यादव, संतोष कोरवा, संजय कोरवा, मिथिलेश यादव, राधेश्याम यादव, परशु यादव, जयनाथ यादव, राजेंद्र कोरवा, विमलेश यादव आदि ने संवेदक पर घटिया निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए बताया कि बन रहें गार्डवाल बगही नाला का मिट्टी युक्त बालू लगाया जा रहा है। इसके अलावा पत्थर को जेसीबी मशीन से डाला जा रहा है जिसके साथ मिट्टी में जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य करा रहे संवेदक को घटिया बालू लगाने से मना किया था, लेकिन कोई असर नहीं हुआ और निरंतर घटिया बालू लगाया जा रहा है। वार्ड सदस्य सतेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सड़क में हमारा जमीन भी गया है, लेकिन इसके बावजूद भी अच्छा काम नहीं किया जा रहा है। सहायक अभियंता निशचल रंजन ने बताया कि घटिया निर्माण कार्य की जानकारी नहीं है. कनियं अभियंता को भेज कर जांच करवाया जायेगा।

# विधायक आलोक चौरसिया ने रबदा व खुरा पंचायत का दौरा कर जनता को धन्यवाद दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने हाल ही में रबदा पंचायत के नेनुवा गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने पाल टोला, चंद्रवंशी टोला, ब्राह्मण टोला, हरिजन टोला और अन्य इलाकों में जाकर जनता से मुलाकात की। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य हाल ही में संपन्न चुनाव में तीसरी बार विधायक चुने जाने पर जनता का आभार व्यक्त करना था। उन्होंने क्षेत्र की जनता का धन्यवाद करते हुए उनके समर्थन को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया और भरोसा दिलाया कि वे उनकी उम्मीदों पर हमेशा खरे उतरने की कोशिश करेंगे। दौरे के दौरान आलोक चौरसिया ने ग्रामीणों के साथ व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। पानी की किल्लत, खराब सड़कों और रोजगार के अवसरों की कमी जैसी समस्याओं को उन्होंने प्राथमिकता के साथ संबोधित करने का वादा किया। चौरसिया ने कहा कि यह जीत जनता के भरोसे और आशीर्वाद की बदौलत संभव हुई है, और वे इस विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में उनका स्वागत बड़े उत्साह के साथ किया गया। लोग फूल-मालाओं के साथ विधायक का स्वागत करने के लिए उमड़े थे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर उनसे खुलकर चर्चा की। आलोक चौरसिया ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और तत्काल कार्यवाही का भरोसा दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास के नए अध्याय लिखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की हर जरूरत को पूरा करना है। इस दौरे के दौरान चौरसिया ने पंचायत के विकास के लिए नई योजनाओं की भी घोषणा की। मौक़े पर उपस्थित मुखिया साधु चौधरी, सिकेंद्र चौधरी, शिवनरायण यादव अशेष चौरसिया, भीष्म चौरसिया, मनोज चौधरी, ज्वाहिर चौधरी, सुधीर चौधरी, रवींद्र चौधरी, बीरेन्द्र चौधरी सहित कई लोग मौजूद थें।

## सिविल सर्जन, पलामू के अथक प्रयास से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में डिजिटल एक्स रे सेवा का हुआ शुभारंभ



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश कुमार, डा मुकेश कुमार सिंह, डा शशि भूषण, डा राकेश रंजन, डा मंजूर आलम चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से डिजिटल एक्स रे सेवा का उदघाटन किया गया, इस सेवा को शुरू कराने के लिए डा अनिल कुमार, सिविल सर्जन पलामू का अथक प्रयास रहा, उनके प्रयास से ही अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में में एक्स रे सेवा को शुरू किया जा सका, इससे अनुमंडल क्षेत्र की बड़ी आबादी लाभान्वित होगी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि डिजिटल एक्स रे सेवा का प्रति एक्स रे प्लेट केवल 70 रुपए रखा गया है, मौके पर विभूति कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सहित कई चिकित्सा कर्मी एवं प्रशिक्षु ए एन एम उपस्थित थे।

## 24 घण्टे के अंदर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने घटना के बाद एसआई नर्मदेश्वर सिंह व पुलिस बल के साथ आज दिन बुधवार को सुबह छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने गिरफ्तार दुष्कर्म के आरोपी को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है।

## भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला महामंत्री ने आपराधिक मामले के दोषियों को चिन्हित कर सजा दिलाने की किया है मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से मिलकर आपराधिक घटनाओं पर ठोस कार्रवाई करते हुये दोषियों को चिन्हित कर सजा दिलाने की मांग किया है। आवेदन में नेताओं ने कहा है कि अनुमंडल मुख्यालय में विगत कुछ दिनों से चोरी, अपराध व हत्या की घटना होने लगी है। 3 दिसम्बर को गोसाईबाग के निकट दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना नगर उंटारी के इतिहास में पहलीबार हुई है। पूर्व में चोरी की अनेकों घटनाएं हुई है, जिसमे अपराधियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है, जिसके कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। आम जनों के साथ साथ व्यवसायियों के बीच भय व्याप्त है और वे अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आवेदन देने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, अशोक पासवान, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास कुमार पांडेय, मुकेश चौबे के नाम शामिल है।

# पूर्व सैनिक कार्यालय में मनाया गया नौसेना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय में बुधवार को नौसेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पण करते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ की गई। मंच का संचालन हवलदार सुधीर सिंह एवं अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक रवि नायक एवं विशिष्ट अतिथि संगठन संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह एवं लोकनाथ केसरी जी रहे। सभी अतिथियों को फुल माला एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नौ सेना से सेवानिवृत अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद मौजुद रहे जिन्हें फूल माला एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया और सभी ने नौसेना दिवस की उन्हें बधाई दी। स्वागत भाषण में लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी अतिथियों, पुर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट एवं स्कूली बच्चों को नौसेना दिवस की बधाई दी। आगे लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी को विस्तार से नौसेना के बारे में बताते हुए इस दिवस की उपलब्धि के बारे में बताया कि 1971 कि भारत पाकिस्तान के युद्ध जो 03 दिसम्बर को पाकिस्तान ने अचानक भारत पर एयर अटेक कर दिया था जिसके जवाबी कार्रवाई में भारतीय नौसेना ने 04 दिसंबर को पाकिस्तान के कराची बेस को आपरेशन ट्राइडेंट के तहत नहस तहस करते हुए नेवल बेस कराची को विध्वंस कर दिया था। इसी दिन के भारतीय नौसेना के पराक्रम और अदम्य साहस के याद गारी में वरिष्ठ अधिकारी के सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि प्रती वर्ष 04 दिसम्बर को नौसेना दिवस मनाया जाएगा। विशिष्ट अतिथि कर्नल संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को इस तरह के कार्यक्रम को और भव्य तरीके से करना चाहिए और सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल करना चाहिए। जिससे उनके अंदर सैनिक बबने का जज्बा पैदा हो। सभी पूर्व सैनिकों को मिल बैठकर पेंशनर का काम या शिक्षा दीक्षा का काम करते रहने का आग्रह किया है। पूर्व सैनिकों द्वारा हुसैनाबाद क्षेत्र के सभी वर्गों को सहयोग देते रहने का भी बात कही। संगठन के संरक्षक एवं समाज सेवी लोक नाथ केशरी जी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि मैं तो सैनिक नहीं हु लेकिन सैनिको के साथ रह कर कार्य क्रमों में भाग्य लेना हमारा स्व भाग्य है मैं हमेशा साथ हु और रहूंगा। मुख्य अतिथि ने रवि नायक ने अनुमंडलीय स्तर पर सैनिक कार्यालय संचालित कर सभी पेंशनरों की समस्यायों का निदान, स्कूली बच्चों को सैन्य संबंधित जानकारी देना काफी सराहनीय कार्य बताया साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक के तरफ़ से जो कुछ भी सहयोग सैनिक कार्यालय के लिए बन सकेगा वो करेंगे । समापन भाषण मे कैप्टन दुखन सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया और आगे भी सभी को इसी तरह सहयोग की अपेक्षा की।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैप्टन दुखन सिंह, कैप्टन आर सी मेहता,सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर, असर्फी पाल अक्षय कुमार सिंह, प्रसाद सिंह, सुबेदार राम टहल मेहता, सुमेर सिंह, यदुनंदन ठाकुर, बिगन चौधरी, गौरी शंकर ठाकुर, सत्यनारायण सिंह, के अलावा बक्सी हाई स्कूल के एन सी सी कैडेट, पत्रकार मिडिया कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 35 वर्षीय व्यक्ति लापता, खोजबीन में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला निवासी रवि कुमार उम्र 35 वर्ष बुधवार की सुबह से अपने घर से लापता है। लापता होने के बाद परिजनों ने सगे संबंधियों सहित सभी जगह पर उनकी तलाश की परंतु अभी तक इनका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। इसके बाद परिजन थक हार कर बुधवार को टिओपी 2 थाना पहुंचे।परिजनों ने टिओपी 2 थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह को बताया कि रवि कुमार बुधवार की सुबह अपने घर से कचरा फेंकने के लिए निकले थे। इसके बाद से वह अपने घर वापस नहीं लौटे है। परिजनों ने बताया कि हम सभी परिवार के लोग सभी जगह पर उनकी तलाश कर चुके हैं।इसके बाद उनका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। परिजनों के बात को सुन कर अनिल सिंह और टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी लापता रवि कुमार की तलाश में जुट गए हैं।वही टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह ने आम जनों से भी आग्रह किया है कि यदि इस व्यक्ति का कहीं भी पता चले तो इसकी सूचना तुरंत शहर थाना की पुलिस को दें।

# आवासीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की हकीकत जानने पहुंचे आयुक्त के सचिव

## घंटी आधारित अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण का आदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण बिजय वर्मा ने पलामू प्रमंडल अंतर्गत लातेहार जिले के राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छीपादोहर एवं राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेंदेहास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इन विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की हकीकत को जाना। साथ ही बच्चों को उपलब्ध होने वाले स्कूल कीट(पाठ्य सामग्री), पोशाक एवं जूते का भी अवलोकन किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के हॉस्टल की व्यवस्था, बेड, बिछावन, तकिया, मच्छरदानी, शुद्ध पेयजल, नास्ता, भोजन की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति, उनके द्वारा अध्यापन कार्य कराए जाने की व्यवस्था, मेन्यू आधारित भोजन दिये जाने की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं की सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा- निदेश दिए। राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छीपादोहर का निरीक्षण के दौरान घंटी आधारित शिक्षक रेशमा कौशर, नंद किशोर कुमार, विजय दशमी बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये। इन अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण का सख्त निदेश देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई के लिए लिखते हुए उनके माध्यम से रिपोर्ट भेजने का सख्त निदेश दिया। साथ ही अध्यापन के समय कक्षा में पढ़ाने के बजाए कॉपी काटते नजर आये घंटी आधारित शिक्षक विक्रम कुमार गौरव एवं अनीस कुजूर को कड़ी चेतावनी देते हुए अध्यापन कार्य कराने का सख्त निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की अवधि में विद्यार्थियों को पढ़ाने के अलावा अन्य कार्य नहीं किये जाएं। उन्होंने विद्यालय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु उनके अभिभावकों से अभिलंब संपर्क स्थापित करते हुए ड्रॉप आउट होने की संभावना से बचाते हुए विद्यालय में उपस्थित कराने एवं उन्हें शिक्षण कार्य से जोड़े रखने का स्पष्ट निदेश दिया गया। उन्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत की। उनके पाठ्य सामग्री पोषाक, जूते आदि का अवलोकन किया। कई विद्यार्थी पूर्ण पोषाक धारण नहीं किये हुए थे। वहीं कई विद्यार्थी चप्पल पहनकर कक्षा में उपस्थित पाये गये। इसपर आयुक्त के सचिव ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को व्यवस्था सुधारने का सख्त निदेश दिया।इधर, अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेंदेहास के औचक निरीक्षण के दौरान मुक्कमल सफाई व्यवस्था नहीं पाई गयी। वहीं शिक्षक नवीन कुमार मेदिनीनगर से आवाजाही करते हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पिछले तीन दिनों से सोलर सिस्टम खराब पड़ा है। इससे बच्चों को पेयजल एवं शौचालय जाने में समस्याएं आ रही हैं। इसके अलावां आवासन एवं कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था में कमी पाई गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी सूचना किसी वरीय पदाधिकारियों को नहीं दी गई है और न ही सोलर सिस्टम बनवाने की कोई ठोस पहल ही की गई है। हॉस्टल एवं कक्षाओं में समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं मिलने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण शौच हेतु विद्यार्थी विद्यालय के बाहर जाने को मजबूर पाये गये। इसपर आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण ने कड़ी हिदायत देते हुए सोलर सिस्टम को शीघ्र ठीक कराने का निदेश दिया। इसके अलावा हॉस्टल में विद्यार्थियों को बिछावन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छ रखने का निदेश दिया। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई सभी सामग्री का रजिस्टर मेंटेन का भी निदेश दिया गया।उन्होंने विद्यालय की कमियों को दूर करने हेतु समयबद्धता के साथ कोई पहल नहीं किये जाने को लेकर प्रधानाध्यापक जीतन मरांडी को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## सोशल जस्टिस से जुड़े नेशनल कॉन्फ्रेंस में ऑनलाइन जुड़े मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार देर रात ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस के तीसरे नेशनल कॉन्फ्रेंस द कास्ट सेंसस, वीमेंस राइट एंड रिजर्वेशन पर आयोजित बैठक में ऑनलाइन जुड़े। तमिलनाडु में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से फेंगल साइक्लोन से पीड़ित और प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा से जंग लड़कर तमिलनाडु शीघ्र सामान्य स्थिति में आए, यही कामना करता हूं। साथ ही कहा कि सामाजिक न्याय, समता और समानता के लिए यह बहुत जरूरी है कि शोषित और वंचित समाज के लोगों को उनका हक-अधिकार मिले। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा और संरक्षण के साथ ही इस लक्ष्य की पूर्ति की जा सकती है।

## महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**रांची :** ओरमांझी लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च ओरमांझी पंचायत चंदरा टोला राउताजरा गांव में महिला समुहों के व्दारा लिंग हिंसा के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान चंदरा पंचायत टोला राउताजरा गांव में यह कार्यक्रम किया गया जेंडर सीआरपी मतिया उरांव के व्दारा किया गया और वार्ड सदस्य आरती देवी भी इस आयोजन में शामिल हुई सभी कोई हाथ में कैंडल पकड़ कर नारे लगाए एक साथ एक आवाज , आवाज दो हम एक हैं बेटियों को खेल खुद में छुट दो लड़कियां को उचित शिक्षा दो इन सभी का नारा लगाते हुए रैली निकाले।

# एचआईएल हॉकी के उद्घाटन के लिए सीएम को किया आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हॉकी के महासचिव भोला सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर रांची में 12 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक आयोजित महिला एवं पुरुष एचआईएल(हॉकी इंडिया लीग) के उद्घाटन एवं समापन के लिए आमंत्रित किया । जिसे वह सहर्ष स्वीकार किए इसके लिए मुख्यमंत्री को बहुत बहुत आभार धन्यवाद। इस एचआईएल का 12 जनवरी 2025 को उद्घाटन कल्पना सोरेन के करकमलों द्वारा किया जाएगा एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण 26 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

## अंजुमन फरोगे उर्दू के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से किया मुलाकात



रांची। अंजुमन फरोगे उर्दू झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान उर्दू से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुआ। ज्ञात हो कि अंजुमन फरोगे उर्दू प्रांतीय स्तर पर एक पंजीकृत संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य उर्दू के प्रचार-प्रसार के अलावा बच्चों में उर्दू के प्रति प्रेम विकसित करना है । मैट्रिक और इंटर स्तर के साथ-साथ प्राथमिक स्तर पर भी सम्मान समारोह इस संगठन का मुख्य कार्य है । प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित भी बात की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी और उर्दू अकादमी का गठन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को कुछ उर्दू किताबें भी भेंट कीं एवं शॉल और मोमेंटो देकर उन्हें बधाई दी। मौका पर दानिश अयाज, सरफराज इमाम, मो वसीम अकरम, सरफराज कादरी, मुकर्रम हयात, शोएब अख्तर आदि मौजुद थे।

# सुजीत सिन्हा गिरोह का अपराधी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की 22 नवंबर को ओरमांझी थाना अंतर्गत ड्हु स्थित फटाई प्लॉट चिड़ियाघर के बगल में संजीव जायसवाल के साथ जावेद और आजाद कम कर रहे थे तभी दो अज्ञात अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा व्यक्ति के द्वारा अचानक पिस्टल से फायर करना शुरू कर दिया। जिसमें पहली गोली जावेद अंसारी के दाहिने घुटने पर लगी और वह गिर पड़ा । इसके बाद दूसरा व्यक्ति आजाद अंसारी के पेट पर छूता हुआ दाहिने हाथ में लगी। वह भी घायल हो गया । हालांकि अभी दोनों की हालत में सुधार है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए टीम गठित की थी। जिसमें ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में सिल्ली




डीएसपी अनुज उरांव एवं ओरमांझी थाना प्रभारी शामिल थे। इस घटना में सम्मिलित कौन-कौन लोग है तो पता चला कि सुजीत सिन्हा गैंग के सरगना के सहारे पर घटना को अंजाम दिया गया है। तकनीकी शाखा की मदद लेते हुए सुजीत सिन्हा गिरोह के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

उससे पूछताछ की गई जिसमें संलिप्ता स्वीकार की है। गिरफ्तार किया हुआ युवक का नाम जिशान शेख है और वह कांके सुकुरहुट्टू का रहने वाला है। इस पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज है । जिसमें पिपरा थाना, कांके थाना, चैनपुर थाना आदि । इस मामले में एक महिला का भी नाम आ रहा है। पुलिस अपने स्तर से पता लग रही और इस घटना में कौन-कौन लोग शामिल है, सभी पर पुलिस लगातार नजर बनाए हुए। इस छापेमारी में सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव, ओर मांझी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार महतो, सतीश कुमार , नीतीश कुमार शामिल थे।

## उपायुक्त मंजूनाथ भंजंत्री ने राजभवन जाकर राज्यपाल से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची उपायुक्त बनाए जाने के बाद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज्यपाल से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। बता दें चुनाव से पूर्व मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव आयोग ने ट्रांसफर कर इनकी जगह वरूण रंजन को रांची डीसी का पदभार सौंपा था। वहीं चुनाव पूर्ण होने के उपरांत वापस भजंत्री को रांची डीसी के पदभार पर बुला लिया गया। पुनः पदभार ग्रहण करने के बाद भजंत्री ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ दिया।

# सिद्धों-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ को लेकर डीसी ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष-2023-24 में लैंप्स पेक्स में 500मेगा टन क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए स्थल चयन, सिद्धों कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, रांची के निदेशक पार्षद एवं जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति (सहकारिता), डीडीसी की तृतीय, बैठक आयोजित करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों से एजेंडावार समीक्षा करते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

संबंधित वनोपजों के उत्पादन स्थलों के चिन्हितीकरण हेतु निर्देश

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज




जिला सहकारी संघ, लि0. रांची के निदेशक पर्षद के बैठक में कृषक हित में ईमली, चिरौंजी एवं अन्य लधुवनोपज हेतु इंटीग्रेट प्रोसेसिंग यूनिट के अधिष्ठापन का कार्य संबंधित लघुवनोपज उत्पादन क्षेत्र में ही स्थापित करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। जिसके लिए संबंधित वनोपजों के उत्पादन स्थलों के चिन्हितीकरण हेतु निर्देश दिया गया। उनके द्वारा इन वनोपजों से संबंधित छोटे-छोटे ईकाईयों की स्थापना हेतु निर्देश दिया गया।

## झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए मुख्यमंत्री, दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व जस्टिस एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले, जल-जंगल-जमीन के रक्षक, महान आदिवासी योद्धा जननायक टंट्या भील की शहादत दिवस पर उन्हें याद किया। साथ ही अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रतीक देश के वीर जांबाज नौ सैनिकों और उनके परिवारजनों समेत समस्त देशवासियों को भारतीय नौसेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## विशेष शिविर लगाकर मईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरवाए हेमंत सरकार : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मईयां सम्मान योजना में व्याप्त लापरवाही की ओर आज हेमंत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। मरांडी ने कहा कि पिछले दो दिनों से धनवार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहा हूं ।इस दौरान धनवार प्रखंड के कोड़ाडीह, जगदीशपुर समेत एक दर्जन से भी ज़्यादा अन्य गांवों की अधिसंख्य महिलाओं ने अपनी समस्याओं को साझा किया। अधिकांश महिलाओं ने बताया कि वे मईयां सम्मान योजना के लाभ से वे अब तक वंचित हैं। कई पात्र महिलाओं के फॉर्म भरे ही नहीं गए हैं, जिसके



कारण उन्हें योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। मईयां योजना के भुगतान में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। कहा कि इसके अतिरिक्त, वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन भी कई महीनों से लंबित है। राशन वितरण में भी भारी अनियमितता की शिकायतें मिली हैं। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से अनुरोध है कि धनवार विधानसभा क्षेत्र समेत राज्य के दूसरे इलाक़ों में भी विशेष शिविर का आयोजन कर मंईयां सम्मान योजना से वंचित सभी महिलाओं के फॉर्म भरे जाएं और उन्हें योजना का भुगतान ससमय प्रदान किया जाए। कहा कि इसके साथ ही, लंबित पेंशन और राशन का अद्यतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि महिलाओं को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े।मरांडी ने कहा कि इस काम में आपको जहॉं कहीं भी उनकी या भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग की ज़रूरत होगी तो हम सभी हाजिर रहेंगे।

# रांची : दुकान में लगी आग, मची अफरा तफरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रांची। रांची के मेन रोड स्थित कोतवाली थाना अंतर्गत एस एन गांगुली व लालजी हिरजी रोड जो भीड़ भाड़ वाली गली है और इस तंग गली में सैकड़ों दुकानें एक दूसरे से सट कर लगी है, इसी दुकान के सटे मद्रास कैफे के बगल वाली एक बैटरी की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से आसपास के और दुकानों में भी आग लग गई । बताया गया कि करीब बारह दुकानों को नुक्सान हुआ है। आग लगने से पूरी गली में




अफरा तफरी मच गई । घटना करीब 10-15 के आसपास की बताई जा रही है । पुलिस प्रशासन पहुंच चुक कर फायर ब्रिगेड को बुलाया,तब तक आसपास के लोग आग बुझाने में जुट चुके थे। वही जब फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची बहुत देर बाद आग बुझाने में सफल हुई । आग की लपटे और धुआं उठते देख आस पास के दुकान दार और कई अपार्टमेंट में रहने वाले दहशत में आ गये । प्लाई दुकान में आग लगने से धुआं चारों ओर फैले गया । क ई दुकान के शटर बंद थे लेकिन आग अंदर ली चुकी थी, शटर तोड़ कर आग बुझाने का काम किया गया। इसी मार्ग से छात्र छात्राएं स्कूल और कालेज के लिए भी जा रहे थे सभी को परेशानी हुई। किस तरह दुकान में आग लगी है यह पता नहीं चल सका है। अनुमान के अनुसार काफी नुकसान लाखों से ऊपर होने की संभावनाएं हैं, लेकिन अभी तक इस मामले में एफ आई आर दर्ज नहीं किया गया है ।

# सड़क दुर्घटना में वार्ड पार्षद की पुत्री गंभीर रूप से हो गई घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी बरियातू स्कूल से टेम्पो से लौटने के क्रम में एक चारपहिया वाहन ( संभवतः स्कोडा गाड़ी )ऑटो से लौटने के क्रम में बरियातु रोड स्थित सैनिक हाल के पास धक्का मार कर भाग निकला। लोगों के सूचना पर तत्काल रिम्स में भर्ती कराया गया था एवं बेहतर इलाज के लिए अभी देवकमल हॉस्पिटल में इलाजरत है। सुकृति को सिर में,आंखों के पास, पैर एवं हाथ में गंभीर चोट लगी है। टेंपू में सुकृति के अलावा और चार लड़कियां बैठी थी जिसे मामूली चोट आई उन सभी को रिम्स में प्रारंभिक इलाज कर छोड़ दिया गया। मारने वाले वाहन का अभी तक पता नहीं चल पाया। रिम्स में उन्हें देखने भाजपा रांची महानगर के जिलाध्यक्ष वरुण साहु, निवर्तमान जिलाध्यक्ष के.के गुप्ता ,मुकेश शाहू, प्रेम कुमार, शशि सिंह, रणधीर सिंह, दिनेश कौतुक,अनिल कुमार, मुन्ना सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। दूरभाष पर केन्द्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सी पी सिंह ने कुशलक्षेम जाना।

## फडणवीस को महाराष्ट्र विधायक दल का नेता चुने जाने पर दी बधाई

**रांचीः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फडणवीस महाराष्ट्र को विकास एवं उन्नति के शिखर पर ले जाएंगे। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आदि शामिल हैं।

# अनधिकृत निर्माण करने वाल भवन मालिकों के खिलाफ निगम करेगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम रांची ने अनधिकृत निर्माण और स्वीकृत नक्शे के अनुरूप कंसट्रक्शन नहीं करने वाल भवन मालिकों और बिल्डरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने जा रही है। इन मालिकों और बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। निगम ने झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 432 के तहत कुल 34 रूफटॉप संचालकों को नोटिस भेजा है।

**कई प्रतिष्ठानों पर आरोप**

रांची नगर निगम की ओर से जारी नोटिस में बताया गया है कि



अभियंता द्वारा प्रस्तुत चल जांच प्रतिवेदन के आधार पर अनधिकृत निर्माण के मामले दर्ज किये गये हैं। इस कार्रवाई में अशोक नगर स्थित नोटिस जारी किया गया है।

**कार्रवाई के लिए अंतिम मौका**

निगम ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि संबंधित भवन मालिकों और बिल्डरों को 5 दिसंबर 2024 को अपर नगर आयुक्त के कोर्ट में स्वयं या अपने अधिवक्ता के जरिये हाजिर होकर अपना पक्ष रखने का आखिरी मौका दिया गया है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, शहर की संरचना और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य में न्यूनतम तापमान गिरने से बढ़ी ठंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में दिन-प्रतिदिन ठंड बढ़ रही है। स्थिति ये है कि अब लोगों को दोपहर में भी ठंड का एहसास हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान में हल्की सी गिरावट देखने को मिलेगी, जिससे अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड ज्यादा लगेगी। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, बुधवार के बाद से कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री गिर सकता है। बुधवार को संताल परगना के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री के बीच रह सकता है जबकि राजधानी और उसके आस पास के जिलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रह सकता है। इस कारण लोगों को अन्य दिनों की मुकाबले अधिक ठंड लगेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि चार से सात दिसंबर तक पारा दो से चार डिग्री गिरेगा। उन्होंने बताया कि 7 दिसंबर से बादल रहने की संभावना है। आठ और नौ दिसंबर को राज्य



के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। 10 दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है। 10 से आसमान साफ होने पर सुबह में कोहरा होगा, इससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।

**इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि चार से सात दिसंबर तक पारा दो से चार डिग्री गिरेगा।**

## श्री कृष्ण प्रणामी के सौजन्य से सद्गुरु कृपा अपने आश्रम में गर्म वस्त्रो का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परमहंस डाज़्संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ राँची में एमआर एस श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शाखा सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में बुधवार दिनाक 04 दिसम्बर 2024 को बिलासपुर निवासी रमन निकिता अग्रवाल राँची के निर्मल शोभा जालान की बेटी दमाद एवं उनके परिवार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 42 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच ठण्ड के मौसम को देखते हुए उनी इनर (गर्म गंजी) एव फल में केला और सेव का वितरण किया।ठंड के मौसम में उनी इनर(गंजी) एव फल मिलने से सभी कोई बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थें।सभी ने रमन निकिता निर्मल शोभा जालान एवं ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया।सेवा के महान कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ;सुरेश चौधरी, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी,विशाल जालान,पवन पौदार,ओमप्रकाश सरावगी महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, संतोष देवीअग्रवाल, कबिता चौधरी, अमिता जालान, कविता चौधरी इनके अलावा भी और बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## चेंगाईडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 का सफल आयोजन



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चेंगाईडीह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 का सफल आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक इरफ़ान अंसारी के नेतृत्व और देखरेख में परीक्षा का संचालन किया गया। विद्यालय में शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें कक्षा 6 के सेक्शन ए और बी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान ऑब्जर्वर के रूप में इरशाद अहमद उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने बच्चों के साथ पहुंचकर परीक्षा प्रक्रिया का अवलोकन किया। उनकी निगरानी में सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हुईं। राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन और उनकी बौद्धिक क्षमता का आकलन करना है। प्रधानाध्यापक इरफ़ान अंसारी ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी परीक्षा के दौरान पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार ने योगदान दिया। इस अवसर पर स्थानीय अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जामुनियाचक में किया गया पौधारोपण



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जामुनियाचक में आज पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदानंद मंडल ने किया। पौधारोपण के दौरान प्रधानाध्यापक सदानंद मंडल ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर फलदार और छायादार पौधे लगाए गए, जिनकी देखभाल के लिए सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई।प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी सिखाने का प्रयास है। स्थानीय लोगों ने विद्यालय के इस कदम की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया।

## पिपरवार के विस्थापित ग्रामीणों ने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न गांव के विस्थापित ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पिपरवार एरिया अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सोपा।सौपें गए ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में संचालित निजी कंपनियों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की मांग की गई है।ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र मे संचालित राजधर साईडिंग मे संचालित प्राईवेट कम्पनी सहित भूमिगत खदान,सोलर प्लांट मे संचालित प्राइवेट कंपनी सहित क्षेत्र में संचालित ट्रांसपोर्ट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की मांग की गई है।इस संबंध में कासिम उर्फ मुन्ना ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रबंधन को 17 दिसंबर तक समय दिया गया है।यदि तय समय के अंदर प्रबंधन द्वारा वार्ता कर बेरोजगार युवकों को रोजगार नहीं दिलाता है तो 18 दिसंबर से पिपरवार क्षेत्र मे बंदी की जाएगी।उन्होंने कहा कि हम लोगों की जमीन पर प्रबंधन कोयला खनन का काम कर रही है,जिसमें निजी कंपनियों के द्वारा बाहरी लोगों को काम पर रखा जा रहा है,जबकि स्थानीय लोग रोजगार के लिए दर-दर को भटकने के लिए मजबूर है।

# पिपरवार मे अज्ञात अपराधियों ने कोल वाहन में लगाई आग, जांच मे जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर बीती रात अज्ञात अपराधियों ने एक कोल वाहन में आग लगा दी।यह घटना बीते आधी रात्री को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया।इस घटना मे कोल वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से जलकर राख हो गया है।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार एनटीपीसी चट्टी बरियातु से पिपरवार के बचरा रेलवे साईडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य मे लगे हाईवा डम्पर जेएच 02बीएस-0392 चट्टी बरियातू से कोयला लेकर बचरा रेलवे साईडिंग आ रहा था।इसी बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा किशोर गैरेज के पीछे डीजी सेट के समीप ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर बाईक सवार आये अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने कोल वाहन को रोका और चालक के साथ मारपीट कर उसे भगा दिया,जिसके बाद अपराधियों ने डीजल टंकी तोड़कर तेल छिड़ककर कोल वाहन में आग लगा दिया।

इस दौरान अपराधियों ने हवाई फायरिंग भी की ओर सभी अपराधी जंगल की ओर भाग गए।इधर घटना की सूचना पाकर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार,पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सहित सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।साथ ही अग्निशामक वाहन को बुलाकर आग को बुझाया।काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।इस घटना के बाद कोल वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। घटना के बाद पुलिस के द्वारा आग लगाने वाले अपराधियों की धर पकड़ के लेकर इलाके मे छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इधर घटना के बाद इलाके मे दहशत का माहौल है।कोल ट्रांसपोर्टर से लेकर कोयला ढुलाई मे लगे हाईवा डम्पर के चालको मे डर व भय देखा जा रहा है।सूत्रो के मुताबिक पुरा मामला लेवी व रंगदारी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। लेवी की मांग को लेकर अपराधियों के द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही है।

# पिपरवार के होशिर एंव बचरा बस्ती के लोग जहरीले राख की ढुलाई से परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती एवं होशिर गांव के लोग इन दोनों फ्लाई एश जहरीले राख की ढुलाई से काफी परेशान है।जहरीले राख की ढुलाई होने से पूरा गांव प्रदूषण की चपेट में आ गया है।लोग को घर के बाहर के अलावा घरों में भी परेशानी हो रही है।जहरीले राख की ढुलाई होने से उक्त सड़कों पर जगह-जगह फ्लाई एश की परत जमा हो गई है जो प्रदूषण बनाकर लोगों के घरों एवं दुकानों तक पहुंच रहा है।इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात होने के साथ ही बचरा बस्ती होते हुए होशिर के रास्ते जहरीले राख की ढुलाई मे लगे वाहनों का परिचालन काफी तेज गति से हो रहा है।जहरीले राख ढुलाई के दौरान सड़को के कई जगहो पर राख की परत जमा हो रही है,जो सूखने के बाद प्रदुषण बनकर लोगों के घरों एवं दुकानों में पहुंच रहा है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है।वही तेज गति से जहरीले राख ढुलाई के दौरान दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले यह मार्ग काफी जर्जर था, लेकिन लोग शांति से रहते थे,लेकिन जब से सड़क बनी है तब से कोल वाहन एंव जहरीले राख की ढुलाई होने से लगातार इस मार्ग पर सड़क दुर्घटना हो रही है जिससे आम जनता को काफी नुकसान पहुंच रहा है।बचरा उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया महेन्द्र कुमार महतो ने बताया कि कोल वाहन से जहां सड़क दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है तो वहीं अब जहरीले राख ढुलाई से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण से लोग काफी परेशान हैं। प्रदूषण के कारण गांव की हरियाली भरा वातावरण समाप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सभी ग्रामीण गोलबंद हो रहे हैं और ग्रामीणों के द्वारा कभी भी इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जा सकता है।उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस पर ठोस पहल करने की मांग की है।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी द्वारा हेल्थ कैम्प-सह-ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने को लेकर किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूंटी :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में हेल्थ कैम्प-सह-ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अनुमंडल कार्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता भूमि सुधार उप समाहर्ता-सह-प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी खूँटी अरविंद कुमार ओझा ने की।

बैठक में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने भाग लिया और आगामी कार्यक्रमों की योजना पर चर्चा की। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों में हेल्थ कैम्प-सह-ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने की तिथियों का निर्धारण किया गया। हेल्थ कैम्प-सह-ब्लड डोनेशन कैंप की शुरुआत 9 दिसंबर 2024 को रनिया प्रखंड से होगी, जिसके पश्चात 10 दिसंबर 2024 को तोरपा प्रखंड में, 11 दिसंबर 2024 को कर्रा प्रखंड में, 12 दिसंबर 2024 को मुरहू प्रखंड में, 13 दिसंबर 2024 को अड़की प्रखंड में और 14 दिसंबर 2024 को खूँटी प्रखंड में आयोजित होगी। कैम्प का समय पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। भूमि सुधार उप समाहर्ता अरविंद कुमार ओझा ने कहा कि इस तरह के आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने में सहायक होंगे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह कैंप जिले के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

## कोयलांचल के पब्लिक रूट पर नो एंट्री की मांग को लेकर स्कूली बच्चों ने किया विरोध प्रदर्शन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के पब्लिक रूट से हो रहे कोल वाहनों के परिचालन एवं जहरीले राख की ढुलाई के कारण आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। कोल वाहन एवं जहरीले राख की ढुलाई होने से जहां एक और दुर्घटना से लोग अपनी जान गंवा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रदूषण की चपेट में ग्रामीण इलाकों के लोग आ रहे हैं।यही कारण है कि अब बड़ों से लेकर बच्चों ने भी इसके खिलाफ आंदोलन करने का मन बना लिया है।बुधवार को स्कूली बच्चों ने स्कूल में पढ़ाई छोड़कर नो एंट्री लगाने की मांग को लेकर आक्रोश रैली निकाला।इस दौरान जमकर स्कूली बच्चों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार शिशु विद्या निकेतन बिलारी के सैकड़ो स्कूली बच्चों ने हाथ में बैनर पोस्टर लेकर विरोध मार्च किया और स्थानीय पुलिस प्रशासन से पब्लिक रूट पर सख्ती के साथ नो एंट्री लागू कराने की मांग की।इस दौरान स्कूली बच्चों ने नो एंट्री लागू करो, सड़क दुर्घटना से हम सभी को बचाओ,प्रदूषण जैसी समस्या से निजात दिलाओ जैसे कई प्रकार के नारे भी लगाया।इस संबंध में स्कूली बच्चों ने बताया कि सुबह जब घर से स्कुल आने और दोपहर मे जब स्कुल से घर जाते है तो सड़को पर काफी तेज रफ्तार से कोल वाहनो का परिचालन होता है,जिससे काफी डर लगा हुआ रहता है।बच्चों ने बताया कि जहरीले राख की ढुलाई होने से हम सभी के घरो मे प्रदुषण एंव धुल गर्द से परेशान है।आखिर कब तक हम सभी बच्चे डर कर स्कूल आना-जाना करेंगे। पुलिस अंकल को इस और गंभीर होकर ध्यान देने की जरूरत है।बच्चों ने एक स्वर में कहा कि यदि इसके बाद भी पब्लिक रूट पर नो एंट्री लागू नहीं होती है तो आने वाले दिनों में सभी बच्चे सड़क पर बैठकर ही अपनी पढ़ाई करेंगे।इधर स्कुल के शिक्षक व स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि बीते 29 नवम्बर की रात कारो कॉलेज के समीप कोल वाहन से दीपक उरांव नामक युवक की मौत हो गई थी,जिसके बाद सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में पब्लिक रूट पर ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे थे। करीब 50 घंटे के बाद समझौता वार्ता हुई थी, जिसमें प्रशासन के द्वारा मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा के साथ पब्लिक रूट पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक नो एंट्री लगाने का आश्वासन दिया गया था।लेकिन नो एंट्री लगने के बावजूद कोल वाहनों का परिचालन खुलेआम हो रहा है,जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ शिक्षकों ने भी पुलिस प्रशासन से कल्याणपुर, बहेरा,कारो,किचटो,कारो, बिलारी,चिरैयांटांड़ सहित ग्रामीण इलाको के सड़को पर सख्ती के साथ नो एंट्री लगाने की मांग की,साथ ही नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले कोल वाहनों पर कड़ी कारवाई करने की मांग की है।

## ट्रक मालिक और लिफ्टरों के बीच हुई बैठक में भाड़ा बढ़ोतरी का निर्णय



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुरी परियोजना से कोयला का उठाव अब ट्रक मालिक भाड़ा बढ़ोतरी के साथ करेंगे। यह निर्णय बुधवार को चुरी में हुई ट्रक मालिक और कोयला लिफ्टरों के बीच हुई बैठक में लिया गया। जिसकी अध्यक्षता विकास कुमार दुबे ने की। बैठक में ट्रक ओनर एसोसिएशन खलारी के अध्यक्ष तनवीर आलम सहित कई ट्रक मालिक और लिफ्टर मौजूद थे। बैठक में निर्णय के अनुसार बढे हुए भाड़ा से कोयला का उठाव करने, ट्रक मालिकों को नगद भाड़ा का भुगतान करने, कोयला उठाव में लोकल गाड़ियों को अनिवार्य रूप से लगाने पर सहमति बनी। ट्रक मालिक और लिफ्टरो के बीच यह भी निर्णय लिया गया कि यदि इस सहमति के बाद भी कोई लिफ्टर काम भाड़ा पर गाड़ी लगाता है तो उसके काम को रोक दिया जाएगा। बैठक की संचालन भोला पांडे ने किया। इस मौके पर नागेश्वर महतो, सुनील सिंह, राजा खान, सोनू पांडे, अशोक महतो, भोला पांडे, विकास कुमार दुबे, गुड्डू गिरी, राजेश्वर प्रसाद, गौतम थापा, अशोक मिस्त्री, विक्की सिंह, कन्हैया झा, सूर्यकांत तिवारी, अमित कुमार यादव, फिरोज अंसारी, राजू साव, मृत्युंजय साहू, सचिन कुमार, नसीम अहमद, प्रेम कुमार ठाकुर, रंजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# परिमल मंडल की कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती : डॉ. इरफान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने कांग्रेस के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता परिमल मंडल के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। परिमल मंडल के हार्ट अटैक से निधन की खबर सुनते ही डॉक्टर अंसारी ने अपनी दिल्ली यात्रा को तुरंत रोक दिया। उन्होंने इमरजेंसी लैंडिंग करवाई और देर रात दुर्गापुर के हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने परिमल मंडल जी के परिजनों से मुलाकात की और उनके दुख में सहभागी बने।डॉ. अंसारी ने कहा, ÷परिमल मंडल जी न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए एक मजबूत स्तंभ थे, बल्कि जामताड़ा के हर व्यक्ति के दिल में उनके प्रति विशेष सम्मान था। उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी। विधायक डॉ इरफ़ान अंसारी ने यह भी बताया कि दो दिन पहले ही वह परिमल मंडल से मिले थे और उनके स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह आश्वस्त थे। लेकिन अचानक हुई इस घटना ने उन्हें और पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। परिमल मंडल जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए विधायक जी इस गमगीन मौके पर अपने आंसू रोक नहीं सके।परिमल मंडल के निधन से जामताड़ा और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। गोरायनाला मोड़ और मिहिजाम-जामताड़ा सड़क मार्ग पर उनके योगदान की यादें हमेशा बनी रहेंगी।कांग्रेस पार्टी के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। जामताड़ा कांग्रेस परिवार और विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने परिमल मंडल जी के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया है।अपने भाई परिमल मंडल के खोने के गम में विधायक इरफान अंसारी खुद को रोक नहीं पाए और फूट-फूटकर रो पड़े। विधायक जी का यह रूप देखकर वहां उपस्थित लोग भी अपना दर्द नहीं छुपा सके।विधायक डॉ इरफ़ान अंसारी ने कहा, ÷मेरे कदम से कदम मिलाकर चलने वाला परिमल मंडल आज हम सभी को छोड़कर चला गया। उसकी कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। मेरे विधायक बनने में परिमल मंडल की बहुत बड़ी भूमिका रही है, जिसे मैं आजीवन नहीं भूल सकता। आज जब मैं फिर से विधायक बना हूं, तो परिमल मुझे छोड़कर चला गया। परिमल जैसा व्यक्ति बहुत कम होते हैं, जो निस्वार्थ रूप से दिन-रात की परवाह किए बिना कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम किया। मैं शत-शत नमन करता हूं ऐसे व्यक्तित्व के धनी इंसान को।

### शाहदाब अंसारी ने परिमल मंडल के निधन पर जताया गहरा दुख

**नाला :** शाहदाब अंसारी ने कांग्रेस के नेता परिमल मंडल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि परिमल मंडल एक सच्चा नेता था और उनके चले जाने से बहुत दुःख है।उन्होंने कहा कि परिमल मंडल एक ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, मजदूरों और आम जनता के लिए बहुत काम किया था।उनकी मृत्यु से कांग्रेस पार्टी और समाज को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।उन्होंने कहा कि परिमल मंडल एक सच्चे नेता थे जिन्होंने अपने जीवनकाल में कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।उनकी मृत्यु से हमें बहुत बड़ा धक्का लगा है। हमें उम्मीद थी कि वह हमारे साथ और भी लंबे समय तक रहेंगे।लेकिन अब वह हमारे बीच नहीं हैं। उनकी यादें हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी।

## सेंट एंथोनी विद्यालय में रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ पर पुस्तक प्रदर्शनी लगाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** सेंट एंथोनी विद्यालय परिसर में बुधवार को रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर श्री रामकृष्ण-विवेकानंद वेदांत पुस्तक प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन किया गया। इस बिक्री शोरूम के माध्यम से रामकृष्ण-विवेकानंद वेदांत साहित्य, उपनिषद, गीता आदि जैसे धर्मग्रंथों और आध्यात्मिक जीवन, धर्म, योग, ध्यान, एकाग्रता, इच्छा-शक्ति, मन पर नियंत्रण, तनाव मुक्ति, मूल्य शिक्षा, व्यक्तित्व विकास से संबंधित पुस्तकें का विक्रय किया गया । मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने श्री रामकृष्ण-विवेकानंद वेदांत पुस्तक प्रदर्शनी सह बिक्री समारोह के सभी आयोजन-कर्ता को अभिनंदन तथा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने %मनुष्य निर्माण% पर बहुत जोर दिया, जिसका तात्पर्य था कि पुरुष और महिला दोनों को शक्ति, निडरता, खुद पर विश्वास जैसे गुणों से संपन्न होना चाहिए और उनका नैतिक चरित्र मजबूत होना चाहिए, जिससे वे मनुष्य कहलाने के योग्य बन सकें। उनके द्वारा लिखे गए साहित्य से मानव जाति को एक दृढ़ नैतिक और आध्यात्मिक आधार प्रदान करता है।स्वामी विवेकानंद हमें शैक्षणिक दक्षता के साथ-साथ रचनात्मक तथा उद्देश्यमुखी जीवन जीने का सही मार्ग दिखाता है। साथ ही विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख-2024 परीक्षा का सफल संचालन हुआ। उक्त परीक्षा में सर्वेक्षण कक्षा 3 व 6 से 30-30 विद्यार्थी गण सम्मिलित हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में सीएम ऑफ़ एक्सीलेंस +2 गर्ल्स हाई स्कूल जामताड़ा में कार्यरत शिक्षक गौरांग चटर्जी के देखरेख में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय की निदेशक डॉ चंचल भंडारी ने कहा कि यह सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के मूल्यांकन से संबंधित मापदंड स्थापित करना है। यह सर्वेक्षण न केवल बच्चों की दक्षता का आंकलन करेगा, बल्कि राज्यों की शैक्षणिक रैंकिंग में भी

**COURT NOTICE**

समक्ष,

COURT OF MISS ILL KANDPAL, C.J.J.D. - I at RANCHI

Original Suit Case no. - 292/2021

सागर कुमार ................ वादी

बनाम

ज्योति कुमार वगैरह .............. प्रतिवादी

नोटिस बनाम :-

(1) ज्योति कुमार पिता स्व० लखन मिस्त्री

(2) अमर कुमार पिता स्व० लखन मिस्त्री

दोनों निवासी कुम्हार टोली, संग्राम चौक, जिला रांची (झारखण्ड)

(3) श्रीमती पूनम देवी पति विरेन विश्वकर्मा निवासी केन्दुआ बाजार, धनबाद (झारखण्ड)

(4) श्रीमती सीमा देवी पति अजीत विश्वकर्मा निवासी टाटा रेलवे स्टेशन, कोल पहाड़, जमशेदपुर (झारखण्ड)

बजरिये इस प्रकाशन नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध उपरोक्त मूल वाद दायर किया गया है, जिसमें आपको सामान्य एवं पंजीकृत डाक द्वारा सम्मन निर्गत किया जा चुका है। इसके बावजूद भी आप न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब तहरीर नहीं दिए है। इसलिए इस प्रकाशन नोटिस के माध्यम से पुनः आपको सूचित किया जाता है। कि दिनांक ..2/1/25..... को समय 10:00 AM बजे दिन में मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखे, अन्यथा अनुपस्थिति मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक ...02....... माह ....12...... सन् 2024 ई० को मेरे आदेशानुसार निर्गत किया जाता है।

ADDITIONAL MUNSIF RANCHI CIVIL COURT RANCHI

हस्ताक्षर ACJJD-I 02/12/24

## कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025 के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ( केएमएएमसी/ कोटक म्यूचुअल फंड) ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में आगे वाले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं। रिपोर्ट में 5 प्रमुख थीम पर प्रकाश डाला गया है जो 2025 में बाजारों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई अब से दिसंबर 2025 के बीच दरों में 50-75 बीपीएस की कटौती कर सकता है। वित्तीय वर्ष 2026 के लिए केंद्र और राज्य का संयुक्त घाटा 7 फीसदी के करीब रहने की उम्मीद है, जिससे 2026 में भारत की रेटिंग में सुधार हो सकता है। अनुकूल मैक्रोइकोनॉमिक स्थितियां, रेटिंग में संभावित सुधार, संतुलित डिमांड-सप्लाई और ब्याज दरों में कटौती से 10 साल की गवर्नमेंट सिक्योरिटीज का यील्ड घट सकता है, जो अभी 6.25 फीसदी से 6.50 फीसदी के बैंड में ट्रेड कर रहा है। यह बाजार के मौजूदा माहौल में स्थायी रिटर्न चाहने वालों के लिए फिक्स्ड इनकम इन्वेस्टमेंट को एक आकर्षक विकल्प बनाता है।

## डुमरिया में निशक्त की मदद को आगे आए युवा नेता उदय मुर्मू



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया प्रखंड धोलाबेड़ा पंचायत अंतर्गत चटानीपानी टोला जोजोगोडा के रेन्टा मुर्मू लंबी बीमारी के कारण चलने फिरने में असमर्थ हैं। विगत कई वर्षों से इस हालत में हैं। बैंक पास बुक नहीं होने से सरकारी लाभ से वंचित हैं। झामुमो के युवा नेता उदय मुर्मू ने बुधवार को भागाबांदी स्थित बैंक की शाखा में खाता खुलवाया। साथ ही तुरंत सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्थानीय विधायक व पदाधिकारियों से सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उदय मुर्मू ने बताया कि निशक्त रेंटा मुर्मू को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## डुमरिया में किसानों को उन्नत बीज का प्रमुख ने किया वितरण



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया प्रखंड के स्वर्गछिड़ा में बुधवार को प्रखंड के किसानों को उन्नत किस्म के दलहन बीज का वितरण प्रखंड कृषि विभाग के द्वारा प्रमुख गंगामनी हांसदा के हाथों किया गया। आत्मा परियोजना के अंतर्गत चना, सरसों और मसुर की बीज दिए गए। किसान मित्र नंदलाल हेंब्रम ने बताया कि धान के फसल उठने के बाद किसान दलहन की खेती कर सकते हैं। किसानों को उन्नत किस्म के बीज विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर एटीएम रसराज महतो, किसान मित्र नंदलाल हेंब्रम, तरनी सेन साव, नित्यानंद साव, दिलीप हेंब्रम समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को एसएस प्लस टू हाइस्कूल पटमदा में तंबाकू नियंत्रण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम से आये तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार मौसमी चटर्जी एवं सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन कुमार ने स्कूली बच्चों को तंबाकू पदार्थ से दूर रहने एवं उनके दुष्परिणामों को विस्तार से पीपीटी के माध्यम से बताया। इसके बाद विद्यार्थियों में तंबाकू नियंत्रण पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप टी-शर्ट, कॉपी, कलम आदि देकर प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार के हाथों सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार, विज्ञान शिक्षक राशीद नेसार, श्रीमंत प्रमाणिक, तुलसी महतो एवं डाक्टर प्रमाणिक आदि मौजूद रहे।

## गुड़ाबांदा को 4 विकेट से हराकर बोड़ाम ने खोला जीत का खाता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहरागोड़ा के वीणापानी स्टेडियम में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को आयोजित 17वां विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग चरण का दूसरा मैच गुड़ाबांदा और बोड़ाम प्रखंड की टीम के बीच खेला गया। बोड़ाम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुड़ाबांदा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट खो कर 140 रन बनाई। बोड़ाम टीम के गेंदबाज विष्णु सहिस और पार्थ गोप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। बोड़ाम के खिलाड़ियों ने 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जगदीश के 32, कंचन के 30 और पार्थ के 37 रनों की शानदार पारी की बदौलत 24.2 ओवर में 6 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। इसी के साथ ही बोड़ाम टीम ने अपने पहले लीग मैच की जीत के साथ विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया। इस मैच के अंपायर अशोक कुमार कर, शंकर पॉल और स्कोरर मनोज पाठक थे।

# जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने पुरीधाम में की महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की शानदार जीत के बाद विधायक पूर्णिमा साहू ने बुधवार को अपने परिवार के संग ओड़िसा की पावन धरा पुरीधाम पहुंचकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के दर्शन और पूजन किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर जमशेदपुरवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि और क्षेत्र की प्रगति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की जनता ने जो अपार स्नेह और आशीर्वाद उन्हें दिया है, उसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगी। विधायक ने कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना है वे मुझे जनता की सेवा में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर राज्यपाल रघुवर दास, उनकी धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, विधायक पूर्णिमा के पति ललित दास आदि शामिल थे।

## एमजीएम अस्पताल में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया भोजन का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा भोजन वितरण का हिस्सा बन समाजसेवी नेहाल नासिर, तरुण कुमार चौहान और भरत लाल ने मंगलवार को अपने हाथों से एमजीएम अस्पताल में भर्ती मरीजों के रिश्तेदार, अटेंडर, अभिभावक के बीच रात्रि का भोजन वितरण किया। जिसमे मुख्य रूप से सेब, केला, ब्रेड, फरूट केक एवं बच्चों के लिए चॉकलेट बांटा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर मौजूद नेहाल नासिर, तरुण कुमार चौहान एवं भरत लाल ने इस अवसर पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस किया और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों की काफी सराहना की। उन्होंने इस प्रकार से जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाकर बहुत प्रसन्नता का इजहार किया और उन्होंने वादा किया कि आने वाले समय में मैं भी ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों में एक सदस्य के हैसियत से खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, मुख्तार आलम खान, शाहिद परवेज, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, हाजी मोहम्मद व अयूब अली मौजूद थे।

## सड़क निर्माण की मांग पर बांसतोला के ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से करीब 4 किमी दूर स्थित लावा पंचायत के बांसतोला के ग्रामीणों ने बुधवार को जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के पटमदा प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू को एक ज्ञापन सौंपकर बांसतोला से सालबनी तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार करीब ढाई किमी सड़क में से एक किमी से अधिक रैयती जमीन है जो दर्जनों लोगों ने दान में देने के पश्चात श्रमदान करते हुए चलने लायक बनाया है। अगर इस सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग से होता है तो ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में लोगों को सालबनी जाने के लिए 7 किमी दूरी तय करना पड़ता है इसलिए यह सड़क बनना जरूरी है। विधायक प्रतिनिधि ने आश्वासन देते हुए कहा कि विधायक मंगल कालिंदी से इस संबंध में बात हो चुकी है और अगले वित्तीय वर्ष तक सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने के साथ ही काम शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से माझी बाबा विभूति हांसदा, प्रधान हांसदा, राजू हांसदा, प्रदीप हांसदा, धर्मू हांसदा, बीरबल हांसदा, भांदा हांसदा, रासु मुर्मू, बाबूलाल हांसदा व कृष्ट तंतुबाई आदि शामिल थे। गांव के माझी बाबा विभूति हांसदा ने बताया कि विधायक मगंल कालिंदी के प्रयास से करीब एक साल पूर्व पटमदा बस्ती से बांसतोला होते हुए पोकलाबेड़ा तक सड़क की मरम्मत सह सुदृढ़ीकरण कार्य के साथ ही कन्याडूबा नाला में पुलिया का निर्माण कार्य संपन्न होने से ग्रामीणों को काफी फायदा हो रहा है।

## हाथी ने फिर तोड़ा दो दुकान का शटर और दरवाजा, दहशत में लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुकडु :** पिछले कुछ दिनों से लगातार कुकडु प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न गांवों में हाथी द्वारा लोगों की फसलें, मकान आदि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पूरे प्रखंड में अभी धान कटनी तथा धान झाड़ाई का काम चल रहा है। कड़ी मेहनत के बाद फसल तैयार हुई है, जिसमें भी कुछ दिन पूर्व अचानक मौसम के बदलाव के कारण हल्की बारिश से किसान भयभीत हो गए थे। जिससे कुछ हद तक फसलों को नुकसान पहुंचा है और बाकी बचे हुए फसल किसान किसी तरह से अपने घर तक ला रहे हैं तो उसमें भी हाथियों द्वारा गांवों तक पहुंच कर क्षति पहुंचाई जा रही है। प्रखंड के सभी किसान मूल रूप से विभिन्न प्रकार की सब्जियों और धान की खेती पर ही आश्रित हैं। मंगलवार की रात को पारगामा गांव के प्रकाश प्रमाणिक तथा सदानंद सेन की किराना दुकान के दरवाजा को नष्ट कर दिया। सदानंद सेन ने बताया कि बीती रात करीब एक बजे एक गजराज आया और उनकी दुकान में लगा हुआ शटर को नष्ट कर दिया। जिस कारण से शटर पूरी तरह से फंस गया है जबतक मिस्त्री द्वारा इसको खोल के दोबारा से नहीं लगाया जाता दुकान खोलना भी संभव नहीं है। यह दुकान ही उनकी आजीविका का जरिया है। शाम होते ही पूरे क्षेत्र में भय का माहोल बना रहता है। कोई भी आदमी घर से बाहर निकलने में अपने को बहुत ही असुरक्षित महसूस करते हैं। वर्तमान में हाथी पश्चिम बंगाल के जंगल में जाकर रहते हैं और शाम होते ही कुकडु प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घुस जाते हैं। खेत में रखे हुए धान सब्जी आदि को भी खा रहे हैं तो कहीं रौंदकर नष्ट कर देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग को अपनी टीम भेजकर बचाव हेतु विशेष उपाय करना चाहिए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर महिला इंटक, झारखंड की ओर से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महिला इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह के निर्देशानुसार कोषाध्यक्ष रिंकू रॉय के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में 60 से अधिक महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर रिंकु रॉय ने कहा कि लैंगिक हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह के सशक्त नेतृत्व में महिला इंटक इस तरह के भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ाई जारी रखेगी। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमती रॉय ने कहा कि यह सिर्फ एक जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का प्रयास है। उन्होंने महिलाओं से किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न का सामना करने से नहीं डरने और अपने अधिकारों के लिए आगे आने की अपील की। इस मौके पर देविका सिंह के सामाजिक योगदान और महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। बताया गया कि उनके नेतृत्व में महिला इंटक झारखंड ने लैंगिक हिंसा के खिलाफ कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महिला शक्ति जिंदाबाद का नारा बुलंद करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस मुहिम को आगे बढ़ाने का समर्थन करते हुए इसे एक नई दिशा देने का वादा किया।

## पटमदा प्रखंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का चयन, 7 को पहला मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा के मैदान में जेएससीए की पटमदा शाखा कमेटी की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पटमदा प्रखंड क्रिकेट टीम का पुनर्गठन करते हुए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में कप्तान मानस, उप कप्तान प्रीतम सरकार, अभिजीत दत्त, कपिल, जयंत दत्त, पिंटू माझी, पीयूष दत्त, विश्वजीत महतो, सुमन महतो, प्रदीप, शुभम नाग, राहुल दास, सौमिक मंडल, प्रदीप महतो, ज्योति महतो, मंगल मंडल, विवेक दत्त, मृणाल गोराई व आशीष ओझा समेत 20 युवा खिलाड़ी शामिल हैं। मौके पर जेएससीए के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप बेसरा, सदस्य मोहम्मद महमूद, विक्की कुमार आदि मौजूद थे। बताते हैं कि विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत 7 दिसंबर को पहला मुकाबला बोड़ाम प्रखंड टीम के साथ होगा।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जोगा इंटर-स्कूल हैंडबॉल टूर्नामेंट शुरू



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहुप्रतीक्षित जोगा इंटर-स्कूल हैंडबॉल टूर्नामेंट बुधवार को प्रतिष्ठित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ। शुक्रवार तक तीन दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में दो श्रेणियों सीनियर लड़के और लड़कियां तथा जूनियर लड़के और लड़कियों में 29 टीमें उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। सुबह 9 बजे आयोजित भव्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुकुल विनायक चौधरी ने कार्यक्रम का आधिकारिक उद्घाटन किया। उनके साथ जोगा के उपाध्यक्ष फिरोज खान और झारखंड राज्य हैंडबॉल संघ के महासचिव खुर्शीद खान भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा कि यह युवा एथलीटों के बीच खेल भावना और टीम वर्क को बढ़ावा देने का एक मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारे युवाओं को अनुशासन और खेल के प्रति जुनून को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे भविष्य के चैंपियन की नींव रखी जाती है। जोगा इंटर-स्कूल हैंडबॉल टूर्नामेंट एक हॉलमार्क इवेंट बन गया है, जो पूरे क्षेत्र के स्कूलों से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। अगले तीन दिनों में, टीमें अपने-अपने वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें हाई-ऑक्टेन मैच और अविस्मरणीय क्षण होने का वादा किया गया है। छात्रों के बीच खेल और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध जोगा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट हैंडबॉल के प्रति जुनून को जगाएगा और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को पोषित करेगा। यह टूर्नामेंट एक रोमांचक तमाशा होने का वादा करता है और खेल प्रेमियों को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लाइव एक्शन देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## युवा प्रत्येक सप्ताह समाज को दो घंटे समर्पित करें, सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी : आकाश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** वैश्विक स्तर पर स्वयं सेवा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय वालेंटियर्स दिवस के रूप में सृजित कार्यक्रम इस वर्ष समावेशी भविष्य के लिए स्वयंसेवी थीम के साथ मनाया जा रहा है। इसी के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय सिजुलता के पूर्व छात्र युवा स्वयंसेवी व ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन, झारखण्ड राज्य प्रभारी आकाश महतो द्वारा वालेंटियर्स दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने वोलेंटियर्स के महत्व और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस दुनिया के किसी भी कोने पर स्वयंसेवा से जुड़े लोगों को उनके योगदान को मान्यता तथा सम्मान दिलाने का सराहनीय प्रयास है। इसके माध्यम से स्वयं सेवकों को सराहना तथा उनके कार्य को प्रोत्साहन प्रदान कर उनके निस्स्वार्थ समर्पण को वैश्विक पहचान दिलाने का अवसर मिलता है। कहा कि वर्तमान समय में स्वयंसेवकों ने कोविड जैसी महामारी में अपने आपको और सुदृण किया है। वे समाज की समस्याओं को दृष्टिगत करते हुए प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य, शिक्षा में सुधार या फिर स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी मदद आदि स्तर पर सरकार के संकटमोचक के तौर पर उभर कर सामने आए हैं। वे एनजीओ, सामुदायिक परियोजना आदि के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव के साथ-साथ सामाजिक एकता लाते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार का प्रयास कर रहे हैं। युवा स्वयंसेवी आकाश महतो ने अपने क्षेत्र के युवाओ को स्वयं सेवा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर सप्ताह दो घंटे समाज को समर्पित जरूर करें इससे आपको सकारात्मक ऊर्जा भी मिलेगी।

## स्टारबक्स ने जमशेदपुर में खोला पहला स्टोर, टाटा नगर की समृद्ध विरासत की दिखेगी झलक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में स्टारबक्स ने अपने पहले स्टोर का उद्घाटन किया है। शहर का यह पहला स्टोर यहां का दिल कहे जाने वाले कदमा इनर सर्किल जीटी हॉस्टल नंबर एक के सामने में खोला गया है। इसके उद्घाटन के अवसर पर टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टारबक्स के सीओओ अद्रित मिश्रा, स्टारबक्स कॉफ़ी एम्बेसडर, एपीएसी एंड चाइना विभोर मिश्रा एवं टाटा स्टारबक्स और टाटा स्टील की टीम मौजूद थे. ग्लोबल कॉफी कल्चर की पहचान के साथ ही इस स्टोर को बहुत खूबसूरती के साथ समकालीन डिजाइन में सजाया गया है, जिसमें कुछ ऐसी खूबियों को भी शामिल किया गया है, जिनसे जमशेदपुर की समृद्ध विरासत का अनुभव होता है। टाटा नगर की विरासत को अपने अंदर समेटते हुए यह स्टोर एक ऐसी जगह बनकर सामने आने के लिए तैयार है, जहां कॉफी के एक कप के साथ रिश्ते बुने जाते हैं। जमशेदपुर में इस स्टोर के उद्घाटन के मौके पर टाटा स्टारबक्स के सीईओ सुशांत दाश ने कहा, 'भारत की औद्योगिक धरोहर और टाटा स्टील की गौरवशाली विरासत के प्रतीक जमशेदपुर में अपना पहला स्टोर खोलते हुए हमें बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है। यह नया स्टोर उन लोगों तक स्टारबक्स को पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिन्होंने राष्ट के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस स्टोर के साथ हमारा उद्देश्य है कि हम अपनी पहचान बने 'थर्ड प्लेस' को जमशेदपुर तक लाएं। यहां लोगों को एक ऐसी जगह मिलेगी, जहां वे एक-दूसरे से जुड़ पाएंगे और साथ एक कप कॉफी के साथ यहां के अनूठेपन का आनंद ले सकेंगे। इस स्टोर की लॉन्चिंग को लेकर टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टी. वी. नरेंद्रन ने कहा, 'जमशेदपुर में टाटा स्टारबक्स के पहले स्टोर का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह इस शहर की जीवंत पहचान को नई ऊंचाई देगा। हमें विश्वास है कि यह एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी भावनाओं को साझा करने और वर्ल्ड-क्लास कॉफी एक्सपीरियंस पाने के लिए लोगों का पसंदीदा ठिकाना बनकर सामने आएगा।

## सोनारी की जन समस्याओं पर संज्ञान की जरूरत : सुधीर कुमार पप्पू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बुधवार को जिले के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, धालभूम एसडीओ, जेएनएसी के पदाधिकारी एवं टाटा स्टील को ज्ञापन सौंपकर सोनारी वासियों की तरफ से निवेदन किया है कि सोनारी इलाके को सुंदर, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में सोनारी वैसे तो बहुत ही स्वच्छ और व्यवस्थित जगह है, पर कुछ वर्षो से पूरे सोनारी इलाके को वैशाली और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से हर सड़क को अतिक्रमण कर दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसके चलते आम जनों को काफी असुविधाएं परेशानी और दिक्कतें होती हैं। टाटा स्टील और जेएनएसी दोनों अपनी तरफ से प्रयास करते हैं रोड चौड़ीकरण करने का, पर कुछ ही दिनों मे उसमें फिर से अतिक्रमण हो जाता है। चारों तरफ ठेला खोमचे वाले लोग मनमानी तरीके एवं दबंगता पूर्वक सड़क को अतिक्रमित करके खुलेआम अपना व्यवसाय चलाते रहते हैं। जमशेदपुर का प्रशासन टाटा स्टील और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अधिकारी इन सभी बातों से अवगत होने के बावजूद इस विषय पर कोई सख्त कदम नहीं उठा रहे हैं।इन्हीं सब ठेलों में असामाजिक लोगों के द्वारा नशीली प्रदार्थ का व्यापार और सेवन होते रहता है, जिसे भी आम जनों को खास करके महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मनचले युवक नशे की हालत में आते जाते महिलाओं से अभद्र व्यवहार भी करते हैं। सोनारी एयरपोर्ट चौक से शुरू करके सोनारी पुराना थाना लाइन नर्स क्वाटर चौक। सोनारी कागल नगर राम मंदिर चौक से शुरू करके मोनी बाबा मंदिर चौक तक सड़क को अतिक्रमण कर ठेला और दुकान लगाया जाता है। सामान खरीदने वाले लोग अपनी वाहन दुकान के सामने ही लगा देते हैं जिससे सड़क और संकीर्ण हो जाता है जिससे आने जाने वाले लोगों को बहुत ज्यादा ही असुविधा होती है और सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है एवं आम जनों के द्वारा विरोध करने पर मारपीट की संभावना बनी रहती है। सोनारी में ऐसे कुछ पक्की दुकानें भी हैं, जो अतिक्रमित जमीन पर निर्मित है जो कि दबंग लोग प्रभावशाली लोगों के इशारों पर खरीद बिक्री कर सरकार की आंखों में धूल झोंक कर कालाबाजारी का खेल खेल रहे हैं। एरोड्रम बाजार एवं गुदरी बाजार खरीद बिक्री चरम सीमा पर होने से ग्रामीण क्षेत्र से आए सब्जी विक्रेता सड़क पर ही बैठकर धंधा करने से सड़क का अतिक्रमण होना स्वाभाविक है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# खेलने की उम्र में ब्याह

**इक्कीसवीं** सदी के भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। दरअसल, यह शुरुआत उन राज्यों को लेकर की गई है, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यतः नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान बाल विवाह उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयास किए गए। हालिया बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत से पहले भी सरकार ने इस दिशा में पहल की थी। इससे पहले वर्ष 2006 में बाल विवाह कानून में सुधार किया गया। इसमें लड़कों के विवाह की उम्र 21 व लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष कर दी गई थी। वहीं वर्ष 2021 में राजग सरकार ने 2006 के कानून में सुधार करके लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव किया था। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट भारत में 40 फीसदी के करीब लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में विवाह होने की बात कहती है। वहीं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हर रोज चार हजार से अधिक बाल विवाह होने का उल्लेख करते हैं। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में असम सरकार की सफलता का अकसर जिक्र होता है, जहां आंकड़ों में तेजी से गिरावट आई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक बाल विवाह की दर को पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। निस्संदेह, बाल विवाह जहां बच्चियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, वहीं उनकी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को भी कमतर करता है। इससे जहां लड़कियों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, वहीं उनके शोषण का भी खतरा रहता है। पढ़ाई बीच में छूट जाने से उनके सपने मर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कम उम्र में शादी और बच्चे होने से उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरी पढ़ाई न होने तथा नौकरी न कर पाने की स्थिति में वे आर्थिक रूप से पतियों पर आश्रित हो जाती हैं। जिससे उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। जिसके चलते अकसर भावनात्मक विभेद का सामना भी करना पड़ता है। बाल विवाह का होना यह भी बताता है कि हमारे समाज में अभी दहेज प्रथा का दबाव कम नहीं हुआ है। जिससे बचने के लिये अभिभावक तुरत-फुरत अल्पवयस्क लड़कियों की शादी कर देते हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी कि सिर्फ कानून बनाने से ही इस कुरीति पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता, समाज में जागरूकता लाने के लिये भी राष्ट्रव्यापी अभियान चलाना होगा।


भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। दरअसल, यह शुरुआत उन राज्यों को लेकर की गई है, जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है।


### बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है

# प्रदूषण से बढ़ती मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?

ललित गर्ग


प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, नीतियों, और प्रदूषण को कम करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है। यह त्रासदी 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को हुई थी। इस त्रासदी में ज़हरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं।


**प्रदूषण** के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद, प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, नीतियों, और प्रदूषण को कम करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है। यह त्रासदी 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को हुई थी। इस त्रासदी में ज़हरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश एवं दुनिया की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। प्रदूषण के कारण जल, भूमि, और वायु प्रदूषित होता है, जिससे मौतें होती हैं, प्रदूषण से जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्मा इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियों ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके।



दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ति होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है।

हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं। चिंता की बात यह है कि मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है।

दृष्टि कोण

# व्यवस्था में पारदर्शिता से दूर होगा कुपोषण

**हाल** ही में इंडियन कौंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनामिक रिलेशंस द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि देश पीडीएस के तहत भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकारों द्वारा आपूर्ति किए गए अनाज का 28 फीसदी इच्छित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाता है। यानी सालाना करीब दो करोड़ टन अनाज का लीकेज होता है। अर्थव्यवस्था को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इस वजह से सालाना करीब 69 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का आर्थिक नुकसान होता है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र सरकार का खाद्य सब्सिडी बिल 2.05 लाख करोड़ रुपये का है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2016 से राशन की दुकानों में पाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों की शुरुआत से लीकेज में कमी आई है। वर्ष 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति ने कहा था कि पीडीएस व्यवस्था में करीब 46 फीसदी लीकेज है। यद्यपि इस समय इस लीकेज में कमी आई है, लेकिन यह अभी भी काफी अधिक है। ऐसे में जरूरी है कि पीडीएस के लिए बेहतर निगरानी और संरचनात्मक सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। देश में गरीबों पर केंद्रित लक्षित पीडीएस की शुरुआत जून, 1997 में हुई है। इस समय दुनिया में भारत सबसे बड़ी सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली के लिए जाना जाता है। देश भर में मौजूदा पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाता है। खासतौर से सितंबर, 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के पारित होने के साथ ही पीडीएस व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। यह अधिनियम देश की 67 फीसदी आबादी को अपने दायरे में लेता है। सरकार के द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान वंचित वर्गों के पात्र लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अतिरिक्त अनाज दिया जाने लगा है और तब से लगातार अब तक केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत देश के 81.35 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मुहैया करा रही है। सरकार ने वर्ष 2028 तक इस योजना का लाभ सुनिश्चित किया है। देश में कमजोर वर्ग के लोगों को व्यवस्थित रूप से निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किए जाने में पीडीएस की अहम भूमिका है। इससे गरीबी में कमी आ रही है। कई प्रमुख वैश्विक संगठनों के द्वारा उनकी रिपोर्टों में भारत में बहुआयामी गरीबी घटाने में 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने और उससे गरीब वर्ग की उत्पादकता बढ़ने के निष्कर्ष भी दिए गए हैं। अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्टिट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबों की उत्पादकता वृद्धि, तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। लेकिन अभी भी कमजोर वर्ग तक निःशुल्क गेहूं और चावल के अलावा पोषण युक्त श्रीअन्न यानी मिलेट्स की उपयुक्त आपूर्ति न होने से करोड़ों लोग पोषण सुरक्षा के मद्देनजर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2024 में भारत 127 देशों में 105वें नंबर पर है। लेकिन भारत के लिए अभी भी हंगर इंडेक्स का स्कोर 27.3 है जो गंभीर बना हुआ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा जारी रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत में करीब 74 फीसदी लोगों को पोषण युक्त आहार नहीं मिल पाता है। निश्चित रूप से देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण, इच्छित लाभार्थियों तक इसकी उपयुक्त पहुंच और पोषण युक्त खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करने के मद्देनजर देश की पीडीएस व्यवस्था पर नए सिरे से विचार करना होगा।

कुछ अलग

# ज़हरीली प्राणवायु

**राजधानी** दिल्ली व एनसीआर में अनियंत्रित वायु प्रदूषण को लेकर देश की शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार व पुलिस को फिर फटकार लगायी है। कोर्ट ने नाराजगी जतायी कि वायु गुणवत्ता की बेहद गंभीर स्थिति होने पर सुधार हेतु ग्रैप-4 लागू करने में कोताही बरती जा रही है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार व पुलिस को आड़े हाथों लिया कि क्यों रोक के बावजूद दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश जारी है। कोर्ट ने दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश की निगरानी को तेरह वकीलों को नियुक्त किया, जो सोमवार को अपनी रिपोर्ट देंगे। कोर्ट ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को सख्ती से ग्रैप-4 की व्यवस्था लागू करने को कहा। अदालत का कहना था कि सभी राज्यों का दायित्व है कि नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। दरअसल, न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ग्रैप-4 व्यवस्था लागू करने की खामियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बात पर विश्वास नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। अदालत ने केंद्र सरकार से दिल्ली में प्रवेश के 113 स्थानों पर निगरानी के लिये पुलिस कर्मियों की तैनाती को कहा, इनमें प्रवेश के तेरह मार्ग ट्रकों के लिये हैं। दरअसल, अदालत ने दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले राज्य हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश सरकारों को 18 नवंबर को निर्देश दिया था कि ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधों के क्रियान्वयन के लिये तुरंत टीम गठित की जाए। कोर्ट ने सख्ती से पाबंदियां लागू न किये जाने पर नाराजगी जतायी। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के गंभीर से अधिक के स्तर पर पहुंचने पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-4 लागू किया गया था। जिसके अंतर्गत ट्रकों व भारी वाहनों के दिल्ली में प्रवेश व सार्वजनिक निर्माण पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी। प्रश्न है कि क्यों हमारी सरकार जन-स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में तब तक सोयी रहती है, जब तक कि पानी सिर के ऊपर से न गुजरने लगे। क्यों हर साल शीर्ष अदालत को सरकार, पुलिस व पर्यावरण संरक्षण हेतु बनी संस्थाओं को नींद से जगाना पड़ता है? क्यों अदालत पहले आदेश दे और फिर उसके क्रियान्वयन की निगरानी करे? क्यों सरकारें आग लगने पर कुंआ खोदने की फितरत से बाज नहीं आती। अदालत ने कहा कि हर नागरिक को स्वच्छ हवा देना सरकारों का दायित्व है तो क्या सरकारें जिम्मेदारी निभा रही हैं? सर्दी की दस्तक देते ही हर साल अक्तूबर-नवंबर में प्रदूषण संकट पैदा होता है, फिर भी सारे साल प्रदूषण को काबू करने के उपया क्यों नहीं किए जाते? क्यों प्रदूषण संकट गंभीर स्थिति में पहुंचने के बाद सरकारें हाथ-पैर मारना शुरू करती हैं? कल्पना कीजिए श्वसनतंत्र व दमा जैसे रोगों से ग्रस्त लोग इस भयावह प्रदूषण संकट से कैसे जूझ रहे होंगे? विडंबना ही कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसे परिवेश-पर्यावरण छोड़ेंगे। सवाल हवा का ही नहीं, पानी पर भी बड़ा संकट है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने नासा व जर्मनी के उपग्रहों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिंता बढ़ाने वाला खुलासा किया कि वर्ष 2014 के बाद से स्वच्छ जल के स्तर पर अप्रत्याशित गिरावट देखी गई है। निश्चित रूप से इस स्थिति के लिये हम सब सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। पानी के अंधाधुंध उपयोग, वन क्षेत्रफल का संकुचन और इंसान की अंतहीन लिप्साओं व वाहनों के दबाव ने धरती का जैसे तापमान बढ़ाया है, उसने पानी की वाष्पन की गति तेज कर दी है।

देश दुनीया से

# जलवायु संरक्षण की आधी-अधूरी कोशिशें

**बाकू** में संपन्न जलवायु वार्ता का नवीनतम दौर (कॉप-29) एक विवादित समझौते के साथ समाप्त हुआ। उम्मीद थी कि इसमें मुख्य विषय जलवायु सुधार के वास्ते वित्तीय प्रबंधन पर केंद्रित रहेगा। यह संदर्भ स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषण को लेकर है ताकि जलवायु परिवर्तनों पर लगाम लग पाए और सुधार कार्य अपनाए जाएं। दशकों से, विकासशील देश जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने में प्रभावी उपाय करने के वास्ते अतिरिक्त धन की मांग करते आए हैं। विकासशील देश चाहते हैं कि अमीर देश अधिक जिम्मेदारी उठाएं क्योंकि वर्तमान संकट के लिए मुख्य रूप से जिम्मेवार वही हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद से उत्तरी गोलार्ध के देशों से हुआ ऐतिहासिक उत्सर्जन ही जलवायु संकट का कारण बना है। जलवायु परिवर्तन सुधार फंड की मात्रा और इसका स्रोत लंबे समय से विकसित और विकासशील देशों के बीच विवाद का विषय रहा है। इस पृष्ठभूमि के परिप्रेक्ष्य में, बाकू वार्ता में एक अच्छा समझौता बनने की आशा जगी थी। वार्ता के निष्कर्ष में, विकासशील देशों को हर साल जलवायु सुधार के लिए, 2035 तक, कम-से-कम 300 बिलियन डॉलर देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह धन विभिन्न स्रोतों से आएगा- इसमें सार्वजनिक, निजी, द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और वैकल्पिक स्रोत भी शामिल हैं। इस वित्तपोषण को उपलब्ध कराने में विकसित देश अग्रणी भूमिका निभाएंगे और विकासशील देशों को स्वेच्छा से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। किंतु बाकू में निर्धारित वित्त लक्ष्य विकासशील देशों द्वारा मांगे गए धन और समय-सीमा से बहुत कम है- 2025 से विकसित देशों द्वारा हर साल इस मद में 1.3 ट्रिलियन डॉलर जुटाए जाने हैं। किंतु, न केवल यह आंकड़ा मांगी गई मात्रा से बहुत कम है बल्कि समय-सीमा भी बहुत दूर है। अब यह पैंतरा उत्तरी गोलार्ध मुल्कों की एक जानी-पहचानी रणनीति बन चुकी है कि किसी भी तत्काल प्रतिबद्धता से बचने के लिए एक कमजोर लक्ष्य और बहुत लंबी समय-सीमा तय कर देना। इसके अलावा, जिस वित्तपोषण का वादा किया गया है वह केवल अमीर मुल्कों से नहीं आएगा। विकासशील देशों को भी इसमें योगदान देना होगा। जाहिर है, इस प्रावधान ने विकासशील देशों को परेशान कर डाला है। वार्ता के अंत में, भारत, बोलीविया और नाइजीरिया ने इस लचर संधि पर अपनी चिंता व्यक्त की, जिसे आधिकारिक तौर पर 'जलवायु वित्त हेतु नवीन सामूहिक मात्रा निर्धारण लक्ष्य' का नाम दिया गया है। भारत ने कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप) के अध्यक्ष पर संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में निहित बहुपक्षीय वार्ता के मानदंडों का पालन किए बिना समझौते को आगे बढ़ाने का भी आरोप लगाया है। विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी की जरूरत है। इसके शमन के लिए धन की आवश्यकता है- उत्सर्जन को महत्वपूर्ण रूप से कम करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता पड़ेगी। यानी अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं, ऊर्जा दक्षता, जीवित प्राकृतिक संसाधन और भूमि उपयोग का प्रबंधन, थलीय और जलीय जैव विविधता की सुरक्षा, स्वच्छ परिवहन आदि का इंतजाम करने वास्ते धन उपलब्धता। अतिरिक्त धन की दूसरी प्रमुख आवश्यकता अनुकूलन करने के वास्ते है- प्रतिकूल प्रभावों को अनुकूल बनाना और बदलती जलवायु के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाना। उदाहरण के लिए, इसमें शामिल हैं : तूफान और बाढ़ का सामना करने लायक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए धन की जरूरत, वर्तमान बुनियादी ढांचा ऊपर उठते समुद्र तल से दूर स्थानांतरित करना, सूखे का सामना करने लायक फसलों के बीज विकसित करना और इनका वितरण। इसके अलावा, 'हानि एवं नुकसान' नामक तीसरी कार्रवाई के लिए धन की आवश्यकता है ताकि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में देशों को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। पिछले कुछ वर्षों में, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के तहत जलवायु वित्त के लिए अनेकानेक तंत्र और कोष बनाए गए हैं। इनमें वैश्विक पर्यावरण सुविधा, हरित जलवायु कोष, विशेष जलवायु परिवर्तन कोष, अल्प विकसित देशों का कोष, अनुकूलन कोष आदि शामिल हैं। हालांकि, हकीकत यह है कि विकासशील देशों को उपलब्ध करवाई जाने वाली इन निधियों में धन की आमद बहुत कम रही है। उदाहरणार्थ, ग्रीन क्लाइमेट फंड ने 2020-23 की अवधि के दौरान 129 विकासशील देशों में 243 परियोजनाओं के वास्ते कुल 13.5 बिलियन डॉलर देना मंजूर किया। अनुकूलन कोष ने 2010 से कई विकासशील देशों में 183 अनुकूलन परियोजनाओं के लिए 1.2 बिलियन डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई थी। वहीं अन्य तंत्रों से धन का प्रवाह और भी कम है। कुल मिलाकर, यूएनएफसीसीसी द्वारा प्रवर्तित निधियों और अन्य तंत्रों से उपलब्ध वित्त की मात्रा आवश्यकता से बहुत कम है। इसलिए, बाकू में मांग धन की मात्रा के साथ-साथ गुणवत्ता बढ़ाने की भी थी। लेकिन, धनी पश्चिमी देशों ने वित्तीय लक्ष्य को न्यूनतम रखने और समय सीमा यथासंभव लंबा खींचने के वास्ते हर संभव प्रयास किए। नए और अतिरिक्त वित्तपोषण के लिए प्रतिबद्धता बनाने की बजाय, मौजूदा विकास सहायता को जलवायु वित्तपोषण का ठप्पा लगाकर, नए रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह होने पर, बहुपक्षीय वित्तपोषण और विकास वित्तपोषण को जलवायु सहायता के रूप में गिना जाएगा। अब, निजी निवेश के अलावा विकास-बैंक ऋण और सरकारी खर्च द्वारा 'जुटाए गए' निजी वित्त भी बृहद जलवायु वित्त के अंतर्गत आएंगे। इन सबने विकासशील देशों को मिलने वाली मौजूदा विकास सहायता के अलावा मुख्य रूप से सार्वजनिक स्रोतों से प्राप्त वित्तपोषण की गुणवत्ता को भी कमजोर कर डाला है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की वापसी और उनके जलवायु विरोधी रुख के हौवे से लाभ उठाते हुए, विकसित देशों ने कमजोर वित्तीय समझौते को आगे बढ़ाया। उन्होंने डर बनाया कि यदि अमेरिका बहुपक्षीय जलवायु ढांचे से बाहर निकल गया, जैसा कि ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान किया था, तो इसके असर से यूएनएफसीसीसी पटरी से उतर सकता है। संयुक्त राष्ट्र प्रक्रिया के तहत, अमेरिका, यूरोपीय संघ और जापान सहित 24 विकसित देशों को विकासशील मुल्कों को जलवायु वित्त प्रदान करना है। यदि ट्रम्प के नेतृत्व वाला अमेरिका जलवायु प्रक्रिया से हट जाता है, तो अन्य विकसित देशों को अधिक बोझ उठाना पड़ेगा।




आप का नजरीया

# कट्टरता का बांग्लादेश

**बांग्लादेश** में हसीना सरकार के पतन और उनके भारत में शरण लेने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर जिस तरह लगातार हमले हो रहे हैं, इस्कॉन से जुड़े धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी उसकी अगली कड़ी है। दास की जमानत याचिका खारिज होने के बाद उनके वकील की निर्मम हत्या असहिष्णुता की पराकाष्ठा को ही दर्शाती है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि वहां अल्पसंख्यक किन भयावह स्थितियों का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों पर हमले तक किए गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के पैरोकार दास को कथित रूप से बांग्लादेशी झंडे का अपमान करने तथा राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने के कारण बांग्लादेश और सीमा पार भारत में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। दरअसल, इस अशांति का संदर्भ लगातार अल्पसंख्यक उत्पीड़न के पैटर्न में निहित हैं। बांग्लादेश के संवैधानिक आश्वासन के बावजूद वहां के हिंदू, जो कि आबादी का लगभग नौ फीसदी हैं, लगातार हिंसा, बर्बरता और सामाजिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। वहां हिंदुओं के घरों व मंदिरों पर भीड़ पर हमलों की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। जिसमें हसीना सरकार के पतन के बाद खासी तेजी आई है। आधिकारिक रूप से इस्लामिक धर्म वाले इस देश में यह स्थिति अल्पसंख्यकों की व्यापक असुरक्षा को दर्शाती है। अल्पसंख्यक संगठनों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगाये जाने के बाद विश्वास बहाली की जिम्मेदारी कार्यवाहक सरकार पर है। जिसका दायित्व बनता है कि उत्पीड़न के शिकार लोगों को न्याय दिलाने के लिये विशेष न्यायाधिकरण के जरिये यथाशीघ्र कार्रवाई करे। यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो अशांति के बढ़ने का खतरा बना रहेगा। मौजूदा घटनाचक्र से बांग्लादेश की प्रगतिशील लोकतंत्र की छवि कमजोर हुई है। निस्संदेह, वहां सभी अल्पसंख्यकों के लिये शांति और सुरक्षा एक जीवंत वास्तविकता होनी चाहिए। ढाका सरकार को छात्र आंदोलन के जरिये हुए राजनीतिक परिवर्तन के बाद पनप रही कट्टरता पर अंकुश लगाना चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं गाहे-बगाहे आती रही हैं। पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर गंभीर चिंता जतायी थी। यहां तक कि ट्रांसपेरंसी इंटरनेशनल ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान अल्पसंख्यकों पर बढ़े हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट में हसीना सरकार के पतन के बाद के एक पखवाड़े में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के दो हजार से अधिक मामलों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट इस बात पर भी चिंता जताती है कि ऐसे मामलों में अपराधियों की पहचान होने के बावजूद उन्हें दंडित नहीं किया गया। बल्कि इसके बहाने राजनीतिक विरोधियों को ही निशाना बनाया गया। ऐसी हिंसा के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की तरफ से भी तल्ख प्रतिक्रिया दर्ज की गई है।

# पथलगड़ा में किया गया मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन व पैड बैंक का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से प्रवाह ऑर्गनाइजेशन द्वारा चलाई जा रही महिला उन्नयन योजना चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है। महिला उन्नयन योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की विशेष कर गर्भवती महिलाओं स्तनपान कराने वाली माता और कुपोषण ग्रस्त महिलाओं किशोरियों में कुपोषण को लेकर उनमें जागरूकता फैलाना कुपोषण मुक्त कैसे हो इसकी जानकारी प्रदान करना खान-पान में क्या खान-पान पोषण को पूरा कर इत्यादि की जानकारी देना जागरूकता शिविर ,स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना साथ ही स्थानीय उपकरणों का उपयोग कर लक्ष्य समूह को स्वास्थ्य पोषण सामग्री प्रदान किया जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी के द्वारा द्वीपप्रजवलन कर स्वस्थ शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में चयनित किशोरी गर्भवती महिला एवं धात्री माताओं का हीमोग्लोबिन , ग्लूकोज शुगर जांच किया गया ।साथ ही लाभुकों को प्रोटीन पाउडर , आयरन कैल्शियम टैबलेट फोलिक एसिड मल्टीविटामिन एंटीऑक्सीडेंट बुखार तथा गैस आदि की दवाइयां मुफ्त दी गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी ने कहा कि यह कार्यों महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगा तथा महिलाएं इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर स्वास्थ्य को प्राथमिकता देगी।प्रवाह संस्था से आई हुई महिला उन्नयन योजना की प्रोजेक्ट मैनेजर राखी कुमारी ने सभी लाभार्थी को बताते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के समय से ही नियमित रूप से डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए और सभी आवश्यक दवाइयों का सेवन करते रहना चाहिए।शिशु को 6 माह तक केवल माँ का दूध देना चाहिए, यह बच्चे की इम्यूनिटी को मजबूत करता है। गर्भवती तथा स्तनपान कराने वाली माताओं को अपने आहार में संतुलित पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, आयरन, और विटामिन्स शामिल करने चाहिए साथ ही साथ नियमित टीकाकरण और चिकित्सा जांच अत्यंत आश्यक है।. 1000 सुनहरे दिन का पालन करते हुए शिशु के गर्भ से लेकर जन्म के पहले 2 सालों में उचित पोषण और देखभाल सुनिश्चित करना चाहिए। बच्चे के जन्म के तुरंत बाद पीला गाढ़ा दूध पिलाना आवश्यक है, क्योंकि यह शिशु के लिए अमृत के समान होता । कार्यक्रम में ढाई सौ धात्री महिला एवं युवतियां भाग लीइस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंदर साहू, अंचल अधिकारी उदल राम, सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी ,पंचायत सेवक राकेश कुमार, महिला उन्नयन योजना की प्रोजेक्ट मैनेजर राखी कुमारी, कम्युनिटी मोबलाइजर दिवाकर साव, निर्मला कुमारी, तथा मीना कुमारी उपस्थित रहे।

## पत्रकार को पितृशोक, शवयात्रा में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** पत्थलगडा के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कुमार तिवारी के पिताजी लक्ष्मी नारायण तिवारी (उम्र 89 वर्ष) नहीं रहे। बीती रात उन्होंने अंतिम सांस ली। कुछ दिनों से वे बीमार थे। बुधवार को दुंबी गांव स्थित पंचबहनी नदी घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। लक्ष्मीनारायण तिवारी क्षेत्र के जाने-माने किसान थे। वे आजीवन चतरा और हजारीबाग में कांग्रेस पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। उनके निधन की खबर सुनकर पत्थलगडा में शोक की लहर है। उनके पांच पुत्र मिथिलेश तिवारी, गोपाल तिवारी, रामकिशोर तिवारी, राज किशोर तिवारी और जितेंद्र तिवारी समाज सेवा व कई पदों पर कार्यरत हैं। उनके निधन की खबर सुनकर सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी कलिंद्र साहू, अंचलाधिकारी उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी समेत कई पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्थलगडा के व्यवसायी और गणमान्य उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया। लक्ष्मी नारायण तिवारी के छोटे भाई वासुदेव तिवारी पत्थलगडा के पूर्व मुखिया थे। क्षेत्र के विकास और पत्थलगडा को पहचान दिलाने के लिए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए। ब्राह्मण समाज के काफी संख्या में लोग उनके निधन की खबर सुनकर बरवाडीह स्थित आवास पहुंचे। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विधायक उज्जवल दास समेत भाजपा, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, जिले के कई पत्रकार और समाजसेवी उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि वे पत्थलगडा के एक धरोहर थे। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है।

## सोना सोबरन योजना अंतर्गत मात्र दस रुपया में दिया जा रहा है धोती, साड़ी



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोना सोबरन योजना के तहत प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों के माध्यम से इन दिनों धोती एवं साड़ी का वितरण जारी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा चलाए गए इस योजना से गरीबों को साल में दो बार इसका लाभ मिलता आ रहा है। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के कोयद गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार कालो देवी ने बताया कि, सोना सोबरन योजना के तहत लाल, पीला एवं हरा कार्डधारियों के बीच धोती अथवा लूंगी एवं साड़ी का वितरण केवल दस रुपया में किया जा रहा है। इस योजना से लाभान्वित हुए कार्डधारीयो ने सरकार के प्रति खुशी जाहिर करते हुए अपना आभार प्रकट किया है।

## दो दर्जन बिरहोर परिवार के बच्चों को दिया गया गर्म वस्त्र



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ अंतर्गत जपुआ में निवास करने वाले दो दर्जन बिरहोर परिवारों के बच्चों के बीच बुधवार को बीडीओ राहुल देव के नेतृत्व में सलगा आंगनवाड़ी केन्द्र सेविका कांति सिंह तथा सुनैना देवी ने गर्म वस्त्र का वितरण किया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि बिरहोर परिवारों को सुविधा मुहैया कराने को लेकर चार दिवसीय विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। निरीक्षण कर जल्द सर्वे करने का निर्देश दिया। मौके पर उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा अभिनंदन कुमार राम लखन सिंह मौजूद थे।

# कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे बीडीओ, सीओ व मुखिया, व्यवस्था से संबंधित लिया जायजा, मिले खराब हरी सब्जियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगडा :** बुधवार को प्रखंड में संचालित कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में बीडीओ कलीन्द्र साहू, सीओ उदल राम, मुखिया राधिका देवी, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी पहुंचकर व्यवस्था से संबंधित लिया जानकारी। निरीक्षण करने के दौरान सब्जियों में पाई गई बहुत हीं बड़ी कमियां। जिसे लेकर पदाधिकारी व प्रतिनिधियों ने जमकर लगाया फटकार। वार्डन बंटी कुमारी ने बताई की विद्यालय प्रांगण में पानी को लेकर एक बोरिंग और एक कुआं है जो बोरिंग पूरी तरह से खराब हो चुकी है और कुआं का पानी बच्चियां पीना नहीं चाहती है। और बच्चियों द्वारा पानी पंप को तोड़ दी गई है। पीने के पानी को लेकर विद्यालय में विशेष रूप से समस्या बनी हुई है। जिसे लेकर बीडीओ कलीन्द्र साहू और सीओ उदल राम ने मुखिया राधिका देवी को पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने को कहें है। बीडीओ व सीओ ने वार्डन को निर्देश देते हुए कहा कि अगली बार अगर व्यवस्था में कमी पाई गई तो आप सभी बक्से नहीं जाएंगे। बच्चियों के स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था में कोई कमियां नहीं आनी चाहिए।

# सभी पंचायत सेवक अपने पंचायत में लंबित 15 वीं वित्त की राशि को करें खर्च : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक के किया गया द्यबैठक में उपस्थित सभी पंचायत के मुखिया एवं कर्मियों को निम्नलिखित निर्देश निम्न प्रकार का दिया गया है। निर्देश में खा गया है कि प्रखंड के सभी पंचायतों में लंबित 15 वीं वित्त की राशि यथाशीघ्र खर्च करने, पीएम आवास एवं अबुआ आवास मे तीव्र गति से पूर्ण करने हेतु अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी को स्थल निरीक्षण करते हुए प्रगति तेज करने को कहा गया है। वहीं आदिम जनजाति के लिए पीएम जनमन योजना के तहत क्रियान्वित योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों को पंचायत में संचालित योजनाओं का अभिलेख अघतन रूप से पंचायत सचिवालय मे संधारण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह गुरूवार को किसी एक पंचायत में समीक्षा एवं योजनाओं की प्रगति के लिए भ्रमण किया जाएगा यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई गई तो उनके विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। पंचायतो के द्वारा 15 वें वित योजना अंतर्गत राशि व्यय नहीं किए जाने पर अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी सर्वेक्षण रिपोर्ट अविलंब जमा करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन एवं लंबी पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।सभी मुखिया को जीपीसीसी का नियमित बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गयाद्यसभी मुखिया को धोती -साड़ी -लूंगी क वितरण का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

## राजेंद्र पांडेय के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे ब्राह्मण परिजनों को हर संभव मदद करने की कही बात



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बारिशाखी पंचायत गांव निवासी स्वर्गीय राजेंद्र पांडेय के द्वादश श्राद्धकर्म में जिला से कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज के लोग बुधवार को पहुंचे।एवं द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया। और राजेंद्र पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवनी का गुणगान करते हुए। भगवान से प्रार्थना किया की मृतक व्यक्ति की आत्मा को शांति मिले तथा उनके घर परिजनों को हर संभव मदद करने की बात ब्राह्मण समाज के जिला टीम के लोगों ने कहा। मौके पर उपस्थित जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय भैरव पांडेय पिंडारकोण से प्रदीप पांडेय शिवपूजन पांडेय नंद किशोर पांडेय इटखोरी मनोज पांडेय कामदेव पांडेय निर्मल पांडेय गौतम पांडेय प्रदीप पांडेय बबलू पांडेय विकास पांडेय बिट्टू पांडेय रवि पांडेय नागेश्वर पांडेय मिथिलेश पांडेय व सैकड़ो ब्राह्मण समाज उपस्थित थे।

# नियम संगत करें बालू का उठाव व परिवहन : मनोज कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में बालू घाटों से बालू खनन व परिवहन को लेकर पंचायत स्तरीय समिति के साथ बैठक आयोजित की गई ।इस दौरान पूर्व में बालू घाट के पंचायत स्तरीय समिति द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि का ब्यौरा को लेकर अगले सप्ताह का समयावधि अंचलाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा दिए गए हैं। मौके पर उन्होंने समिति को निदेश दिया है कि वह अपने अपने बालू घाटों से बालू के उठाव से संबंधित प्राप्त कुल राशि का ब्यौरा देंगे अन्यथा नहीं देने वाले संबंधित समिति के उपर नियम संगत कार्रवाई करने को लेकर वरीय अधिकारियों को पत्राचार किया जाएगा। वहीं उन्होंने समिति को निदेश दिया है कि बालू घाट के चयनित व रेखांकित क्षेत्र से ही बालू का उठाव व परिवहन कर सकेंगे साथ ही कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित 100 रुपए प्रति ट्रैक्टर का चालान काटेंगे इसके अलावा अधिक राशि ली जाती है तो उसे अवैध उगाही करार दिया जाएगा पकड़े जाने पर वाहन मालिकों के उपर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। वहीं अंचल निरीक्षक सुरेश राम ने कहा कि बालू का उठाव व परिवहन संबंधित घाट के क्षेत्र में कराया जाना चाहिए ऐसा नहीं के किसी और घाट का बालू किसी और घाट के क्षेत्र में भेजा जाए इसपर समिति को ध्यान रखने की जरूरत है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायत जैसे मोरवाईकला, लात, हरातू समेत अन्य में श्रेणी एक का बालू घाट नहीं है वैसे पंचायत के प्रतिनिधि व पंचायत सचिव से आग्रह किया गया है कि वह इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी के नाम आवेदन समर्पित करेंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए), कल्याण विभाग की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) एवं कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृति योजना, साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,बिरसा आवास निर्माण योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी समेत अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की योजनाओं में गति देने एवं लगातार उनकी मॉनीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया। आगामी 15 फरवरी तक पूर्ण करवाने को लेकर आइटीडीए निदेशक को निर्देशित किया गया। उपायुक्त के द्वारा आइटीडीए से संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

# टाना भगत समुदाय ने मुख्यमंत्री से किया शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** टाना भगत समुदाय के सुमेज टाना भगत, राजेन्द्र टाना भगत, दिशमंबर टाना भगत, सौमनाथ टाना भगत, महेंद्र टाना भगत, इन्द्रदेव टाना भगत ने आज दिन बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात किया, इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं को रखते हुए कहा कि झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा टाना भगत बिकाश प्राधिकार के तहत दिनांक 28/4/17 के आलोक में संपूर्ण झारखंड प्रदेश के टाना भगतो की सर्वागीण विकास कार्य का सभी विभागों में सफल संचालन करने हेतु गठन की गई है। पांच वर्षो से टाना भगत प्राधिकार की राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता बैठक नहीं की गई है।जिसके कारण आठ जिले में टाना भगतो के बिकाश गति रुक जाने के कारण टाना भगत समुदाय को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि टाना भगत भगत समुदाय के लोगों ने देश आजाद करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।कई लोगों ने अपनी जान भी गवा चुके हैं इसके बावजूद भी हम लोगों को दरकिनार कर दिया जा रहा है आज इसी का नतीजा है कि सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाले सभी लाभ से हम लोग वंचित हो जा रहे हैं।

## महाबीर गंझु घर के पास लगे सोलर जलमिनार हाथी का दांत साबित हो रहा है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के गाड़ी ग्राम स्थित महाबीर गंझु घर के पास लगे सोलर जलमिनार हाथी का दाँत साबित हो रहा है। जल नल योजना के तहत लगाए गए सोलर जलमिनार पिछले कई माह से खराब पड़े रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति ठप है। गाड़ी गांव के ग्रामीणों ने बताया की महाबीर गंझु के घर के पास घर घर नल का जल योजना निर्माण वर्ष 2023 - 24 पेयजल एंव स्वछता प्रमंडल लातेहार के तहत सोलर जलमिनार लगाया गया है। ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर पेयजल आपूर्ति करने के उदेश्य से लाखो खर्च कर सोलर जलमिनार लगाया गया है परन्तु यहां संवेदक द्वारा मनमानी रवैया अपनाते हुए अनियमितता बरत कर कार्य किया है । पेयजल के लिए कनेक्शन किए गए पाईप लाइन कम गड्ढे मे बिछाया गया है। कई जगहों मे पाईप फ़टे रहने के कारण आधा से अधिक पानी बह जा रहा था । और पिछले कई माह से जलमिनार खराब रहने के कारण यहां के लोगों को सोलर जलमीनार का एक बून्द भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। सरकार लाखो रूपये खर्च कर जल नल योजना के तहत लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जल मीनार लगाया है लेकिन संवेदक के मनमानी के कारण धरातल मे योजना खोखला साबित हो रहा है। लगातार जल नल योजना का खबर सुर्खियों मे है लेकिन सम्बंधित विभाग द्वारा अभी तक कोई संवेदक के उपर कार्रवाई नहीं की गई है जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## शपथ-पत्र

**कार्यपालक दंडाधिकारी महोदय,**

सिमरिया जिला - चतरा

अजबुल मियां, (Ajbul Miyan)

उर्फ एजाजुल अंसारी (Ejajul Ansari) पिता स्व0 चमन मियां, उम्र लगभग 48 वर्ष, ग्राम- कसारी, कासीआतु, पोस्ट-जबड़ा , थाना- सिमरिया, जिला- चतरा, निम्नलिखित बातों का शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि :-

1 - यह कि मेरा सही नाम अजबुल मियां (Ajbul Miyan) जबकि मेरा पुकारू नाम एजाजुल अंसारी (Ejajul Ansari) है, और मैं उपरोक्त पति का स्थायी निवासी हुं, और उपरोक्त दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है ।

2- यह कि मेरे आधार कार्ड सं0 3336-0948-5459 में मेरा नाम अजबुल मियां, (Ajbul Miyan) दर्ज है जबकि मेरा बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा बगरा जिसका खाता सं0 488210100003621 मेरा नाम एजाजुल अंसारी (Ejajul Ansari) जो दोनों मेरा ही है।

3 - यह कि उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति है जो मैं हूं, इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति गांव घर में नहीं है।

4 - यह कि मैं इसी आशय का शपथ पत्र दे रहा हूं।

सत्यापन

मैं अजबुल मियां, (Ajbul Miyan) उर्फ एजाजुल अंसारी (Ejajul Ansari) सत्यापित करता हूं उपरोक्त शपथ पत्र में लिखा गई सारी बातें मेरे जानकारी में सत्य व सही है।

## बांग्लादेश में हिन्दूओं पर अत्याचार करना बंद करो : राजीव रंजन पाण्डेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बांग्लादेश में हिंदु व हिंदुओं के मंदिरों पर हो रहे हमले व अत्याचार के विरोध में बुधवार को लातेहार में सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में बजारटाड़ से एक रैली निकाली गयी।यह रैली बाजार टांड़ से प्रारंभ होकर बस स्टैंड होते हुए समाहरणालय पहुंची। जहां सभी सनातनियों ने जमकर बांग्लादेश का विरोध किया और बांग्लादेश में हिंदु पर हो रहे हमले को रोकने की मांग की। महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त लातेहार को सौपा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत?याचार को तत्काल बंद कराने, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण करावास से मुक्त कराने, इस्लामिक कट्टर अल्पसंख्यकों के द्वारा हिंदुओं पर हमले, हत्या, लूट, आगजनी और महिलाओं पर हो रहे अमानवीय व्यवहार तत्काल बंद कराने की मांग की गयी है। इस दौरान राजीव रंजन पांडे ने कहा कि वर्तमान की बांग्लदेश सरकार व अन्य एजेंसियां इसे रोकने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। और जिस तरह से हमारे हिंदू भाइयों को खुलेआम पीटा जा रहा है माता बहनों के साथ अत्याचार की जा रही है।साथ ही साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कान के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार के द्वारा करावास में भेजना सरा सर गलत है जिसका हम विरोध करते हैं। आगे उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का आग्रह भारत सरकार से किया। वहीं राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि बांग्लादेश में महिलाओं के साथ खुले आम अत्याचार किया जा रहा है युवाओं के साथ मारपीट की जा रही है वहां के तमाम हिंदू सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं ।हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि तत्काल वहां के हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपन वालों मे संजय तिवारी, रमेश प्रसाद, अनिल कुमार ठाकुर, राजीव रंजन पांडेय, दिनेश प्रसाद के अलावा कई लोगों का नाम शामिल है।रैली जिला संघ चालक राजमणी प्रसाद, एसवीएम के प्राचार्य अरूण कुमार चौधरी, राजधनी प्रसाद यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, महामंत्री अमलेश कुमार सिंह, गोविंद प्रसाद, अभिनंदन प्रसाद, रामनाथ अग्रवाल, मुकेश कुमार पांडेय, विवेक चंद्रवंशी, आनंद सिंह के अलावा राजू रंजन सिंह, दीपक विश्वकर्मा, जीतेंद्र प्रसाद, राजन प्रसाद, रंजीत कुमार, गौतम प्रसाद, आलोक वर्मा, कंचन कुमार, सौम्या कुमारी, रानी कुमारी, शीला देवी, विनित कुमार, दिलीप प्रसाद, मंजू देवी, निर्मल महलका, सुधीर कुमार, विनोद अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह, राजदेव प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद, अमर विश्वकर्मा, गणेश प्रसाद, लखन मेहता, विवेक कुमार समेंत सैकड़ों लोग मौजूद थे। लोगों ने समाहरणालय परिसर में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की।

# प्रखंड कर्मियों के लिए बनाये जा रहे आवास निर्माण कार्य का जिला परिषद की टीम ने किया निरीक्षण

### घटिया क्वालिटी की सामग्री से काम करने का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कर्मियों के लिए करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जा रहे भवन निर्माण कार्य एवं निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिला परिषद की टीम ने निरीक्षण किया मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी,जिप सदस्य जीरा देवी,विनोद उराँव जिप सदस्य लातेहार समेत कई लोग मौजूद थे। मौके पर बोलते हुए जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि ठेकेदार द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जा रहे दोनो भवन में मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा रहा है ।वही आवास निर्माण में डुप्लीकेट बांगड़ सीमेंट वही चिमनी की जगह बांग्ला ईंट बाबा कंपनी का इस्तेमाल किया जा रहा है ।ऐसे में यह भवन कितना टिकाऊ होगा इसे समझा जा सकता है। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि दोनों भवन के निर्माण कार्य में लापरवाही बरता जा रहा है प्रखंड कर्मियों के आवास में चिमनी ईट सिर्फ दिखाने के लिए एक गाड़ी गिरा कर रख दिया गया है ।बालू में मिट्टी एवं पत्थर मिक्स है एवं सीमेंट भी खराब क्वालिटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि निर्माणस्थल प्रखंड प्रशासन के बिल्कुल सामने हो रहा है फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वही जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा कि हम लोग सभी जिला परिषद की टीम जल्द ही इस मामले को लेकर लातेहार उपयुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता से मुलाकात कर घटिया निर्माण कार्य को बंद करने की बात करेंगे। एवं कार्य कर रहे कंपनी एफडी ईटरप्राइजेज लोहरदगा को काली सूची में डालने की मांग करेंगे।

# जिले के विकास, सुरक्षा और जनहित के मुद्दों पर विधायकों ने डीसी के साथ की गहन चर्चा

- **सदर विधायक प्रदीप प्रसाद बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं मांडू विधायक तिवारी महतो ने किया मुलाकात**
- **जिले के विकास और जनकल्याण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय का एक सकारात्मक प्रयास**
- **जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने बुधवार को उपायुक्त डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान जिले में बढ़ रहे अपराध, विकास परियोजनाओं की प्रगति, और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई। सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और समाधान के लिए संभावित योजनाओं पर सुझाव दिए। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को उन्नत बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज जिले का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है। इसे बेहतर चिकित्सा उपकरणों, पर्याप्त डॉक्टरों और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। इससे जिलेवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में देरी और मरीजों को हो रही असुविधा पर चिंता जताई और इसे जल्द ठीक करने की अपील की साथ ही श्री प्रसाद ने जिले में बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने डीसी से कहा की जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बढ़ते अपराध न केवल जनता की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि विकास कार्यों को भी बाधित करते हैं। प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और संगठित अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा बड़कागांव क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी बड़ी समस्या है। विकास परियोजनाएं धीमी गति से चल रही हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और सिंचाई योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी ध्यान दिलाया। श्री चौधरी ने डीसी से आग्रह किया कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को साझा करते हुए कहा मांडू क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषि के लिए सिंचाई योजनाओं को बेहतर बनाने और गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के पलायन पर चिंता व्यक्त की। श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान विकास योजनाओं में प्राथमिकता देकर ही किया जा सकता है। डीसी नैंसी सहाय ने सभी विधायकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाएगा। उन्होंने कहा जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को उन्नत करने और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देकर योजनाओं को लागू किया जाएगा। यह बैठक जिले के विकास और जनकल्याण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय का एक सकारात्मक प्रयास थी। सभी विधायकों और प्रशासन ने मिलकर यह संकल्प लिया कि जिले की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमने जिले में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं को उन्नत बनाने पर चर्चा की। जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं। रोशन लाल चौधरी बड़कागांव विधायक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की बड़कागांव क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए डीसी से आग्रह किया गया है। हमने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है। निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो मांडू विधायक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की मांडू के युवाओं के लिए रोजगार और सिंचाई योजनाओं में सुधार की जरूरत है। साथ ही,अपराध पर सख्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस चौकियां बढ़ाने पर चर्चा की गई।

# लोकसभा में रेलवे के मामले पर गरजते नज़र आये सांसद मनीष जायसवाल

- **हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना से जोड़ने, यात्री सुविधाएं बढ़ाने और हजारीबाग से दिल्ली - कोलकाता - वेल्लोर के लिए ट्रेन देने की पुरजोर तरीके से उठाई मांग**
- **रांची- बरकाकाना- दिल्ली रूट पर पुनः राजधानी एक्सप्रेस को सुचारू कराएं रेलवे : मनीष जायसवाल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल झारखंड राज्य और विशेषकर अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की गंभीर जनमुद्दों को लेकर लोकसभा के शीतकालीन सत्र में मुखर दिख रहें हैं। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज़ बनकर सदन पटल पर उन्होंने रेलवे से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया और सदन के माध्यम से केंद्र सरकार और रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया । लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल ने अमृत भारत स्टेशन को लेकर प्रश्न लाया था जिसके जवाब के बाद उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का रेल नेटवर्क बहुत बड़ा है और जो विकसित स्टेशन है उसे और विकसित किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि खैर इससे मतलब नहीं है लेकिन जो क्षेत्र रेल के मानचित्र में अविकसित हैं और जहां विकास नहीं हुआ है उन्हें भी अवसर मिलना चाहिए और ऐसे स्टेशन को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं और इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग टाउन, बरही, कुजू, बड़काकाना, रामगढ़ और गोला सहित अन्य स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना से जोड़कर विकसित किया जाना चाहिए और यहां यात्री सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है। हजारीबाग रेलवे लाइन जो मुख्य रूप से कोयला ढुलाई के काम आता है इसे पैसेंजर ट्रेन के लिए एलिजिबल करने हेतु इस डबल लाइन किया जाए और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से डेली बेसिस पर दिल्ली - कोलकाता- वेल्लोर के लिए ट्रेन चलाया जाय। सांसद मनीष जायसवाल ने एक और महत्वपूर्ण सवाल उठाते हुए रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि रांची से बरकाकाना होते हुए दिल्ली की ओर आने वाली राजधानी एक्सप्रेस को डिस्कंटीन्यू कर दिया गया है इस और अपनी नजरे इनायत करें और पुनः इसे इस रूट पर सुचारू कराएं। सांसद मनीष जायसवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभी हाल ही में जो हजारीबाग टाउन होते हुए गया- मुंबई रेल परिचालन शुरू किया गया है उससे लोगों को फायदा मिल रहा है । सांसद मनीष जायसवाल की सवाल और मांगों को गंभीरता से लेते हुए भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन पटेल पर उनका जवाब देते हुए कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के रेलवे के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रयासरत हैं और रेलवे के विकास के लिए बड़ा आवंटन भी निर्गत किया है। रेलवे के विभिन्न परियोजनाओं पर नियमित रूप से विभाग भी फॉलोअप करता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा



कि आज विश्व में सबसे बड़ा स्टेशन री- डेवलपमेंट प्रोग्राम हिंदुस्तान में चल रहा है जिसके तहत 1300 स्टेशन का एक साथ वृहद पैमाने पर विकसित करने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। इनके विकास होने के पश्चात दूसरे चरण में अन्य रेलवे स्टेशनों के विकसित करने का पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह भी कहा कि सांसद मनीष जायसवाल का जो प्रश्न और मांग है उसपर उनके साथ विस्तृत चर्चा करके उसे निश्चित रूप से आगे बढ़ाया जाएगा ।

# चट्टी बरियातु में सुरक्षा सप्ताह 2024 का समारोह धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में 4 दिसंबर 2024 को वार्षिक माइन सुरक्षा सप्ताह 2024 का अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन गुप्ता, महाप्रबंधक चट्टी बरियातु और सभी विभाग के प्रमुख उपस्थित रहे। परियोजना और एमडीओ के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में जोरदार उत्साह और भागीदारी दिखाई। उद्घाटन समारोह की शुरुआत श्री नवीन गुप्ता ने सुरक्षा ध्वज फहराके की और इसके बाद गुब्बारे छोड़ने की रस्म अदा की गई। इसके बाद, कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गई। माइन मैनेजर ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई, जिससे सुरक्षा के प्रति जागरूकता और संकल्प को प्रगाढ़ किया गया। सभी सीनियर अधिकारियों ने अपने अनुभव और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सलाहें दीं। इसके बाद चट्टी बरियातु परियोजना और एमडीओ के कर्मचारियों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें डम्पर में सुरक्षा सुविधाओं के साथ छेड़छाड़ के परिणाम÷ विषय पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा, प्राथमिक चिकित्सा और अग्निशमन पर लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिससे कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के कौशल में सुधार हुआ। नवीन गुप्ता ने विद्युत और यांत्रिक विभाग के स्टॉल का दौरा भी किया। अंत में नवीन गुप्ता और सभी विभाग प्रमुखों, माइन एजेंट तथा माइन मैनेजर ने मिलकर सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाई, जो सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए पूरे परिसर में यात्रा करेगा। यह उद्घाटन समारोह सुरक्षा सप्ताह 2024 की शुरुआत का प्रतीक है, जो 4 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, और इसमें विभिन्न गतिविधियाँ कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह को और बढ़ाएंगी।

## बढ़ती ठंड से राहगीरों को निजात दिलाने को लेकर विभिन्न जगहों अलाव की माँग की



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सह समाजसेवी राजू कुमार श्रीवास्तव ने बढ़ती ठंड से राहगीरों एवं असहाय जनों को रात्रि के समय राहत पहुँचाने के नेक नियत से विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास को लिखित ज्ञापन सौपकर विष्णुगढ़ प्रखंड के नरकी, जमनीजारा, अरजरी, बनासो, नवादा, करोंज मोड़, हॉस्पिटल चौक, सातमील मोड़ आठमील मोड, अखाड़ा चौक भेलवारा एवं अलपिटो के सभी चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कराने का आग्रह किया गया । इस अपनी बात रखते हुए राजू श्रीवास्तव ने कहा कि रात्रि के समय राहगीरो को यात्रा के दौरान आने-जाने के समय लगभग सभी दुकाने बंद होती है,ऐसे में सातमील चौक में अलाव की व्यवस्था अतिमहत्वपूर्ण है।

## सुजीत श्रीवास्तव प्रज्ञा केंद्र संघ, विष्णुगढ़ के लगातार चौथी बार अध्यक्ष बने



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में वीएलई प्रज्ञा केंद्र संचालकों की बैठक की गई। बैठक में विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत 24 पंचायतो से आये प्रज्ञा केंद्र संचालको ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। बैठक में वीएलई प्रज्ञा केंद्र संघ के पुनर्गठन पर चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पुनः प्रज्ञा केंद्र संघ विष्णुगढ़ के सुजीत कुमार श्रीवास्तव चौथी बार लगातार अध्यक्ष चुने गए।महताब हुसैन सचिव, प्रमोद कुमार कोषाध्यक्ष,हसीना फारुख अंसारी को मीडिया प्रभारी चुना गया ।

## एनएमएल पीबी-सीएमपी में वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह का हुआ उद्घाटन



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएमएल पीबी-सीएमपी ने आज वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 का भव्य उद्घाटन किया, जिसमें अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस समारोह की अध्यक्षता परियोजना प्रमुख फैज़ तैय्यब किया, साथ ही एस.के. दुबे, महाप्रबंधक (इन्फ्रा), खदान एजेंट, खदान प्रबंधक और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, इसके बाद गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा गया, जो सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव की शुरुआत को चिह्नित करती है। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख फैज़ तैय्यब और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खनन कार्यों में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और यह बल दिया कि, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था सुरक्षा रथ का शुभारंभ, जो एक मोबाइल पहल है, जिसका उद्देश्य खदानों में सुरक्षा जागरूकता फैलाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह पहल कर्मचारियों और श्रमिकों तक पहुंचेगी और कार्यस्थल में सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। यह उद्घाटन वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत को चिह्नित करता है, जो कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित और प्रेरित किया जाएगा। पीबी-सीएमपी उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी सुरक्षा पहलों के माध्यम से कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है।

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

- **तीन चरणों के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को लिया गया है गोद, अधिकतर हो चुके हैं स्वस्थ**







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत छठे और अंतिम कैंप में गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को सभी छः माह पोषक आहार प्रदान किया गया। तीनों चरण के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जिनमें से अधिकतर अब स्वस्थ हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से अधिकतर अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किया गया। अभी इन्हें छठे और आखिरी महीने का किट वितरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

**स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश**

अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश हो रही है। जिसमें अच्छे चिकित्सकीय लाभ के के लिए क्षेत्र में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे तक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ-साथ प्रखंड के युवाओं के रोजगार के लिए भी अदाणी फॉउंडेशन ने सार्थक पहल शुरू की है, जिसके तहत युवाओं को सेना, पैरामिलिट्री, अग्निवीर और पुलिस बहाली के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर सीएसआर विभाग के उप प्रबंधक मोहित गुप्ता और तारकेश्वर कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# बरही पहुंचे डीडीसी, विभिन्न योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही प्रखंड सह अंचल सभागार बरही में बुधवार को डीडीसी इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बीडीओ जयपाल महतो एवं सीओ अमित किस्कू सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अद्यतन समीक्षा किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जन उपयोगी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का दायित्व है। इसलिए जनहित से जुड़े कार्यों को विभाग आपसी समन्वय के साथ ससमय पूरा करें। डीडीसी ने पूर्ण हुए योजनाओं का शत प्रतिशत जियो टैग फोटोग्राफ साईट में अपलोड करने का निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, शिक्षा, आपूर्ति, मनरेगा व 15 वीं वित्त आदि योजनाओं में आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। वहीं जो भी आवास लंबित है, उसमें दल का गठन करते हुए उसको पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के पूर्व डीडीसी ने बीडीओ सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मनरेगा के द्वारा ग्राम पंचायत करसो में चल रही कल्याणकारी योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया। डूमरडीह में बागवानी, बिरसा कूप निर्माण के साथ अबुवा आवास, अंबेडकर आवास का निरीक्षण भी किया। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक आवास कोऑर्डिनेटर, प्रखंड समन्वयक 15 वें वित, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी जेई और एई एवं पंचायत सेवक, जन सेवक सह पर्यवेक्षक, ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मिशन वात्सल्य (कोई भी बच्चा पीछे न छूटे) पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तर पर बच्चों के लिए एक स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करने, उन्हें अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के अवसर सुनिश्चित करने और उन्हें निरंतर तरीके से सभी क्षेत्रों में विकसित होने में सहायता करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग हज़ारीबाग के सहयोग से बाल कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन के तत्वावधान में मिशन वात्सल्य (कोई भी बच्चा पीछे न छूटे) के विषय पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार हज़ारीबाग में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य एक संवेदनशील, सहायक और समकालिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का मूल मंत्र है। इस मिशन पर पूरे प्रमंडल स्तर के संबंधित पदाधिकरियों एवं अन्य को मिलकर संवेदनशील रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग शिप्रा सिन्हा ने कहा कि वैसे बच्चे जिनके माता-पिता/माता या पिता ना हो, जिन बच्चों के माता या पिता/ माता-पिता गंभीर बीमारी से



ग्रसित हो उन बच्चों को मिशन वात्सल्य का लाभ मिलना आवश्यक है। बच्चों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाना आवश्यक है। उन्होंने बाल देखभाल संस्थानों (CCI) और बाल कल्याण समितियों (CWC), ग्राम बाल संरक्षण समिति को कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नई रणनीतियों पर उपस्थित पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा, प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, मिरेकल फाउंडेशन के अमरेन्द्र कुमार, प्रमंडल स्तर पर बाल हित में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बाल संरक्षण विशेषज्ञों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया एवं उपरोक्त विषय पर प्रकाश डाला।

# जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने आठवीं वर्ग के छात्र व छात्राओं के बीच साइकिल का किया वितरण

- **यह साइकिल बच्चों को संघर्ष करना सिखाती है : किशुन यादव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया के तहत अध्यतरन आठवीं वर्ग के छात्रङ्कछात्राओं के बीच 41 साइकिल का वितरण किया गया।इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधी अर्जुन रविदास पंसस ने इन बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल मिलने के बाद सभी बच्चे उत्साहित नजर आए, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि बच्चों को साइकिल मिलने से उनकी पढ़ाई और आसान होगी, सुदूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल आनेङ्कजाने में परेशानी होती थी, अब साइकिल मिलने से उन बच्चों को खासकर बच्चियों को पढ़ने आनेङ्कजाने में काफी मदद मिलेगी। यह उन्नति का पहिया नहीं एक लक्ष्य प्राप्त करने का पहिया है, यह साइकिल बच्चों को संघर्ष करना सिखाती है, बच्चों को अपने जीवन में एक नया रूप देने के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में यह साइकिल कारगर साबित होगा। आगे उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मौके पर उप मुखिया बलराज यादव, प्रधानाध्यापक भीखू दास, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार पासवान, सहायक शिक्षक अर्जुन पासवान, रामनारायण यादव, बीरेंद्र यादव, प्रमिला देवी, इंद्रदेव कुमार यादव सहित विद्यालय के छात्र व छात्राएं सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

- पुराने पतरातू प्रखंड कार्यालय भवन में संचालित होगी। सिजेरियन ऑपरेशन सुविधाएं, उपायुक्त ने दिया आदेश
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना में संचालित होगा एमटीसी केंद्र पतरातु




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने तथा प्रसव पूर्व जांच के तहत संतोषजनक कार्य नहीं करने वाली सहियाओं की पहचान करने करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 24м7 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।पतरातू प्रखंड में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण कर जल्द से जल्द सिजेरियन सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना में पतरातू प्रखंड के लिए एमटीसी केंद्र की सुविधा जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी के द्वारा दस कर्म में खाद्य सामग्री देकर मदद की गई



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बुधवार को वार्ड नंबर 2 के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सेठी करमाली के मां के 10 कर्म में रामगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी के द्वारा खाद्य सामग्री देकर परिवार को छोटी सी मदद की ।खाद्य सामग्री लेकर रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली जिला सचिव टिंकू खान रिंकू करमाली उनके घर जाकर मिला और कहां इस दुख की घड़ी में कांग्रेस परिवार आपके साथ हमेशा खड़ा हैराजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा सिरका चौक भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण किया

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा सिरका चौक में भगवान बिरसा मुंडा को किया गया माल्यार्पण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ जिला से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा रवाना हजारीबाग के जिले में उरीमारी सिद्धू कानू मैदान में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा आदिवासी सभा रखा गया द्य जो रामगढ़ से जाने के  क्रम सिरका चौक भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण करते हुए उरीमारी सभा में सभी कोई शामिल हुए द्य मौके पर राजेश पहान,आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव,भुवनेश्वर  बेदिया,नरेश मुंडा,संदीप पहान, अनु मुंडा, बबीता मुंडा ,कल्पना ,मधु मुंडा, मुन्ना बेदिया, अनीता एक अनीता अनीता बेदिया,गोरी,सुनीता, रोहित बेदिया आदि कोई उपस्थित थे।

# भदानीनगर ओपी क्षेत्र में बनगड्डा रेलवे लाइन के निकट मिला अज्ञात युवक का शव





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बनगड्डा में बुधवार को रेलवे लाइन के निकट अज्ञात युवक का शव मिला। युवक के चेहरे पर चोट का गंभीर निशान पाया गया। पुलिस ने पंचनामा करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार बनगड्डा में पेट्रोल पंप के पीछे रेलवे लाइन की पोल संख्या 110/12 के निकट बुधवार को झाड़ियों में युवक शव पड़ा हुआ पाया गया। युवक की उम्र तकरीबन 35-36 वर्ष के आसपास बताई जाती है। उसने नीले रंग का जैकेट, आसमानी रंग की धारीवाली ब्राउन टी शर्ट, ब्लैक ट्राउजर और आसमानी रंग का अंडरवियर पहने हुए है।शव मिलने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना भदानीनगर पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## रामगढ़ बरकाकाना जंक्शन व पतरातु स्टेशन में रेलवे यूनियन चुनाव में कर्मचारियों द्वारा किया गया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना जंक्शन व पतरातु स्टेशन में आज रेलवे यूनियन चुनाव में कर्मचारियों द्वारा मतदान की गई, बता दें कि ईस्ट सेंट्रल रेलवे धनबाद के 17 जॉन में रेलवे यूनियन की मान्यता के चुनाव में मतदान किया जा रहा है,रेलवे विभाग में यूनियन की मान्यता संबंधी चुनाव के लिए पहले दिन मतदान को लेकर रेलवे कर्मचारियों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही मतदान के लिए रेलवे स्टेशनों पर बनाए गए बूथों पर मतदाताओं की लंबी लाइन लगी रही। चुनाव में जीत के लिए छह यूनियनें मैदान में उतरी हैं, जिसमें पांच यूनियन राजनीति पार्टी के संबंध में चुनावी मैदान में है तो वहीं एक मात्र इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन रेलवे जो बिना राजनीतिक दल से चुनावी मैदान में है। बरकाकाना जंक्शन पर मतदाताओं ने कुल 52 प्रतिशत मत का प्रयोग किया गया है। वहीं पतरातु स्टेशन 19,20 बुथ में 50 प्रतिशत मतदान हुआ,जिसकी मतगणना चुनावी परिणाम 12 दिसंबर को धनबाद में होगी।

## सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति ने महाप्रबंधक को किया सम्मानित



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह को बेस्ट एरिया जीएम का अवार्ड मिलने पर सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती ने बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय स्थित श्री सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं सम्मानित कार्यक्रम का नेतृत्व सेल संचालन समिति सचिव अंबर कुमार ने किया। इस दौरान सेल संचालन समिति सचिव अंबर ने कहा कि महाप्रबंधक अजय सिंह के किए गए कार्यो से प्रेरित होकर जो उन्हें अवार्ड मिला है उससे समस्त कोयलांचल गौरवान्वित महसूस कर रहा है। महाप्रबंधक को सम्मानित करने वालो में अंबर कुमार,दयानंद प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी के साथ भुरकुंडा गेस्ट हाउस में कोल् फील्ड यूनियन के साथ 34 सूत्री एजेंडा वार्ता किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी के साथ भुरकुंडा गेस्ट हाउस में कोल् फील्ड यूनियन के साथ 34 सूत्री एजेंडा वार्ता किया गया और प्रबंधन की ओर से सभी एजेंडा पर सकारात्मक पहल किया गया और यूनियन को अस्वस्थ किया गया कि सभी मुद्दा पर जल्द से जल्द निराकरण कर दिया जाएगा। प्रबंधक की ओर से भुरकुंडा परिजन पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी बबलू कुमार अंकुर विश्वनाथ भुरकुंडा कार्मिक प्रबंधक डीके भंडारी संदीप लकड़ा राम कुंजल महतो उपस्थित थे यूनियन के तरफ से भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने सबसे पहले कहा कि नवंबर माह का वेतन में संडे का वेतन नहीं मिला है इसे अभिलंब भुगतान किया जाए और भुरकुंडा पटेल नगर में पानी का पाइपलाइन बहुत जगह टूट गया है जहां से पाइप लाइन में नाले का पानी मिलकर सप्लाई हो रहा है इस पर अभिलंब कार्रवाई किया जाए भुरकुंडा में सबसे खराब सिविल की व्यवस्था है बहुत सारे काम बहुत दिन से पेंडिंग है जब कभी सिविल के विषय में बात किया जाता है तो एक ही बात आता है कि फंड की कमी है फंड नहीं है जिस कारण मजदूर बहुत ज्यादा आक्रोश है बैठक में उपस्थित केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह अशोक कुमार गुप्ता रमाकांत दुबे संजय यादव मनोज कुमार हरिशंकर पांडे असित साहू रामानुज प्रसाद रविंद्र शाह सुरेश गौरी शंकर मनोज श्रीवास्तव गजाधर राम सरिता देवी रेखा देवी शंकर घासी राजाराम बेदिया शंकर कुमार अन्य लोग उपस्थित थे। इसमें हेडलाइन यह देना है कि नवंबर माह का वेतन में संडे का भुगतान नहीं किया गया है इसे अभिलंब भुगतान किया जाए।

## दुलमी प्रखंड के बगरई भैयपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना में पानी आपूर्ति कल से पुनः शुरू होंगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के बगरई भैयपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित बगरई भैयपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना, जो पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ी थी, जिससे दुलमी हरहद इदपारा चामरोम में पानी सप्लाई बंद था।अब पुनः कल से सुचारू कर दी जायेंगी। योजना में तकनीकी खराबी के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी, इस समस्या की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक ममता देवी को सूचित किया। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को इस मामले में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। सुधीर मंगलेश ने मिस्त्री और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर योजना की खराबी का निरीक्षण किया। तकनीकी जांच के दौरान समस्या का पता चलने के बाद तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। विधायक ममता देवी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा,पानी जैसी बुनियादी जरूरत पर किसी भी तरह की बाधा को तुरंत दूर करना हमारा कर्तव्य है। मैं इस तरह की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कराने के लिए प्रतिबद्ध हूं।÷ उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी किसी भी समस्या को रोकने के लिए निगरानी और रखरखाव को मजबूत किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजना के संचालन में सहयोग करें और पानी के संरक्षण का ध्यान रखें। मौके पर पप्पू कुमार प्रेम मुंड़ा विक्रम सिंह शिव कुमार रामप्रसाद महतो सिकेनद्र नायक आदि।

## झूमरा पहाड़ का अस्तित्व खतरे में : रवि कुमार महतो



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री सह कोर कमेटी सदस्य  रवि कुमार महतो ने कहा कि बसन्तपुर कोतरे परियोजना सीसीएल सीसीएल की अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना जिसमें 1162 हेक्टेयर जमीन/जंगल यानी 2872 एकड़ जमीन/जंगल को उजाड़कर 50 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है। क्या विकास के लिए जंगलों का विनाश जरूरी है।क्या जंगल के बिना जीवन संभव है? यह परियोजना क्षेत्र वासियों के लिए अभिशाप साबित होगी। 2872 एकड़ जंगल का काटा जाना।सरकार क्यों नहीं वैकल्पिक ऊर्जा की श्रोतों का खोज करती है? कोयला आज है कल नहीं सरकार को रिन्यूएबल सोर्स ऑफ एनर्जी की ओर पहल करनी चाहिए न कि जंगल नष्ट करना चाहिए। दुष्प्रभाव- आने वाली पीढ़ी को क्या आप बंजर जमीन देंगे? 7.वनोत्पादों पर खतरा 8.प्रदूषण से संक्रमित रोगों का खतरा 9.इकोसिस्टम पर खतरा। 10.वनोत्पादों पर निर्भर जनजातियों पर खतरा। अभी भी समय है साथियों समय रहते हम लोग आंदोलित होते हैं। अपने हक और अधिकार को समझें जानें तभी हमलोगों का अस्तित्व बचेगा। अगर जल जंगल जमीन नहीं है तो अपना वजूद भी नहीं बचेगा। आने वाली पीढ़ी के बारे में सोचें। उनके पास कृषि योग्य जमीन ही नहीं बचेगी। वो पलायन करने को मजबूर होंगे। पर्यावरणीय क्षति कौन पूरा करेगा? इतना सारा जंगल विकसित होने में वर्षों लगेंगे।

## दुसरे दिन भी जारी रहा रामगढ़ में कई प्लांटो में जीएसटी टीम का सर्वे



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दुसरे दिन भी जारी रहा  उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा के प्लांट में  जीएसटी की टीम ने सर्वे । रामगढ़ जिले के अरगड्डा रोड स्थित झारखंड इस्पात,बरकाकाना इलाके के मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन और कुजू ओपी क्षेत्र के आलोक स्टील प्लांट के अलावा रामगढ़ शहर में पंजाब नेशनल बैंक के बगल में बने कार्यालय में सर्वे का काम चल रही है। जीएसटी के अधिकारियों को संदेह है कि रामचंद्र रुंगटा अपने फर्म के माध्यम से सरकारी टैक्स की चोरी कर रहे हैं। यहां तक कि उन्हें जितना टैक्स देना चाहिए था, उसके अनुपात में अभी तक उन्होंने उसे जमा नहीं किया है। सभी ठिकानों पर जीएसटी के अधिकारियों ने एक साथ छापेमारी शुरू की। सभी प्लांट और कार्यालय में चार-पांच गाड़ियों से अधिकारी एक साथ घुसे और प्लांट के दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान वहां मौजूद सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों के मोबाइल भी जब्त कर लिए गए और उन्हें बंद कर दिया गया। यहां तक कि लैंडलाइन फोन को भी पूरी तरीके से ठप कर दिया गया। अधिकारियों की टीम प्लांट और ऑफिस में मौजूद सभी दस्तावेजों को खंगाल रही है। स्टॉक समेत कंपनी चलाने के लिए जरूरी उपकरण संसाधन की खरीद-बिक्री कागजात समेत कई मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## रामगढ मे पंजाब रेजीमेंटल सेंटर अग्निवीर पासिंग आउट परेड संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ छावनी में बुधवार को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में चौथे बैच के 438 अग्निवीर रिक्रुट्स ने उनके 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक प्रशिक्षण और मानसिक प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिष्ठित पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चन्द्र काण्ड्याल ने की। इसमें प्रशिक्षकों और अग्निवीरों के माता- पिता ने भाग लिया। ये युवा सैनिक अब राष्ट्र की सेवा के लिए रेजीमेंट की विभिन्न इकाइयों में तैनात होंगे। पहचान और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में, सभी माता- पिता को पारंपरिक %गौरव पदक% प्रदान किया गया, जिन्होंने स्वेच्छा से अपने बच्चों को देश की सेवा करने की अनुमति दी और उन्हे प्रेरित किया।

# डालसा रामगढ़ के तत्वावधान में विधान से समाधान विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), झारखंड राज्य विधि सेवा पदाधिकार (झालसा) एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ श्री आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बुधवार को चितरपुर प्रखंड में ÷विधान से समाधान÷ विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डालसा सचिव द्वारा दो रिसोर्स पर्सन पैनल अधिवक्ता मंजूरी चाकी और बीबी जाहिदा खातून को नियुक्त किया गया था। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानव तस्करी, यौन उत्पीड़न, एसिड अटैक, अपहरण, और दहेज के लिए मृत्यु जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास योजनाओं, और महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, महिलाओं की शिकायतों के समाधान में एनसीडब्ल्यू के हेल्पलाइन नंबर 112 और नालसा की भूमिका को विस्तार से बताया गया।इस कार्यक्रम में चितरपुर प्रखंड के विभिन्न विभागों से जुड़ी महिलाएं, शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदी, और जेएसएलपीएस की कुल 60 महिलाएं शामिल हुई।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक मिंज, डालसा रामगढ़ के कर्मचारीगण, चितरपुर प्रखंड के कर्मचारियों, और पारा लीगल वॉलंटियर दुर्गेश कुमार,विनोद कुमार निरंजन कुमार का विशेष योगदान रहा। इस शिविर ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डालसा सचिव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बी0 डी0 ओ0 चितरपुर की सराहना की।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता महिला दुर्गा देवी उम्र –25 वर्ष, एवं लापता बच्चा निशान्त कुमार उम्र–03 वर्ष)





मेराल थाना सनहा सं0–09 / 24, दिनांक–19.10.2024 में लापता दुर्गा देवी उम्र–25 वर्ष, पति–अलोक राम, साथ में इनका पुत्र निशान्त कुमार उम्र–03 वर्ष, सा0–लोवादाग, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाली है। जो दिनांक–18.10.2024 समय करीब 09:00 सुबह में महिला समूह मेराल जाने के लिए अपने पुत्र के साथ निकली थी परन्तु घर वापस नहीं लौटी। जिसका काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला एवं इनका बच्चा किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 341121 (Police)24-25*D

## e-Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,Ranchi

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-37/2024-25 Date:-03.12.24**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Pangasis Hatchery at Maheshpur Fish form Angara, Ranchi for the Year 2024-25 | Rs. 88,23,700.00 | 06 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 11.12.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 23.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि / समय | 24.12.2024 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov. in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Special Works Division**
**Building Construction Department,**
**,Ranchi**

**PR 341132 Building(24-25).D**

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

**Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/01DB/SLI/2024-25**
**Date –04/12/2024**

**Letter No............ Lohardaga, Date.....................**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Solar Based Jogna Lift Irrigation Scheme at Vill – Jogna, Block- Senha, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 123.62500Lakh |
| 3. | Cost of Tender document (Rs.) | Rs. 0.100 Lakh (Non Refundable) |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1.23700 Lakh |
| 5. | Time of Completion | 335 Days |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online throughwww.jharkhandtenders.gov.in(As per SOP Issued by Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No. 120 Dated 03.10.2023 ) |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date 26.12.2024 Time 2:00 PM |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date 02.01.2025 Time 5:00 PM |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date 26.12.2024 Time 2:00 PM<br>Last Date 02.01.2025 Time 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date 04.01.2025 Time 02:00 PM |
| 11. | Officer inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 12. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of Procurement officer | 9132991322<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of Procurement cell | 7488537740 |

**Note:-**

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ company/ firm/ Corporation in India ( including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/International Standards)/ any others agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufactures of 10 HP pumps (AC/DC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid standalone SPV water Pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registeredin Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get the Ms elves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- Only e-Tender will be accepted.

Further details can be seen on websitehttp://jharkhandtenders. gov.in

**PR 341136 Lohardaga(24-25).D** **EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRGATION DIVISION, LOHARDAGA.**

# अनियंत्रित होकर पलटा कोयला लदा ट्रक

**हंसडीहा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे पर खासिया लक्ष्मीपुर गांव के समीप कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक लक्ष्मीपुर स्थित पुल के डिवाइडर से टकराकर नीचे गड्ढे में गिरकर पलट गया। घटना में लक्ष्मीपुर पुल में लगा गार्डवाल क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि चालक वीरेंद्र यादव एवं उपचालक अनिल यादव को हल्की-फुल्की छोटे आई है। घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा हंसडीहा थाना प्रशासन को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर कोयला लोड ट्रक को जप्त कर अपने कब्जे में लिया।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/12/2024-25 Re-tender (2nd Call)

P.R. No. 333730 Rural Development (24-25)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Additional work (Meeting Room, Shed-01, Shed-02 and Toilet Block) Community Health Centre at Burmu Block, Ranchi District | 99.263 | 1,99,000 | 10,000=00 | 06 Months |
| 2 | Renovation of Community Health Centre at Burmu Block, Ranchi District | 99.999 | 2,00,000 | 10,000=00 | 06 Months |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.12.2024 से दिनांक 19.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता हैं, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
राँची।

PR 341152 Rural Work Department(24-25)D

# कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025 के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (च्ञ्ळ्ष्ट / कोटक म्यूचुअल फंड) ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं।

**1. कैपेक्स साइकिल रिवाइवल**

भारत पहले से ही एक महत्वपूर्ण मल्?टी-ईयर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) साइकिल में है, जिससे आर्थिक विकास (इकोनॉमिक ग्रोथ) को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अगले साल केंद्र सरकार और लिस्?टेड कॉर्पोरेट खर्च बढ़ने का अनुमान है, जबकि राज्य का खर्च पिछड़ सकता है। परियोजनाओं की संख्या पिछली बार 2017 में देखे गए स्तर पर पहुंच गई है। प्राइवेट सेक्टर की अनुमानित लागत दशक के हाई लेवल 55,122 अरब रुपये पर है।

**2. फाइनेंशियल सर्विसेज की बढ़ती पहुंच**

फाइनेंशियल सर्विसेज (वित्तीय सेवाएं) एक डाइवर्स सेक्टर है, जिसमें सब-कैटेगरीज में अलग-अलग प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। बैंक क्रेडिट ग्रोथ और डिपॉजिट ग्रोथ के बीच अंतर कम हो रहा है, जिससे मार्जिन पर दबाव कम होने की उम्मीद है। बैंकिंग सेक्टर में हेल्दी रिटर्न रेश्?यो देखने को मिल रहा है और बैंकों के पास पूंजी की उपलब्धता के स्तर में सुधार हुआ है, जिससे नई पूंजी की आवश्यकता कम हो गई है। बैंकिंग सेक्टर का वैल्यूएशन व्यापक बाजार की तुलना में उचित है और सार्वजनिक व निजी दोनों सेक्टर के बैंकों के लिए लॉन्?ग टर्म एवरेज के करीब है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने ई-गुरुकुल लॉन्च किया

**लखनऊ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपने नए डिजिटल रोड सेफ्टी लर्निंग प्लेटफॉर्म ÷ई-गुरुकुल÷ को लॉन्च किया है। यह मंच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और इसे हमारे समाज में एक स्थायी संस्कृति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, इनमें श्री विनय धींगरा (सीनियर डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन; ट्रस्टी, होंडा इंडिया फाउंडेशन) और श्री कात्सुयुकी ओजावा (डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन) सहित अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल थे।ई-गुरुकुल प्?लेटफॉर्म तीन खास आयु वर्गों के लिये तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल्?स प्रदान करता है, ताकि सड़क सुरक्षा शिक्षा के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सकेः

1. 5-8 वर्ष के लिये : 7 मिनट का मॉड्यूल
2. 9-15 वर्ष के लिये : 9 मिनट का मॉड्यूल
3. 16-18 वर्ष के लिये : 7 मिनट का मॉड्यूल

ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म को सभी के लिए सुलभ और उपयोगी बनाने के लिए इसे कन्नड़, मलयालम, हिंदी, तेलुगु, तमिल और अंग्रेजी जैसी कई भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। इससे यह क्षेत्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक बनता है और इसे सभी उम्र और स्थान के लोग आसानी से समझ सकते हैं। ई-गुरुकुल को ऑनलाइन एक्सेस करने के लिए द्गद्धह्लद्बह्मह्वद्य.द्धश्वठ्ठस्त्रड्ड.द्बद्वद्य.द्बठ्ठ पर जाया जा सकता है। यह प्लेटफॉर्म अलग-अलग शहरों और क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है। टियर-1 शहरों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग का विकल्प है, जबकि टियर-2 शहरों के लिए डाउनलोड करने योग्य कंटेंट उपलब्ध है। इसके बहुभाषी मॉड्यूल से यह सुनिश्चित किया गया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी यह पहल हर किसी तक पहुंच सके।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.-23102024-258165
**CG-DL-E-23102024-258165**

असाधारण
**EXTRAORDINARY**
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
**PART II--Section 3--Sub-section (ii)**
प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं. 4234] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 22, 2024/आश्विन 30, 1946
**No. 4234] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 22, 2024/ASVINA 30, 1946**

### MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS
### NOTIFICATION

New Delhi, the 22nd October, 2024

S.O. **4603(E)**—In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3A of the National Highways Act,1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government, after being satisfied that for the public purpose, the land, the brief description of which is given in the Schedule below, is required for building **Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section in the state of Jharkhand**, maintenance, management and operation of NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (DLAO Khunti) in the district of KHUNTI in the state of JHARKHAND, hereby declares its intention to acquire such land.

Any person interested in the said land may, within twenty-one days from the date of publication of this notification in the Official Gazette, object to the use of such land for the aforesaid purpose under sub-section(1) of section 3C of the said Act.

Every such objection shall be made to the Competent Authority, namely, DLAO Khunti in writing and shall set out the grounds thereof and the Competent Authority shall give the objector an opportunity of being heard, either in person or by a legal practitioner, and may, after hearing all such objections and after making such further enquiry, if any, as the Competent Authority thinks necessary, by order, either allow or disallow the objections.

Any order made by the Competent Authority under sub-section (2) of section 3C of the said Act shall be final.

The land plans and other details of the land to be acquired under their notification are available and can be inspected by the interested person at the aforesaid office of the Competent Authority.

**SCHEDULE**

Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (DLAO Khunti) in the district of KHUNTI in the state of JHARKHAND

| **State: JHARKHAND** | | | **District: KHUNTI** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Survey/Plot Number** | **Type of Land** | **Nature of Land** | **Area (in Local Unit)** | **Area (in Hectares)** |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| **Taluk: Karra** | | | | | |
| **Village: Burhiroma** | | | | | |
| 498 | 593 | Private (raiyati) | Parti kadim | 1.439899 (Acre ) | 0.5827195 |
| 499 | 825 | Government (DISTRICT BOARD) | Rasta | 0.0283001 (Acre ) | 0.0114529 |
| 500 | 826 | Government (DISTRICT BOARD) | Rasta | 0.5927 (Acre ) | 0.2398624 |
| 501 | 827 | Government (DISTRICT BOARD) | Rasta | 1.0336 (Acre ) | 0.4182922 |
| 502 | 828 | Government (DISTRICT BOARD) | Rasta | 0.730099 (Acre ) | 0.2954674 |
| 503 | 833 | Private (raiyati) | Parti kadim | 0.7804011 (Acre ) | 0.3158236 |
| 504 | 834 | Private (raiyati) | Bara jungle | 1.1066 (Acre ) | 0.4478349 |
| **Village: Hisri** | | | | | |
| 505 | 1 | Government (Gair Mazurua Khas) | River | 0.4430997 (Acre ) | 0.1793201 |
| 506 | 12 | Private (Raiyati) | Parti Kadim | 0.2011001 (Acre ) | 0.0813841 |
| 507 | 13 | Government (District Board) | Road | 0.3700001 (Acre ) | 0.1497369 |
| 508 | 14 | Private (Raiyati) | Tand I | 0.0332999 (Acre ) | 0.0134763 |
| 509 | 146 | Government (Gair Mazurua Khas) | Parti Kadim | 0.379301 (Acre ) | 0.1535006 |
| 510 | 147 | Private (Raiyati) | Tand I | 0.0400001 (Acre ) | 0.0161878 |
| 511 | 148 | Private (Raiyati) | Tand I | 0.0396 (Acre ) | 0.0160259 |
| 512 | 149 | Private (Raiyati) | Don III | 0.3687992 (Acre ) | 0.1492513 |
| 513 | 15 | Private (Raiyati) | DON II | 0.0924001 (Acre ) | 0.0373938 |
| 514 | 150 | Private (Raiyati) | Don III | 0.2063999 (Acre ) | 0.0835289 |
| 515 | 151 | Private (Raiyati) | Don III | 0.0311 (Acre ) | 0.012586 |
| 516 | 38 | Private (Raiyati) | Baag Aam Tand II | 0.1784 (Acre ) | 0.0721975 |
| 517 | 39 | Government (District Board) | Road | 0.18 (Acre ) | 0.072845 |
| 518 | 4 | Private (Raiyati) | Tand II | 0.0967999 (Acre ) | 0.0391744 |
| 519 | 40 | Government (Gair Mazurua Aam) | Road | 0.0184999 (Acre ) | 0.0074868 |
| 520 | 5 | Private (Raiyati) | Tand II | 0.1104001 (Acre ) | 0.0446783 |
| **Village: Taski** | | | | | |
| 521 | 132 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0006 (Acre ) | 0.0002428 |
| 522 | 134 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0053 (Acre ) | 0.0021449 |
| 523 | 135 | Government (GAIRMAZURWA ) | ROAD | 0.0175999 (Acre ) | 0.0071226 |
| 524 | 136 | Private (Raiyati) | DON II | 0.1322 (Acre ) | 0.0535006 |
| 525 | 137 | Private (Raiyati) | DON II | 0.1799 (Acre ) | 0.0728045 |
| 526 | 138 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1358 (Acre ) | 0.0549575 |
| 527 | 139 | Private (Raiyati) | DON II | 0.3288 (Acre ) | 0.1330635 |
| 528 | 140 | Private (Raiyati) | DON II | 0.0503 (Acre ) | 0.0203561 |
| 529 | 140 | Private (BAKAAST BHUIHARI PAHNAI) | DON II | 0.0502999 (Acre ) | 0.0203561 |
| 530 | 329 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0145 (Acre ) | 0.0058681 |
| 531 | 345 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.2159 (Acre ) | 0.0873735 |
| 532 | 346 | Government (GAIRMAZURWA ) | ROAD | 0.0517 (Acre ) | 0.0209227 |
| 533 | 347 | Private (Raiyati) | DON II | 0.3258 (Acre ) | 0.1318495 |
| 534 | 348 | Private (Raiyati) | TAND I | 0.0296 (Acre ) | 0.011979 |
| 535 | 349 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0906 (Acre ) | 0.0366653 |
| 536 | 350 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1508 (Acre ) | 0.0610279 |
| 537 | 351 | Private (Raiyati) | DON II | 0.1575 (Acre ) | 0.0637394 |
| 538 | 352 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.2765 (Acre ) | 0.111898 |
| 539 | 353 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1654 (Acre ) | 0.0669365 |
| 540 | 354 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.2913 (Acre ) | 0.1178875 |
| 541 | 355 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.07 (Acre ) | 0.0283286 |
| 542 | 356 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.2623 (Acre ) | 0.1061514 |
| 543 | 357 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.2619 (Acre ) | 0.1059895 |
| 544 | 358 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.16 (Acre ) | 0.0647511 |
| 545 | 359 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.3706 (Acre ) | 0.1499798 |
| 546 | 360 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0324 (Acre ) | 0.0131121 |
| 547 | 363 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1949 (Acre ) | 0.078875 |
| 548 | 367 | Private (Raiyati) | BAAG AAM | 1.0637 (Acre ) | 0.4304735 |
| 549 | 368 | Private (Raiyati) | PARTEE KADEEM | 0.08 (Acre ) | 0.0323756 |
| 550 | 373 | Private (Raiyati) | BAAG AAM | 0.0661 (Acre ) | 0.0267503 |
| 551 | 395 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.033 (Acre ) | 0.0133549 |
| 552 | 396 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0831 (Acre ) | 0.0336301 |
| 553 | 397 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0685999 (Acre ) | 0.027762 |
| 554 | 398 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0127 (Acre ) | 0.0051396 |
| 555 | 399 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0038 (Acre ) | 0.0015378 |
| 556 | 400 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.042 (Acre ) | 0.0169972 |
| 557 | 437 | Government (GAIRMAZURWA ) | ROAD | 0.0006 (Acre ) | 0.0002428 |
| 558 | 453 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1193 (Acre ) | 0.0482801 |
| 559 | 454 | Private (Raiyati) | PARTEE KADEEM | 0.0162 (Acre ) | 0.0065561 |
| 560 | 455 | Private (Raiyati) | DON II | 0.0638 (Acre ) | 0.0258195 |
| 561 | 456 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0215 (Acre ) | 0.0087009 |
| 562 | 457 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0667 (Acre ) | 0.0269931 |
| 563 | 462 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.0162 (Acre ) | 0.0065561 |
| 564 | 463 | Private (Raiyati) | DON II | 0.1448 (Acre ) | 0.0585998 |
| 565 | 464 | Private (Raiyati) | DON II | 0.1566 (Acre ) | 0.0633752 |
| 566 | 465 | Private (Raiyati) | DON II | 0.01 (Acre ) | 0.0040469 |
| 567 | 466 | Private (Raiyati) | DON II | 0.1424 (Acre ) | 0.0576285 |
| 568 | 467 | Private (Raiyati) | DON II | 0.08 (Acre ) | 0.0323756 |
| 569 | 469 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1138 (Acre ) | 0.0460542 |
| 570 | 470 | Private (Raiyati) | DON III | 0.2700012 (Acre ) | 0.1092675 |
| 571 | 471 | Private (raiyati) | Tand II | 0.219 (Acre ) | 0.0886281 |
| 572 | 472 | Private (raiyati) | DON II | 0.2577994 (Acre ) | 0.1043302 |
| 573 | 476 | Private (Raiyati) | DON II | 0.028 (Acre ) | 0.0113314 |
| 574 | 477 | Private (Raiyati) | DON II | 0.0086 (Acre ) | 0.0034804 |
| **Village: Silma** | | | | | |
| 575 | 34 | Private (raiyati) | TAND II | 0.1261999 (Acre ) | 0.0510724 |
| 576 | 35 | Private (raiyati) | taar II | 0.0924999 (Acre ) | 0.0374342 |
| 577 | 37 | Private (raiyati) | Baag aam taar II | 0.2671991 (Acre ) | 0.1081344 |
| 578 | 38 | Government (DISTRICT BOARD) | ROAD | 1.209999 (Acre ) | 0.4896803 |
| 579 | 39 | Private (raiyati) | baag aam taar II | 0.1693001 (Acre ) | 0.0685148 |
| 580 | 40 | Private (raiyati) | Taar II | 0.3154009 (Acre ) | 0.1276406 |
| 581 | 41 | Private (raiyati) | Taar II | 0.0008001 (Acre ) | 0.0003238 |
| 582 | 42 | Government (GAIRMAZURWA KHAS) | Partee kadim | 0.0800001 (Acre ) | 0.0323756 |
| 583 | 43 | Private (raiyati) | Taar II | 0.0777001 (Acre ) | 0.0314448 |
| 584 | 53 | Private (raiyati) | Baagh aam taar II | 0.1287001 (Acre ) | 0.0520842 |
| 585 | 54 | Government (GAIRMAZURWA AAM) | CREMATORIUM | 0.0713 (Acre ) | 0.0288547 |
| 586 | 55 | Government (GAIRMAZURWA AAM) | Kabristaan | 0.0512001 (Acre ) | 0.0207204 |
| 587 | 59 | Private (raiyati) | Taar II | 0.0787001 (Acre ) | 0.0318495 |
| 588 | 60 | Private (raiyati) | Taar II | 0.0558001 (Acre ) | 0.022582 |
| 589 | 61 | Private (raiyati) | Taar II | 0.0587001 (Acre ) | 0.0237556 |
| 590 | 62 | Private (raiyati) | makaan tuta | 0.0126001 (Acre ) | 0.0050992 |
| 591 | 63 | Private (raiyati) | makaan | 0.0112999 (Acre ) | 0.004573 |
| 592 | 64 | Private (raiyati) | Partee kadeem | 0.0544999 (Acre ) | 0.0220558 |
| **Village: Birda** | | | | | |
| 593 | 367 | Government (GAIRMAZURWA AAM) | KABRISTAN/RASTA | 0.0013 (Acre ) | 0.0005261 |
| 594 | 368 | Private (Raiyati) | TAND I | 0.0042 (Acre ) | 0.0016997 |
| 595 | 369 | Private (Raiyati) | TAND I | 0.0060001 (Acre ) | 0.0024282 |
| 596 | 374 | Government (GAIRMAZURWA AAM) | RAASTA | 0.0083999 (Acre ) | 0.0033994 |
| 597 | 406 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.1795999 (Acre ) | 0.0726831 |
| 598 | 407 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0733 (Acre ) | 0.0296641 |
| 599 | 415 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.458 (Acre ) | 0.1853501 |
| 600 | 416 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1373 (Acre ) | 0.0555646 |
| 601 | 418 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0257 (Acre ) | 0.0104007 |
| 602 | 419 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.2872 (Acre ) | 0.1162282 |
| 603 | 420 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.001 (Acre ) | 0.0004047 |
| 604 | 437 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0099999 (Acre ) | 0.0040469 |
| 605 | 471 | Government (GAIRMAZURWA KHAS) | PARTEE KADEEM | 0.6146 (Acre ) | 0.2487252 |
| 606 | 473 | Government (GAIRMAZURWA KHAS) | PARTEE KADEEM | 0.0149 (Acre ) | 0.0060299 |
| 607 | 476 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0301 (Acre ) | 0.0121813 |
| 608 | 478 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0292 (Acre ) | 0.0118171 |
| 609 | 504 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.06 (Acre ) | 0.0242817 |
| 610 | 505 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0253 (Acre ) | 0.0102388 |
| 611 | 506 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1049 (Acre ) | 0.0424525 |
| 612 | 508 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0416 (Acre ) | 0.0168353 |
| 613 | 545 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1519 (Acre ) | 0.0614731 |
| 614 | 548 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0707 (Acre ) | 0.0286119 |
| 615 | 549 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0865 (Acre ) | 0.0350061 |
| 616 | 561 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0687 (Acre ) | 0.0278025 |
| 617 | 567 | Private (Raiyati) | TAND I | 0.0872001 (Acre ) | 0.0352894 |
| 618 | 568 | Private (Raiyati) | TAND I | 0.0456001 (Acre ) | 0.0184541 |
| 619 | 569 | Government (GAIRMAZURWA AAM) | RAASTA | 0.0122001 (Acre ) | 0.0049373 |
| 620 | 571 | Private (Raiyati) | TAND I | 0.1166999 (Acre ) | 0.0472278 |
| 621 | 572 | Private (Raiyati) | TAND II | 0.2060001 (Acre ) | 0.0833671 |
| 622 | 768 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2886 (Acre ) | 0.1167948 |
| **Village: Sangor** | | | | | |
| 623 | 492 | Private (raiyati) | TAND I | 0.1081001 (Acre ) | 0.0437475 |
| 624 | 498 | Private (raiyati) | PARTEE KADEEM | 0.1199999 (Acre ) | 0.0485633 |
| 625 | 499 | Private (raiyati) | KHALIHAAN | 0.1297999 (Acre ) | 0.0525293 |
| 626 | 505 | Government (DISTRICT BOARD) | ROAD | 0.6300012 (Acre ) | 0.2549575 |
| 627 | 506 | Private (raiyati) | PARTEE KADEEM | 0.1300001 (Acre ) | 0.0526103 |
| 628 | 507 | Private (raiyati) | TARD II | 0.364601 (Acre ) | 0.1475516 |
| 629 | 508 | Private (raiyati) | TARD II | 0.4354001 (Acre ) | 0.176204 |
| 630 | 509 | Private (raiyati) | TARD II | 0.0082 (Acre ) | 0.0033185 |
| 631 | 510 | Private (raiyati) | PARTEE KADEEM | 0.3361993 (Acre ) | 0.1360583 |
| 632 | 511 | Private (raiyati) | TARD II | 0.0224999 (Acre ) | 0.0091056 |
| 633 | 553 | Private (raiyati) | TARD II | 0.1324001 (Acre ) | 0.0535816 |
| 634 | 554 | Private (raiyati) | PARTEE NALA | 0.0721999 (Acre ) | 0.0292189 |
| 635 | 555 | Private (raiyati) | TARD II | 0.0007 (Acre ) | 0.0002833 |
| 636 | 574 | Private (raiyati) | TARD II | 0.3056998 (Acre ) | 0.1237151 |
| 637 | 579 | Private (raiyati) | TARD I | 0.0255 (Acre ) | 0.0103197 |
| 638 | 609 | Private (raiyati) | RASTA | 0.0023 (Acre ) | 0.0009308 |
| 639 | 610 | Private (raiyati) | PARTEE KADEEM | 0.0050001 (Acre ) | 0.0020235 |
| 640 | 611 | Private (raiyati) | TAND II | 0.0367 (Acre ) | 0.0148523 |
| 641 | 719 | Private (raiyati) | TARD II | 0.1500999 (Acre ) | 0.0607446 |
| 642 | 720 | Private (raiyati) | TAND II | 0.0242 (Acre ) | 0.0097936 |
| 643 | 722 | Private (raiyati) | MASNA | 0.3738005 (Acre ) | 0.1512748 |
| 644 | 723 | Private (raiyati) | DON II | 0.2142001 (Acre ) | 0.0866856 |
| 645 | 725 | Private (raiyati) | DON I | 0.8427 (Acre ) | 0.341036 |
| 646 | 726 | Private (raiyati) | DON II | 0.1075999 (Acre ) | 0.0435451 |
| 647 | 727 | Private (raiyati) | DON II | 0.0351001 (Acre ) | 0.0142048 |
| 648 | 728 | Private (raiyati) | DON II | 0.0361999 (Acre ) | 0.0146499 |
| 649 | 729 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0914001 (Acre ) | 0.0369891 |
| 650 | 730 | Private (raiyati) | DON II | 0.1669 (Acre ) | 0.0675435 |
| 651 | 731 | Private (raiyati) | DON II | 0.2016 (Acre ) | 0.0815864 |
| 652 | 732 | Private (raiyati) | DON III | 0.3027988 (Acre ) | 0.1225415 |
| 653 | 733 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0630001 (Acre ) | 0.0254958 |
| 654 | 735 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1890001 (Acre ) | 0.0764873 |
| 655 | 808 | Private (RAIYATI) | JUNGLE PARAAS | 0.3308002 (Acre ) | 0.1338729 |
| 656 | 809 | Private (raiyati) | JUNGLE PARAAS | 0.1889 (Acre ) | 0.0764468 |
| 657 | 810 | Private (RAIYATI) | ROAD | 0.0677 (Acre ) | 0.0273978 |
| 658 | 822 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0286999 (Acre ) | 0.0116147 |
| 659 | 823 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0551001 (Acre ) | 0.0222987 |
| 660 | 824 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0747001 (Acre ) | 0.0302307 |
| 661 | 825 | Private (RAIYATI) | TARD II | 0.0090001 (Acre ) | 0.0036423 |
| 662 | 841 | Private (RAIYATI) | KHALIHAAN | 0.0250999 (Acre ) | 0.0101578 |
| 663 | 842 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1518 (Acre ) | 0.0614326 |
| 664 | 843 | Private (RAIYATI) | TARD II | 0.3316008 (Acre ) | 0.1341967 |
| 665 | 844 | Government (DISTRICT BOARD) | ROAD | 1.150001 (Acre ) | 0.4653986 |
| 666 | 845 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1644001 (Acre ) | 0.0665318 |
| 667 | 847 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.0337 (Acre ) | 0.0136382 |
| 668 | 848 | Private (RAIYATI) | RASTA | 0.088 (Acre ) | 0.0356131 |
| 669 | 977 | Private (RAIYATI) | RIVER | 0.3233007 (Acre ) | 0.1308377 |

**[F. No. RW/Ranchi/LA/NH-143AG/3A]**
**ABHAY JAIN, Director**

PR 341160 (Land Reforms) 24-25 (D)

# बांग्लादेश में हिंदूओं पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले हत्या लूट आगजनी तथा महिलाओं पर अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है : मनोज दास

➲सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ हुआ धरना प्रदर्शन

➲सर्व सनातन समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन





**राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष समाहरणालय मैदान में सर्व सनातन समाज के तत्वाधान में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बांग्लादेश में पर हो रहे आक्रमण के विरुद्ध धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सर्व सनातन समाज के संयोजक श्रीमान मनोज दास जी ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले हत्या लूट आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है इस जिले के नागरिक जन इस कुकरित कार्य का भरपूर विरोध करते हैंद्य वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसी इसे रोकने के जगह केवल मुख दर्शक बनी हुई हैद्य यह बहुत ही चिंता का विषय है लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने हेतु उन्ही पर अन्याय और अत्याचार का नया दौर उभरता दिखाई दे रहा है इस पर बांग्लादेश सरकार को तुरंत कार्रवाई करना चाहिए। इस सभा को संबोधित करते हुए दीपक कर्मकार जी ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व को इस विषय पर चिंता करना चाहिए खास करके दादा कहे जाने वाला देश अमेरिका को अपनी आवाज को स्मरण कर कार्रवाई करना चाहिए। श्रीमती मनोज्ञ पांडे ने अपने जोरदार वक्तव्य में कहा कि बांग्लादेश का निर्माण बांग्लादेश के निर्माण में भारत का भरपूर योगदान रहा है। आज बांग्लादेश इस बात को भूलकर वहां रह रहे अल्पसंख्यकों पर जिस प्रकार का कार्य को देख रहा है यह पूरे विश्व में निंदनीय विषय है। आज सारे विश्व के हिंदुओं को एक होने की आवश्यकता है सनातन धर्म पर प्रहार अब हम नहीं सहेंगे। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण भगत ने खुलेआम तौर पर कहा कि अल्पसंख्यकों पर प्रहार बंद होना चाहिए कट्टरपंथी उग्रवादियों को समाप्त करना चाहिए पूर्वी सीमांत के उग्रवादी उपद्रव मचाने के फिराक में लगे हैं उन्हें भी रोकने का प्रयास करना चाहिए। इस समाज के महिला प्रतिनिधि कलावती जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव जाति के लोग इस प्रकार के कुक्कृत कार्य नहीं करते जैसा कि बांग्लादेशी मानव कर रहे हैं यह घोर चिंता का विषय है। इस सभा को संबोधित करते हुए आर्य समाज के श्री शरद चंद्र आर्य ने कहा हमारी संस्कृति सर्वो भवंतु सुखी का रहा है और बांग्लादेश में खुलेआम लोकतंत्र की हत्या हो रहा है हिंदुओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकना होगा इसके लिए पूरे विश्व को सनातन विश्व के सनातनी को एक जुटता का परिचय देना होगा। सभा संबोधन की अगली कड़ी में प्रवीण कुमार सिंह पूर्व विधान पार्षद ने कहा 800 वर्षों की गुलामी के बाद भी हमारा धर्म नहीं हटा सकता लेकिन आज आपसी फूट के कारण दुश्मन हावी हो रहे हैं इस पर स्वयं से चिंता करने का विषय है हम संस्था रुपए दुकानों को एक होना पड़ेगा। मानवाधिकार के ठेकेदारों को जागना पड़ेगा आज मानवाधिकार के ठेकेदार क्यों सोया है इस पर चिंता का विषय है। सतीश पांडे ने कहा कि एक रहेंगे तो श्रेष्ठ रहेंगे अपनी आवाज को संयुक्त राष्ट्र तक पहुंचाना होगा। इस प्रकार से वक्ताओं की अगली कड़ी में बहन जाह्नवी गोयल ने जोरदार वक्तव्य देते हुए कहा कि भारत में भी बांग्लादेश की स्थिति जैसी झलक बीच-बीच में दिखाई देता है आज की आवश्यकता है बहनों को हाथ में तलवार पकड़ने की है। इसी कड़ी में वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कृपा प्रसाद सिंह ने कहा बांग्लादेश में गुंडो ने जीता हुआ सरकार को बदल दिया इस पर विश्व को चिंता करना चाहिए दुनिया में 292 करोड़ सनातनी है यूएनओ ने 200 देश का पंचायती करता है सैनिक भेजता है आज यूनो कहां सोया है। इस सभा को संबोधित करते हुए सुषमा सिंह ने कहा की बांग्लादेश में हिंदुओं को पलायन करने की योजना को सफल बनाना चाहता है वहां का सरकार आज हिंदू लड़कियों को लव जिहाद में फसाया जा रहा है आज अगर नरेंद्र मोदी जी नहीं होते तो यहां भी बांग्लादेश का दृश्य दिखाई देता।

## ग्राम स्वराज्य संस्था ने लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला समाज कल्याण लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से लोहरदगा प्रखंड के ग्राम बसरी के राजकीय उच्च विद्यालय,बसरी में छात्राओं के बीच लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए आगामी 10 दिसंबर को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को चाईल्ड लाइन नंबर 1098,112 और 181 घरेलू हिंसा हेल्फ लाइन नंबरों से अवगत कराया गया। साथ ही कम बाल विवाह कहीं हो रहा हो या होने वाला हो तो उस हेल्फ लाइन नंबर में निःशुल्क सेवा पर अपने मानवता का परिचय देते हुए आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि द्रोपदी कुजूर, JSLPS से संध्या देवी, प्रधानाध्यापक अनिल टोप्पो,जिला बाल संरक्षण इकाई से अखिलेश्वर पांडेय, सेविका यसोदा उरांव,मीना उरांव एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र, छात्राएं उपस्थित थी।

## शिक्षा प्रणाली पर जोर, शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित परख के तहत बच्चों को दी गई जानकारी



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बुधवार को आयोजन कर उक्त विषयो पर जानकारी दिया गया। विदित हो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का आयोजन किया गया। इस सर्वेक्षण में कक्षा नवम के 13 भैया बहन ने भाग लिया और इस सर्वेक्षण में कक्षा 9 वीं के दीदी एवं प्रधानाचार्य ने भाग लिया। परख का उद्देश्य, शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए समावेशी और भागीदारी का माहौल बनाना है। इसके लिए,परख के जरिए बच्चों के शैक्षणिक स्तर का विश्लेषण किया जाता है और उनकी जरूरतों के मुताबिक शिक्षा प्रणाली में सुधार किया जाता है। सर्वेक्षण चंचल लता मिंज एवं सहयोगी, प्रीति के नेतृत्व में आयोजन किया गया।

## विधिक सेवा प्राधिकार के तहत आवसीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को दिया गया ज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना प्रांगण में जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंतर्गत लीगल लिटरेसी के रूप में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 12:30 बजे अपराह्न से 1:30 बजे अपराह्न तक किया गया। कार्यक्रम के तहत लोहरदगा जिले के विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नामित अधिवक्ता फुन्नी साहू एवं सहयोगी पैरा लीगल वालंटियर्स पुन्नू देवी द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, नशा मुक्ति, निःशुक्ल वकील मुहैया सम्बन्धी प्रावधान, साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट से सम्बंधित जानकारी दी गई। उक्त विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए जिज्ञासापरक प्रश्नों का समाधान भी बताया गया। साथ ही साथ शिक्षा मंत्रालय के तत्त्वावधान में एन सी ई आर टी द्वारा प्रत्येक तीन साल पर आयोजित होने वाली विद्यालय में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा, जागेश्वर महतो, सीमा कुमारी जायसवाल, प्रफुल्ल लोमगा, निरानंद किशोर, सुजीत कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन ए ई करकेट्टा महोदया द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन रमेश कुमार उपाध्याय द्वारा दिया गया।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए महिलाओं को होना होगा जागरूक : सुशाना लिंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान जो 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक चलने वाली है। बाल विकास परियोजना किस्को के तत्वाधान में प्रखण्ड मुख्यालय के बगल पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से कार्यालय बाल विकास परियोजना किस्को, लोहरदगा से महिला सुपरवाइजर सुशाना लिंडा, सबिहे जन्नत, रोसा बाड़ा, सेविका ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार प्रसार एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन होना चाहिए तथा इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को लागू करने की सामाजिक जिम्मेदारी है। महिलाओं के महानता के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि वह पूरे भारत देश की माता है उनकी सम्मान एवं पूजा होनी चाहिए। साथ ही टोलफ्री नंबर की जानकारी दी गई अंत में मौजूद सभी को सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कराया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (C3) के प्रतिनिधि, CC लोहरदगा के प्रतिनिधि,स्क्र लोहरदगा के प्रतिनिधि, JSLPS के प्रतिनिधि एवं पूर्व मुखिया सुखमणि लकड़ा योगदान रहा।

## शोक संतप्त परिवार से मिले विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बीते दिनो कैरो प्रखंड के पंचायत गजनी निवासी कांग्रेसी कार्यकर्ता स्वर्गीय लोदो उराँव के पुत्र चारो उराँव का आकस्मिक निधन हो गया था जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल शोक संतप्त परिवार से मिलकर ढाँढस बँधाया एवं आर्थिक सहयोग किया और कहा इस दुःख की घड़ी में हमारे माननीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव एवं कांग्रेस परिवार आपके साथ है एवं हरसंभव सहयोग करेंगे। स्वर्गीय चारो उराँव कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही थे उन्होंने पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिये। मौक़े पर युवा ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, युवा ज़िलाउपाध्यक्ष असलम अंसारी, जीता उराँव, विजय भगत, धर्मराज उराँव, कर्मचन्द उराँव, मंगू उराँव, साहेबराम उराँव, रति उराँव, दाहु उराँव, बिजुल उराँव, मनोरंजन उराँव आदि शामिल थे।

## परख का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास करना : प्रधानाचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रव्यापी स्कूली शिक्षा सर्वेक्षण 2024 शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का आयोजन किया गया। इस सर्वेक्षण में कक्षा नवम के 30 एवं कक्षा 6 के 30 भैया बहन ने भाग लिया और इस सर्वेक्षण में कक्षा 6 एवं 9 के आचाय, दीदी एवं प्रधानाचार्य जी ने भाग लिया। परख का उद्देश्य, शिक्षा के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए समावेशी और भागीदारी का माहौल बनाना है। इसके लिए, परख के ज़रिए, बच्चों के शैक्षणिक स्तर का विश्लेषण किया जाता है और उनकी ज़रूरतों के मुताबिक शिक्षा प्रणाली में सुधार किया जाता है। सर्वेक्षण रोहित ठाकुर, जोशिमा उरांव, बरसा भेंगरा के नेतृत्व में किया गया।

## उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ई.एम.आर.एस. कुरडेग सहित सिमडेगा जिला के अन्य प्रखण्डों में कर्णांकित ई.एम.आर.एस. की भूमि में सन्निहित वनभूमि पर अनापत्ति प्रदान करने की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने प्रखंडों में कर्णांकित ई.एम.आर.एस. की भूमि से संबंधित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने वन प्रमंडल विभाग से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में फॉरेस्ट क्लीयरेंस देने हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया। तथा सभी मामलों क्लीयरेंस देने हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कहीं। इसके साथ उपायुक्त महोदय ने शहरी क्षेत्रों अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अपर समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने समादेष्टा कार्यालय, बस स्टैण्ड, क्रिकेट स्टेडियम, कचरा डंपिंग यार्ड सहित अन्य योजनाओं के लिए ससमय भूमि का चयन करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी सिमडेगा -सह- गुमला, अपर समाहर्ता, सिमडेगा सहित अंचलाधिकारी गण उपस्थित थे।

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सीता पुष्पा के मार्गदर्शन के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर के अवसर पर 25. 11.2024 से 10 .12 2024 तक जागरूकता कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में किया जाने के क्रम मे सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित बेसिक उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार,जिला बाल संरक्षण इकाई समाज कल्याण,लोहरदगा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न एक्ट के कानूनी प्रावधानों का संक्षिप्त रूप से जानकारी प्रदान की गई जो निम्न है %- जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित 9वी कक्षा से 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को-जेंडर सेंसटाइजेशन, हेल्पलाइन नंबर 1098, 112 और 181,घरेलू हिंसा अधिनियम 2005,सखी वन स्टॉप सेंटर, पोक्सो कानून, कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम 2013, मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित योजनाएं शक्ति सदन एवं शक्ति निवास की जानकारी,जेंडर इक्वलिटी,कंसेंट,सेफ टच एंड सेफ टच,हेल्दी रिलेशनशिप, वुमन राइट यंग एज हेल्दी रिलेशंस,पॉजिटिव मासक्लिनिटी (सकारात्मक पुरुषत्व),हार्मफुल एस्ट्रो टाइप एंड माचो टाइप जेस्टर इत्यादि।इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत आज बच्चों को मोबाइल की उपयोग के संदर्भ में क्या सावधानी रखी जानी है,जिससे वह कानूनी पंजो से बच सके इस संदर्भ में भी उन्हें बताया गया ।आज कई बच्चे/बच्चियों OFFLINE/ONLINE के तहत पोक्सो एक्ट की शिकार हो रहे हैं कि इस संदर्भ में सावधानी पूर्वक मोबाइल गेम अप एवं अन्य निषेध ऐप से बचाव करने की करने की बात कही गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक रेणू मिश्रा शिक्षिका रंजू साहू एवं चांदनी शाहदेव, शिक्षक नरेश चंद्र महतो,मेराज अंसारी एवं जेएसएलपीएस के जेंडर सीआरपी में पूनम देवी प्रियंका देवी एवं अमृता टोप्पो के अलावे 300 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक, लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए रहेंगे तत्पर : श्रद्धानन्द बेसरा

### जिला में सदस्यता अभियान चलायेगी भाजपा : बबन गुप्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा विधानसभा की बैठक आज जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्मन बड़ाईक ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग और मेहनत से भाजपा को 67000 वोट आया उन मतदाताओं का आभार। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रत्याशी रहे श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नही है जनता के समस्याओं का समाधान दो तरह से होता है एक मतदान से एक आंदोलन से, मतदान में हम हार चुके हैं पर आंदोलन करने के लिए हम स्क्सम हैं जनता के समस्याओं के समाधान के लिए हम हमेशा ततपर रहेंगे कुछ कमियां रही चुनाव में उन कमियों को दूर कर भारतीय जनता पार्टी मजबूती से वापसी करेगी। चुनाव में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने पुरजोर मेहनत की अपेक्षित परिणाम नहीं आया इससे घबराने की आवश्यकता नहीं सभी कार्यकर्ताओं का आभार। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ऊर्जावान हैं उनकी मेहनत कम नही थी पर कुछ जगहों पर चूक हुई है उस पर आगे काम किया जाएगा और संगठन को मजबूत की जायेगी, साथ ही भाजपा द्वारा जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और संगठन को मजबूत बनाया जाएगा।संगठन प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे मन से इस चुनाव में कार्य किये भले ही हम अंकगणित में पीछे रह गए पर हौसला कम नहीं हुआ आमजन की समस्याओं को दूर करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता हमेशा संघर्षशील रहेंगे।

# विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की हुई बैठक, धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान की हुई शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की बुधवार को जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह एवं सह मंत्री सह बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। जहां पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा पिछले दोनों किए गए कार्यक्रम एवं आगामी कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वाक्य चर्चा किया गया जहां पर बताया गया कि आगामी 11 दिसंबर से 15 तक गीता जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर शौर्य दिवस का आयोजन प्रखंड स्तर पर होगा। वही इस दौरान 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान की शुरुआत की गई जहां पर इस अभियान में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा सिमडेगा जिले में भी अभियान चला कर धर्म रक्षा निधि संग्रह का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार पर भी चर्चा किया गया जिस पर निंदा जताते हुए सिमडेगा में भी जल्द बृहत स्तर पर कार्यक्रम करने से संबंधित चर्चा किया गया। तथा बजरंग दल द्वारा प्रत्येक वर्ष होने वाला हुतात्मा दिवस अवसर पर होने वाले रक्तदान शिविर चुनाव की वजह से नहीं हो पाई थी जिसे सिमडेगा में आयोजन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा जिला मंत्री कृष्णा शर्मा ,सह मंत्री सुबोध महतो, प्रचार प्रसार प्रांत टोली सदस्य नारायण दास, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद, नगर अध्यक्ष शंभू प्रसाद, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अंकित केसरी, नगर गौरक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता, विनीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, गुरुवार, 05 दिसंबर 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### डायन-बिसाही के आरोप में महिला को प्रताड़ित करने की घटना पर हो कार्रवाई : मरांडी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में डायन-बिसाही के आरोप में आदिवासी महिला को प्रताड़ित करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है। मरांडी ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि रांची में आदिवासी महिला के ऊपर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित किए जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। रांची पुलिस संबंधित मामले में दोषियों पर विधिसम्मत कारवाई करे और पीड़ित आदिवासी महिला को उचित सहायता प्रदान करे। मरांडी ने मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया है कि वे इस मामले में अधिकारियों को निर्देशित करें कि महिलाओं के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृति दोबारा ना हो। उल्लेखनीय है कि रांची के 50 किलोमीटर दूर चान्हो प्रखंड के चुटियों गांव की आदिवासी महिला मंगरी उरांव को डायन बताकर पिछले चार महीने से प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे मंगरी का पूरा परिवार दहशत में है। पीड़िता ने कहा है कि पूरा गांव गोलबंद होकर उसके पीछे पड़ गया है। घर तोड़ दिया है। पानी की पाइपलाइन और बिजली कनेक्शन भी काट दिया है। इसके बाद वह परिवार संग मायके पतरातू तेतर टोली चली गई। एक महीने वहां रहने के बाद धान काटने के लिए गांव लौटी तो ग्रामीण फिर से परेशान करने लगे। इसके बाद मंगरी ने नरकोपी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। नरकोपी पुलिस मामले को सुलझाने के लिए गांव पहुंची तो ग्रामीणों के विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा। मंगरी ने कहा कि गांव में तीन-चार लोगों की मौत हो गई थी, जिससे गांव वालों को लगा कि डायन-बिसाही के कारण ही ऐसा हो रहा है।

### एकनाथ शिंदे के शपथ लेने पर अभी भी सस्पेंस बरकरार

**मुंबई :** भाजपा नीत एनडीए सरकार के शपथग्रहण कार्यक्रम में शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे के शपथ लेने पर अभी तक सस्पेंस बरकरार है। हालांकि, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और राकांपा एपी अध्यक्ष अजीत पवार ने शपथ लेने को तैयार हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा है कि वे शपथ लेने के बारे में फैसला बाद में करेंगे। राजभवन से सरकार बनाने की मंजूरी मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे मंगलवार को एकनाथ शिंदे से मिलने गए थे। आज बुधवार को भी वर्षा बंगले पर जाकर उनसे चर्चा की। इसलिए कल तीन लोगों का शपथ लेना पक्का है। अन्य मंत्रियों के बारे में विचार किया जा रहा है। इसके विपरीत एकनाथ शिंदे ने कहा कि अभी तक उन्होंने शपथ लेने का फैसला नहीं लिया है। इस संदर्भ में सोच समझकर निर्णय लेंगे। इसी दौरान अजीत पवार ने कहा कि वे तो कल शपथ लेने वाले हैं। इसके बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिवसेना की ओर से एकनाथ शिंदे को कैबिनेट में रहना चाहिए। हमें उनसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद है। बतादें कि एकनाथ शिंदे नई सरकार में उपमुख्यमंत्री के साथ गृहमंत्री पद की भी मांग कर रहे हैं, जबकि भाजपा के भावी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस किसी भी कीमत पर गृहमंत्री अपने पास रखना चाहते हैं। इस विषय पर भाजपा और शिवसेना शिंदे समूह के बीच चर्चा की जा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक इस पर फैसला नहीं हो सका है।

# झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रहेगा: वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हटिया आनंद विहार अप/डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12873/12874 का परिचालन जारी रहेगा।

विदित है कि रेलवे बोर्ड द्वारा 2 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक ठंड में कोहरे का बहाना बनाकर इस ट्रेन को बंद करने का निर्णय लिया गया था।श्री राम ने उक्त संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। सांसद ने कहा था कि इस ट्रेन से सर्वाधिक लाभ पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें पलामू एवं गढवा के लोगों को मिलता है।

देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज हेतु आने जाने के लिए उक्त ट्रेन सर्वोत्तम साधन है। पलामू, गढ़वा, लातेहार (झारखंड) एवं सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। उपरोक्त जिलों के छात्र/छात्राओं,



व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय 38 दिनों के लिए कम करना उचित नहीं है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को पुराने और बेतुके निर्णय की परंपरा को समाप्त करने के लिए ही जाना जाता है। उक्त ट्रेन के परिचालन जारी रहने से यात्रियों को आवागमन सुगम होगी।

सांसद ने इसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

### गायन प्रतियोगिता का फाईनल 8 को

**रांची :** विगत 25 वर्षों की भांति इस वर्ष भी गीता गायन प्रतियोगिता बड़े ही दिव्य एवम भव्य रूप से कराई जा रही है। इस बार 56 विद्यालयों के लगभग 24000 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। इस बार की प्रतियोगिता वर्ष 2026 में गुरुदेव की 75 जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर और 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी के अनुसार कराई जा रही है। इस बार आगमी रविवार 08.12.2024 को फाइनल स्तर की ग्रुप ए बी और सीकी प्रतियोगिता कराई जाएगी जिसमे विधालय स्तर के प्रथम बच्चे भाग ले सकेंगे। निम्नलिखित विद्यालयों में विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता हुई जिसके रिजल्ट इस प्रकार हैं चिन्मय मिशन का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खुशी ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच बांटने की है।

# आम आदमी पार्टी में शामिल हुए बीजेपी के नेता प्रवेश रतन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले ही सियासत गर्म है। नेताओं का एक खेमे से दूसरे खेमे में पाला बदलना भी जारी है। इस बीच बीजेपी नेता प्रवेश रतन बुधवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। प्रवेश रतन ने 2020 का दिल्ली विधानसभा चुनाव टेल नगर आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था। लेकिन वे चुनाव हार गए थे। जाटव समुदाय से ताल्लुक रखने वाले रतन ने आम आदमी पार्टी मुख्यालय में मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में आप की सदस्यता ली। यह कदम आप नेता और पटेल नगर से पूर्व विधायक राज कुमार आनंद के भाजपा में शामिल होने के कुछ महीने बाद उठाया गया है। आनंद ने अप्रैल में दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और आप छोड़ दी थी। बाद में उन्हें दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया था। जुलाई में आनंद आप के एक अन्य विधायक करतार सिंह तंवर के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे।रतन ने 2020 के दिल्ली चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन आनंद ने उन्हें 30,000 से अधिक मतों से हराया था। फरवरी 2025 में होने वाले विधानसभा चुनावों में दोनों नेता अपनी नई पार्टियों के उम्मीदवार के रूप में फिर से एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। रतन ने कहा कि वह आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और जिस तरह से उन्होंने लोगों, खासकर कमजोर वर्गों के लोगों को आप सरकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त सुविधाओं के कारण पैसे बचाने में मदद की, उससे प्रेरित हैं।

# मुख्यमंत्री को भेंट की राजा मेदिनी राय पर आधारित पुस्तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झामुमो पलामू जिलाध्यक्ष के पुत्र अनिकेत सिन्हा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चौथी बार शपथ ग्रहण की बधाई दी। अनिकेत ने मुख्यमंत्री आवास पर हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें राजा मेदिनी राय पर आधारित पुस्तक को भेंट किया।

उन्हें मेदिनी राय के गौरवशाली इतिहास के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री ने सबों से बुके की जगह बुक देने का आग्रह किया है। जिससे वो लाइब्रेरी में रख सकें। अनिकेत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मेदनीराय के विचारों को आत्मसात किया है। मेदिनी राय की जो सोच थी, राजा मेदिनीया घर घर बाजे



मथनिया। इसी सोच पर हेमंत सोरेन जी अपनी जनता की सेवा कर रहे हैं और जनकल्याणकारी नीतियों को लागू कर रहे हैं। युवाओं के सच्चे नेता और आदर्श हैं हेमन्त सोरेन। युवाओं का भरोसा हेमंत जी के साथ है, जो इस चुनाव में दिखा भी। आने वाला वक्त युवाओं का है।

# पर्यावरणविद ने सफल वैवाहिक जीवन की दी शुभकामनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर :** मेदिनीनगर, रांची व पतरातु में जन्म उत्सव व शादी समारोह शामिल होकर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद, ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल व पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पौधरोपण कर नवजात व वर वधु को स्वस्थ व सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी।छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के राधेश्याम प्रसाद की धर्मपत्नी जानकी देवी के पौत्री व गिरीश जायसवाल की धर्मपत्नी दीपावली जायसवाल के पुत्री रितुपर्णा एवं मुंबई के बोरीवली वेस्ट निवासी के सनेहल लक्ष्मी राम



चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा चौधरी के पुत्र की शादी में डॉ कौशल , जिला पार्षद अमित, मुखिया पूनम ने वर-वधु को आशीर्वाद स्वरूप हिमाचल के कपूर पौधा देकर उन्हें चिरंजीवी होने की मंगल कामना की। पार्षद अमित ने अपने भांजा व डॉ कौशल व मुखिया पूनम अपने नाती को रांची कोकर निवासी लालमन जायसवाल की धर्मपत्नी शीला जायसवाल के पौत्र और रोहित जायसवाल धर्मपत्नी ज्योति जायसवाल (शिक्षिका)के पुत्र के जन्मोत्सव पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वे भगवान शिव के समान वृक्ष और ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान पौधा लगाया है। इससे बच्चे और बच्चे के पूरे परिवार को हृदय से शुभकामना देता हूं।मौके पर संस्था के सचिव अरविंद जायसवाल संजुक्ता, जायसवाल, राहुल जायसवाल, आकाश जायसवाल सहित परिवार के कई सदस्य शामिल थे।

### विदेश मंत्री ने भारत-चीन संबंधों से राज्यसभा को कराया अवगत

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा को भारत-चीन संबंधों में हाल के घटनाक्रम और पृष्ठभूमि से अवगत कराया। कल उन्होंने इसी संबंध में लोकसभा में भी अपना वक्तव्य पढ़ा था। विदेश मंत्री ने बताया कि 2020 में चीन की तरफ से एक तरफ की गई कार्रवाई के कारण पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में शांति और अमन-चैन प्रभावित हुआ था। हमारे लगातार राजनयिक प्रयासों के चलते दोनों देशों के संबंधों में कुछ सुधार हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की मुलाकात और उससे जुड़े घटनाक्रम की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर भारत और चीन के बीच में कुछ स्थानों पर समझ का अभाव है। भारत के लिए सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है।

# 16वां प्रकृति अंतरराष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव का आगाज

एजेंसी

**जोधपुर :** शैक्षिक संचार संकाय की ओर से 16वें प्रकृति अंतर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव का पुरस्कार-सह-स्क्रीनिंग जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के ईएमएमआरसी की मेजबानी में आज से 6 दिसम्बर तक जयनरायण व्यास स्मृति भवन टाउन हॉल में आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के राज्यपाल हरिभाउ बागढ़े ने प्रातः 11 बजे किया।फ़िल्म फेस्टिवल में छात्रों और आमजन को जागरूक करने के लिए 13 फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इन फिल्मों का पूर्वावलोकन और चयन प्रतिष्ठित जूरी की एक टीम द्वारा कड़ी प्रक्रिया के बाद किया गया। प्रकृति इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री फिल्म फेस्टिवल के विजेता वृत्तचित्रों को स्क्रीनिंग सर्टिफिकेट और ट्रॉफी के



अलावा 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।सीईसी फिल्म निर्माताओं/फिल्म प्रेमियों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को पर्यावरण, विकास, मानवाधिकार और स्वच्छ भारत (स्वच्छ भारत अभियान) जैसे मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष प्रकृति अंतर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव का आयोजन करता है।पहला प्रकृति महोत्सव 1997 में आयोजित किया गया था। तब से, इसे एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में योजनाबद्ध किया गया है जो फिल्म निर्माताओं, छात्रों, शिक्षाविदों, प्रशासकों, विकास कार्यकर्ताओं और मीडिया को एक साथ आने और वृत्तचित्र फिल्म निर्माण की कलात्मक शैली की सराहना करने के लिए एकत्रित करता है। जागरूकता, प्रशंसा और कार्रवाई को बढ़ावा देते हुए, प्रकृति महोत्सव समानता, नैतिकता, पारिस्थितिकी और स्वच्छता के शैक्षिक पहलुओं पर काम करने वाले लोगों के व्यापक गठबंधन की दिशा में एक कदम है।

# नोएडा आ रहे किसान नेता राकेश टिकैत को पुलिस ने अलीगढ़ के टप्पल में रोका



एजेंसी

**गौतमबुद्ध नगर :** विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों की मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और तेज होता दिख रहा है। पूर्व घोषित महापंचायत में शामिल होने बुधवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा के लिए निकले भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत को पुलिस ने अलीगढ़ जिले के टप्पल में ही रोक लिया गया। पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया है। किसान आंदोलन के मद्देनजर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। राकेश टिकैत ने मीडियाकर्मियों से कहा कि आज शाम तक सरकार ने यदि कोई हल नहीं निकाला तो यह आंदोलन और तेज होगा। किसान आरपार की लड़ाई लड़ेगा। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राकेश टिकैत भागते हुए दिख रहे हैं और उनके पीछे-पीछे पुलिस दौड़ती हुई दिख रही है। इस संबंध में पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि टप्पल में हिरासत में लिए जाने के बाद राकेश टिकैत चकमा देकर भाग गए थे, लेकिन उनको फिर हिरासत में ले लिया गया है। नोएडा ग्रेटर-नोएडा एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण से संबंधित किसानों की मांगों को लेकर पिछले कई दिन से किसान आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच कई दौर की वार्ता भी अधिकारियों के साथ किसान संगठनों की हो चुकी है, जो बेनतीजा साबित हुई है। किसानों ने सोमवार को बड़ी संख्या में दिल्ली की ओर बढ़ने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया था। इसके बाद अधिकारियों और किसान संगठनों में वार्ता हुई, जिसमें किसानों ने प्रशासन को 7 दिन का समय दिया था। किसान संगठनों का कहना था कि यदि 7 दिन के अंदर कोई समाधान नहीं निकला तो किसान एक बार फिर दिल्ली कूच करेंगे। इसके एक दिन बाद मंगलवार को पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलनरत सैकड़ों किसानों को गिरफ्तार कर लुकसर जेल भेज दिया। इसके बाद से किसान और आक्रोशित हो गए हैं।

### हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए राज्यपाल, दी श्रद्धांजलि

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के कांके रोड स्थित आवास पर उनके दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के भूतपूर्व जस्टिस एम. जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। दूसरी ओर, राज्यपाल से एचईसी मजदूर संघ का एक शिष्टमंडल राजभवन में मिला। शिष्टमंडल ने राज्यपाल के समक्ष एचईसी के कार्यों का उल्लेख करते हुए इसके पुनरुद्धार के लिए पहल करने का आग्रह किया। साथ ही शिष्टमंडल ने अवगत कराया कि प्रतिष्ठान के कर्मियों को 20-25 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा राज्यपाल से मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की।

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अब पर्यटक कर सकेंगे चीतों के दीदार, अग्नि और वायु को बाड़े से जंगल में छोड़ा

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लंबे इंतजार के बाद पर्यटक अब चीतों का दीदार कर सकेंगे। बुधवार को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस मनाया गया। इस दौरान बड़े बाढ़े में कैद 24 चीतों में से दो नर चीतों अग्नि और वायु को कूनो प्रबंधन के अधिकारियों ने खुले जंगल में छोड़ा। विशेषज्ञों ने जंगल में उनके विचरण, सुरक्षा, भोजन आदि को लेकर अंतिम चर्चा के बाद यह निर्णय लिया। कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर. थिरुकुराल ने बुधवार शाम को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी चीते पूरी तरह से स्वस्थ हैं। कूनो के बाढ़े में 12 वयस्क और 12 शावक यानी कुल 24 चीते थे, जिनमें से दो को खुले जंगल में रिलीज कर दिया गया है। अब बाढ़े में कुल 22 चीते हैं। इन्हें भी कूनो प्रबंधन के अधिकारी क्रमबद्ध तरीके



से रिलीज करेंगे। खुले जंगल में छोड़े जाने के बाद अब ये चीते रफ्तार में भाग सकेंगे और अपने पसंद के जानवर का शिकार कर अपना पेट भर सकेंगे। चीतों को खुले जंगल में छोड़ने का फैसला स्टीयरिंग कमेटी करती है।सिंह परियोजना के निदेशक एवं क्षेत्र के डीएफओ उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के पारोंद वन क्षेत्र में चीते छोड़े गए हैं। यह क्षेत्र अहेरा पर्यटन क्षेत्र का हिस्सा है। ऐसे में पर्यटकों को सफारी के दौरान चीतों को देखने का अवसर मिल सकता है। उन्होंने बताया कि इससे पहले अग्नि-वायु, गौरव-शौर्य, आशा, वीरा सहित कुल नौ चीतों को जंगल में छोड़ा जा चुका है। पिछले साल जुलाई और अगस्त में कुछ चीतों की मौत व संक्रमण के मामले सामने आने के बाद सभी चीतों को वापस बाड़े में बंद कर दिया था।छह माह पहले पवन व वीरा चीता का जोड़ा जंगल में छोड़ा था। वीरा के मुरैना व ग्वालियर क्षेत्र तक गांव में पशुओं के शिकार करने के बाद वापस बाड़े में ले जाना पड़ा था। पवन की बरसाती नाले में डूबकर मौत हो गई थी, जिसके बाद से ही सभी चीतों बाड़े में ही बंद थे। अग्नि और वायु उम्र में अधिक बड़े और मजबूत चीतों में से हैं, इसलिए पहले इन्हें छोड़ा गया है।गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा चीता परियोजना के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाकर 20 चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाए गए थे। इनमें नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सिंतबर 2022 को अपने जन्म दिन के अवसर पर कूनो के बाड़ों में रिलीज किया था। इसके बाद फरवरी 2023 में 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। इनमें से आठ चीतों की मौत हो चुकी है। वहीं, यहां मादा चीतों द्वारा जन्म दिए गए 12 शावक को विशेषज्ञों की निगरानी में बाड़ों में रखा गया है, जो एक से डेढ़ साल के होने वाले हैं।